CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 31-01-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMFP User: cci Time: 01-30-2026 23:25 Color:

महानगर > मुंबई > शनिवार, 31 जनवरी 2026 > माघ 11, शक 1947, माघ शुक्ल त्रयोदशी, विक्रम 2082

WATCH GOD WATCHDOG

NBT नवभारत टाइम्स

वर्ष 77, संख्या 26 > मूल्य ₹6.00 > पेज 12 > आर. एन. आई. पंजीयन नंबर 1613/57

www.nbt.in

भारत Vs न्यूजीलैंड
5वां T20I
7:00pm से, तिरुअनंतपुरम में स्टार स्पोर्ट्स और जियोहॉटस्टार पर
▶p10

एनबीटी में विज्ञापन देने के लिए 19001205474 पर कॉल करें। नवभारत टाइम्स का अंक प्राप्त करने के लिए 19001200004 पर कॉल करें या subscribe.timesofindia.com पर जाएं।

लोग इमिग्रेशन के कारण डरे हुए हैं: लेडी गागा
▶p9

'मैराथन मेन' जोकोविच और कार्लोस फाइनल में ▶▶पेज 10

HSNC यूनिवर्सिटी के दीक्षांत समारोह में 4,009 स्टूडेंट्स को मिली डिग्री ▶▶पेज 2

वर्ल्ड कप से पहले चाहिए एक और बड़ी जीत ▶▶पेज 10

खबरों के अंदर की बात

NBT Lens
देखें पेज 5, 11

GOOD न्यूज
गुड न्यूज से जुड़ी खास खबरें देखें
पेज-11

अंतर्ज्ञान

शांति बाहर की परिस्थितियों में नहीं मिलती, वह भीतर बनाई जाती है। हर व्यक्ति अपने भीतर एक कारीगर लेकर चलता है, जो विचारों, प्रतिक्रियाओं और भावनाओं को तराशता है। जब यह कारीगर अनजाने में काम करता है, मन अशांत हो जाता है। लेकिन जब वह जागरूकता से काम करता है - शांति जन्म लेती है। हर सुबह कुछ पल खुद को सुनें, भीतर की हलचल को देखें। यह देखने का अभ्यास ही शांति का पहला पत्थर है। शांति एक उपहार नहीं, एक अभ्यास है। भीतर का शिल्पकार जितना कुशल होगा है, जीवन उतना सुंदर बनता है। जब शांति स्थायी हो जाती है, तो बाहरी उथल-पुथल में आपको हिला नहीं पाती।

फटाफट खबरें

4 फरवरी तक CUET-UG का पंजीकरण

CUET- UG 2026 के लिए रजिस्ट्रेशन अब 4 फरवरी तक कर सकेंगे। 7 फरवरी तक ऑनलाइन फीस डेबिट-डेबिट कार्ड, नेट बैंकिंग या UPI से जमा हो सकेगी। अभी तक 10 लाख से ज्यादा आवेदन हो चुके हैं। 11-31 मई के बीच एग्जाम होगा।

दिन में IT का छापा, रात में मृत मिले रॉय

रियल एस्टेट कंपनी 'कॉनकिडेट ग्रुप' के संस्थापक और चेयरमैन सी.जे. रॉय शुक्रवार को अपने ऑफिस में मृत मिले। पुलिस ने कहा कि यह आत्महत्या का मामला हो सकता है। इससे पहले दिन में आयकर विभाग ने उनके परिसरों में छापेमारी की थी।

तिरुमला के प्रसाद में बीफ या चर्बी नहीं

CBI ने तिरुपति लड्डू में मिलावट के मामले में अपनी फाइनल चार्जशीट दाखिल कर दी है। दावा है कि 2019 से 2024 के बीच लड्डू प्रसाद बनाने में बीफ या चर्बी का प्रयोग नहीं हुआ था। TTD चेयरमैन ने शुक्रवार को कहा कि प्रसाद में केमिकल वाला घी था।

पुल से गिरी कार, आग लगने से 3 की मौत

गुजरात के राजकोट जिले में शुक्रवार सुबह एक कार के पुल से गिरने के बाद उसमें आग लगने से तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि यह दुर्घटना मोडल-अटकोट राजमार्ग पर सुबह लगभग साढ़े पांच बजे तब हुई, जब कार छोटा उदयपुर से मोडल की ओर जा रही थी।

सुकमा: 4 माओवादियों ने किया आत्मसमर्पण

छत्तीसगढ़ के सुकमा में 4 नक्सलियों ने हथियारों के साथ सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है। बस्तर क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी ने बताया कि दो महिलाओं सहित सभी माओवादी दक्षिण बस्तर डिवीजन के तहत विस्तारम एरिया कमेटी के सदस्य थे।

सर्राफा

सोना स्टैंडर्ड (99.5 शुद्धता) प्रति 10 ग्राम

मुंबई	165131 (-9,507)

चांदी .999 टच प्रति किलो

मुंबई	339350 (-40,638)

अर्थसार

सेंसेक्स	82,269.78 (-296.5)
निफ्टी	25,320.65 (-98.25)
रुपए vs डॉलर	91.98 (+0.020)
रुपया	109.5417 (-0.401)

मौसम

कोलाबा	31.5	22.8
सांताक्रूज	33.3	22.0
सूर्यास्त शनिवार	6:31 बजे	
सूर्योदय रविवार	7:13 बजे	

NBT नवभारत टाइम्स — सुबह 6 से रात 10 बजे तक मुख्य शहर मुंबई, दिल्ली और राजस्थान जिले के बाकी।

पीरियड में स्वच्छता, ये मौलिक हक़: SC

'स्कूल फ्री सैनिटरी पैड दें, नहीं तो मान्यता रद्द'

Rajesh.Choudhary@timesofindia.com

■ नई दिल्ली: सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को आदेश दिया कि देश के सभी प्राइवेट और सरकारी स्कूलों में लड़कियों को फ्री में सैनिटरी पैड बांटना अनिवार्य होगा। लड़के और लड़कियों के लिए अलग-अलग वॉशरूम बनाने होंगे। जो स्कूल ऐसा नहीं कर पाएंगे, उनकी मान्यता रद्द की जाएगी। कोर्ट ने अपने फैसले में मासिक धर्म स्वास्थ्य (Menstrual Health) को जीवन का अधिकार घोषित किया और कहा, 'पीरियड एक सेंटेंस (वाक्य) को खत्म करने के लिए नहीं, लेकिन लड़कियों की एजुकेशन के लिए है। जस्टिस जेबी पारदीवाला की अगुवाई वाली बेंच ने कहा कि मासिक धर्म स्वच्छता तक पहुंच न होना, न सिर्फ गरिमा और निजता के अधिकार को छीनता है, बल्कि इस वजह से लड़कियां स्कूल छोड़ने या बार-बार अनुपस्थित रहने को मजबूर होती हैं।

कोर्ट ने कहा, मासिक धर्म के दौरान साफ और सुरक्षित साधनों की कमी एक बच्ची की गरिमा को ठेस पहुंचाती है। गरिमा और निजता एक-दूसरे से जुड़े हैं और इन्हें सुरक्षित रखना राज्य की जिम्मेदारी है। संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत जीवन के अधिकार में मासिक धर्म से जुड़ा स्वास्थ्य अधिकार भी शामिल है। कोर्ट ने कहा कि 28 नवंबर 2022 को स्कूलों में किशोरियों को फ्री सैनिटरी पैड उपलब्ध कराने संबंधी याचिका पर केंद्र और राज्यों को नोटिस जारी किया गया था।

> हम हर उस बच्ची तक यह संदेश पहुंचाना चाहते हैं, जो स्कूल में अनुपस्थिति की शिकार बनी, क्योंकि उसके शरीर को बोझ की तरह देखा गया, जबकि इसमें उसकी कोई गलती नहीं है।
> -सुप्रीम कोर्ट

■ केंद्र सरकार की Menstrual Hygiene Policy को पूरे देश में लागू करने की मांग की गई थी।

■ SC ने सोशल वर्कर जया ठाकुर की याचिका पर 10 दिसंबर 2024 को फैसला सुरक्षित रखा था।

बदलना होगा स्कूल और परिवेश

कोर्ट ने कहा कि यह आदेश सिर्फ कानूनी तंत्र के लिए नहीं, बल्कि उन लड़कियों के लिए है, जो मदद मांगने से झिझकती हैं। उन शिक्षकों के लिए, जो मदद करना चाहते हैं लेकिन सामाजिक चुप्पी से बंधे रहते हैं और उन पैरेंट्स के लिए, जो इस विषय पर खामोशी चुन लेते हैं। जब तक स्कूल और उससे जुड़ा पूरा परिवेश पीरियड को टैबू के रूप में देखता रहेगा, तब तक बुनियादी ढांचे से जुड़े ये प्रयास पूरी तरह उपयोग में नहीं आ पाएंगे। बेंच ने कहा कि सभी राज्य और केंद्र शासित प्रदेश यह सुनिश्चित करेंगे कि प्रत्येक विद्यालय में मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन कॉर्नर स्थापित किए जाएं।

टैबू को खत्म करने का संदेश

कोर्ट ने कहा कि इस मुद्दे पर पूरक शिक्षकों और छात्रों को जागरूक करने की जरूरत भी है। अदालत ने चार सवाल तैयार किए, जिनमें यह भी शामिल है कि क्या पैड और शौचालयों की अनुपलब्धता ऐसी प्रणालीगत बाधाएं पैदा करती है, जो किशोरियों को लड़कों के साथ समान शर्तों पर शिक्षा में भाग लेने से रोकती है।

उपमुख्यमंत्री की जिम्मेदारी संभालेंगी सुनेत्रा पवार, आज लेंगी शपथ!

विधायक दल की बैठक शनिवार को, इसके बाद होनी है औपचारिक घोषणा

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई : डीसीएम अजित पवार के निधन के बाद उनकी पत्नी सुनेत्रा पवार का महाराष्ट्र की महायुति सरकार में उपमुख्यमंत्री पद की जिम्मेदारी संभालना लगभग तय है। शनिवार शाम उन्हें पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई जा सकती है। ऐसा हुआ तो वह राज्य की पहली उपमुख्यमंत्री होंगी। इससे पहले NCP (AP) के विधायक दल की बैठक विधानभवन में बुलाई गई है, जिसमें विधायक दल का नेता चुना जाएगा। सुनेत्रा पवार का नाम इसके लिए तय माना जा रहा है।

NCP (AP) के महाराष्ट्र अध्यक्ष व सांसद सुनील तटकरे ने कहा कि शनिवार दोपहर 2 बजे यह बैठक है। इसमें सभी विधायक रहेंगे। बैठक में सुनेत्रा पवार से चर्चा करेंगे और आगे की रणनीति पर फैसला करेंगे। उसके बाद DCM पद के लिए नाम CM को भेजा जाएगा। हमें उम्मीद है कि सुनेत्रा पवार कल बैठक में शामिल होंगी।

NCP (AP) के वरिष्ठ नेता व कैबिनेट मंत्री छगन भुजबल ने कहा, 'कई नेताओं का मानना है कि यह जिम्मेदारी सुनेत्रा पवार को दी जानी चाहिए। इसमें मुझे कुछ गलत नहीं लगता। अंतिम फैसला बैठक में होगा। बैठक में सर्वसम्मति बनते ही उसी दिन शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किए जाने की संभावना है। इस मुद्दे पर हुई बैठकों में पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रफुल्ल पटेल, सुनील तटकरे, धनंजय मुंडे भी शामिल थे। हालांकि, दुख और शोक की स्थिति व कुछ तकनीकी अड़चनों के कारण औपचारिक घोषणा नहीं की गई है। इस प्रक्रिया पर सुनील तटकरे और प्रफुल्ल पटेल नजर बनाए हुए हैं।

बैठक के बाद पत्रकारों से बात करते NCP (AP) प्रदेश अध्यक्ष सुनील तटकरे।

दोनों NCP के विलय पर यह बोले पार्टी नेता

दोनों NCP पार्टियों के विलय की चर्चा पर पार्टी नेता एकनाथ खडसे ने कहा कि अजित पवार और शरद पवार के बीच विलय की बातचीत अंतिम दौर में पहुंच गई थी, इसलिए तो पुणे और पिंपरी-चिंचवड महानगरपालिका चुनाव दोनों ने गठबंधन कर लड़ा था। अजित की इच्छा थी कि विलय किया जाए। शरद पवार की पार्टी एनसीपी के नेता राजेश टोपे ने भी इसकी पुष्टि की। उनका कहना है कि दोनों एनसीपी के विलय को लेकर जो बात सामने आ रही है, वह सही है। उन्होंने बताया कि उनकी बैठक हुई थी और एक होने की बात चल रही थी। अगर उसी के दौरान अजित दादा का प्लेन दुर्घटनाग्रस्त हो जाता है, तो यह गंभीर मामला है।

विमान हादसे की सीआईडी जांच

अजित पवार के विमान हादसे की जांच सीआईडी ने शुरू कर दी है। एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक, राज्य पुलिस ने बारामती में 28 जनवरी को हुए विमान हादसे के बाद दर्ज एक्सीडेंटल मौत के मामले में इस जांच के आदेश जारी किए। सीआईडी की टीम ने काम शुरू कर दिया है। वे पुणे ग्रामीण पुलिस से संबंधित दस्तावेज इकट्ठा करेंगे। टीम हवाई पट्टी के पास दुर्घटनास्थल का भी दौरा करेगी। जांच में यह भी पता लगाया जाएगा कि यात्रा शुरू करने से पहले प्लेन के साथ कोई छेड़छाड़ तो नहीं हुई। विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (AAIB) ने भी जांच कर रहा है। दिल्ली से तीन अधिकारियों की टीम और डीजीसीए, मुंबई रीजनल ऑफिस से तीन अधिकारियों की टीम दुर्घटनास्थल गई थी। ब्लैक बॉक्स का डेटा आना अभी बाकी है।

NCP जो भी फैसला लेगी, हम साथ : फडणवीस

नागपुर में पत्रकारों से बात करते हुए सीएम देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि एनसीपी जो भी निर्णय लेगी, उसे हमारा पूरा समर्थन है। हम उसके निर्णय के साथ खड़े हैं। चाहे वह अजित पवार जी का परिवार हो, या एनसीपी हो, हम सरकार के रूप में और बीजेपी के रूप में उनके साथ हैं। इससे पहले, शुक्रवार को पार्टी के नेता प्रफुल्ल पटेल, प्रदेश अध्यक्ष व सांसद सुनील तटकरे, कैबिनेट मंत्री छगन भुजबल, पार्टी नेता धनंजय मुंडे ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से मुलाकात की थी। इनके बीच करीब डेढ़ घंटे बैठक हुई। बैठक में मुख्यमंत्री फडणवीस को जानकारी दी गई कि एनसीपी (एपी) विधानमंडल का नेता सुनेत्रा पवार को बनाया जा रहा है। विधानसभा में पार्टी के 41 विधायक हैं।

NCP (AP) के सीनियर नेताओं से भी हुई बातचीत

स्टूडेंट्स को रोमांटिक मेसेज मामले में टीचर की बर्खास्तगी बरकरार

Krishna.Shukla@Timesofindia.com

AI Image

■ मुंबई: बॉम्बे हाईकोर्ट ने बारामती पर स्कूली छात्राओं को रोमांटिक मेसेज भेजने के मामले में एक प्रोबेशनरी असिस्टेंट टीचर की बर्खास्तगी के आदेश को बरकरार रखा है। कोर्ट ने टीचर की स्कूल ट्रिब्यूनल के फैसले के खिलाफ दायर अपील को खारिज कर यह फैसला सुनाया है।

कोर्ट ने कहा कि जिस तरह टीचर का अनुचित आचरण उजागर हुआ है, वह स्कूल प्रबंधन को बर्खास्तगी का फैसले लेने का अधिकार देता है। इस तरह के मामले में स्कूल प्रबंधन का नीरो टॉलरेंस का दृष्टिकोण पूरी तरह से न्यायसंगत है। जस्टिस सोमशेखर सुंदरेशन ने कहा कि शिक्षक ने जिस प्रकार का व्यवहार किया है, वह स्कूल प्रबंधन को अस्तुष्ट होने का आधार देता है। मामले से जुड़े शिक्षक की 29 फरवरी 2020 को रायगढ़ जिले के एक स्कूल में प्रोबेशन पर तीन साल के लिए सहायक शिक्षक के रूप में नियुक्ति हुई थी। दिसंबर 2022 में स्कूल को शिक्षक द्वारा कुछ छात्राओं को भेजे गए संदेश के बारे में जानकारी मिली थी। हालांकि शिक्षक ने अपने व्यवहार को लेकर लिखित में माफी मांगी थी। लेकिन अभिभावक इससे संतुष्ट नहीं थे। इस बीच शिक्षक को नौकरी से निकाल दिया गया था।

बॉम्बे हाई कोर्ट ने खारिज की टीचर की अपील

स्कूल प्रबंधन की ज़ीरो टॉलरेंस पॉलिसी

टीचर की ओर से पैरवी कर रहे वकील ने कहा कि अपीलकर्ता को जब नोटिस दी गई तो उनकी प्रोबेशन की अवधि पूरी हो गई थी, इसलिए उनके साथ स्थायी कर्मचारी की तरह कार्य किया जाना चाहिए। याचिकाकर्ता को अपनी बात रखने का अवसर दिया जाना चाहिए था। इस पर जस्टिस सोमशेखर ने कहा कि भविष्य की परेशानियों से बचने के लिए इस तरह के मामले में स्कूल प्रबंधन को जीरो टॉलरेंस पॉलिसी अपनाने का अधिकार है। प्रबंधन के पास शिक्षक को एक महीने की नोटिस और वेतन देकर प्रोबेशन अवधि को खत्म करने का हक था।

इंवेस्टर्स को झटका, रेकॉर्ड ऊंचाई से गिरे सोना-चांदी

भारी गिरावट के डर से आनन-फानन में बिकवाली

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई

AI Image

मुनाफा वसूली के चलते शुक्रवार को MCX पर चांदी की कीमत रेकॉर्ड ऊंचाई से 80,000 गिर गई और सोना 25,000 रुपये नीचे आता देख निवेशकों में भगदड़ मच गई। घरेलू निवेशकों ने आगे भारी गिरावट के डर से आनन-फानन में बिकवाली की।

सोना-चांदी ETF में 24% तक की गिरावट

इंडियन स्टॉक एक्सचेंज पर लिस्टेड गोल्ड और सिल्वर ETF में 24% तक की गिरावट आई। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स असोसिएशन (IBJA) के अनुसार एक किलो चांदी की कीमत 22,825 टूटकर 3,57,163 रुपये किलो और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का भाव 6,865 टूटकर 1,68,475 रुपये पर आ गया है।

गुरुवार रात ही खबर आ गई थी कि अमेरिकी में सोना-चांदी टूटे हैं और इसका असर शुक्रवार को भारतीय बाजारों में देखने को मिलेगा। सोने और चांदी में बड़ी गिरावट की कई वजह हैं, जिसमें डॉलर का मजबूत होना और अमेरिकी फेड द्वारा ब्याज दरों में जनवरी में कमी न करना प्रमुख है।

खरीदारी का मौका है या तेजी का अंत?

यह गिरावट खरीदारी का मौका है या तेजी के दौर का अंत, इस पर एक्सपर्ट की राय बंटी हुई है। जानकारों का कहना है कि बाजार में उतार-चढ़ाव मैक्रोइकॉनॉमिक अनिश्चितता, लिक्विडिटी में बदलाव और निवेशकों की पोजिशनिंग से जुड़ा होता है। शॉर्ट टर्म गिरावट जरूरी नहीं कि मजबूत बुनियादी कारणों को कमजोर करे।

शेयर मार्केट में भी तेजी पर लगा ब्रेक

शुक्रवार को स्थानीय शेयर बाजार में पिछले 3 दिनों से चल रही तेजी आखिर थम गई। सेंसेक्स 296.59 अंक गिरकर 82,269.78 पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 98.25 अंक टूटकर 25,320.65 पर पहुंच गया। कारोबारी सत्र के दौरान सेंसेक्स में 625 अंक तक की गिरावट दर्ज की गई।

92 के आंकड़े को छूकर लौटा रुपया

रुपया शुक्रवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 92.02 के रिकॉर्ड निचले स्तर को छूने के बाद कारोबार के अंत में मामूली बढ़त लिए 91.89 पर बंद हो गया। डॉलर की मजबूती और अस्थिर जियोपॉलिटिकल संकेतों के बीच रुपये में यह मामूली सुधार देखने को मिला है।

MBMC, KDMC, UMC में मेयर कैंडिडेट के नामांकन

■ NBT टीम, एमएमआर: मुंबई से सटी मनपाओं में महापौर व उपमहापौर बनाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। मीरा-भाईंदर में बीजेपी ने महापौर पद के लिए दिंपल मेहता व उपमहापौर के लिए श्रुवकिशोर पाटील के नाम पर मुहर लगा दी है। इन नामों का जिक्र NBT ने पिछले दिनों ही किया था। शुक्रवार को दोनों पदों के लिए उक्त उम्मीदवारों ने नामांकन भरे।

कहीं BJP, तो कहीं शिंदे सेना का होगा महापौर

कल्याण-डोंबिवली मनपा में महापौर पद के लिए शिंदे सेना की ओर से ऐड. हर्षाली श्वाविल चौधरी व उपमहापौर पद के लिए BJP के राहुल दामले ने नामांकन भरा है। यहां नामांकन के अंतिम दिन दोनों ही पदों के लिए सिर्फ एक-एक नामांकन दाखिल हुआ। ऐसे में 3 फरवरी को होने वाली विशेष महासभा में चुनाव प्रक्रिया औपचारिकता मात्र रह जाएगी। यहां शिवसेना (UBT) ने उन 4 पार्षदों की सदस्यता रद्द करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है, जिन्होंने महायुति का साथ दिया।

KDMC के पैटर्न पर ही उल्हासनगर मनपा में भी शिवसेना (शिंदे गुट) की ओर से अश्विनी कमलेश निकम ने महापौर पद के लिए, जबकि BJP की ओर से अमर लुंड ने उपमहापौर पद के लिए नामांकन दाखिल किया। यहां भी किसी अन्य द्वारा नामांकन नहीं भरे जाने से 3 फरवरी की विशेष महासभा औपचारिकता भर होगी। ▶▶पेज 6

ठाणे में सवा-सवा साल का कार्यकाल

NBT न्यूज, ठाणे : ठाणे मनपा में शिंदे सेना व BJP के बीच नए फॉर्मूले पर बात बनी है। यहां महापौर व उपमहापौर का कार्यकाल सवा-सवा साल का होगा। इस तरह 5 वर्षों में ठाणे मनपा में 4-4 महापौर व उपमहापौर होंगे। शुक्रवार को शिवसेना की शामिल पिंडोलकर ने महापौर व BJP के कृष्णा पाटील ने उप महापौर के लिए नामांकन भरा। ▶▶पेज 6

अकोला : BJP के मेयर और डिप्टी मेयर बने

पैटी.अहं. नागपुर : अकोला महानगरपालिका में शुक्रवार को बीजेपी की शारदा खेडकर व अमोल गोगे क्रमशः नए महापौर और उप महापौर चुने गए। अकोला नगर आयुक्त सुनील लहाने ने बताया, अकोला शहर सुधार आघाडी के पार्षदों ने खेडकर को महापौर और गोगे को उप महापौर चुना है।

मौसम ने ली करवट : मुंबई में चढ़ा पारा, लोगों को छूटने लगा पसीना

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई : महानगर के तापमान में एकाएक वृद्धि हुई है। न्यूनतम तापमान में 4 डिग्री वृद्धि एक दिन में दर्ज की गई है, जबकि अधिकतम तापमान में भी 2 डिग्री का इजाफा हुआ है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार रविवार तक मुंबई में गर्मी और उमस बरकरार रहेगी।

एक के बाद एक वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के चलते उत्तर से आने वाली हवाएं रुक जा रही हैं, जिसके चलते तापमान में गिरावट नहीं हो पा रही है। मुंबई के तापमान में सप्ताह की शुरुआत में न्यूनतम तापमान 16 डिग्री सेल्सियस तक आ गया था। गुरुवार की रात मुंबई का न्यूनतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 33.4 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया।

एक दिन में 4 डिग्री बढ़ा महानगर का न्यूनतम तापमान

रविवार तक मुंबई में गर्मी और उमस बरकरार रहने की उम्मीद

वेस्टर्न डिस्टर्बेंस से प्रभावित होती है हवा

मौसम विशेषज्ञ राजेश कपाडिया ने बताया, उत्तर से वेस्टर्न डिस्टर्बेंस आकर जाने के बाद ठंडी हवाओं का प्रवाह दक्षिण यानी मुंबई की ओर शुरू हो जाता है, जिसके चलते तापमान में गिरावट होती है, लेकिन जब लगातार वेस्टर्न डिस्टर्बेंस आती है तो हवा का प्रवाह प्रभावित होता है। मौसम विशेषज्ञ ऋषिकेश आबे ने कहा, वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के चलते नमी बढ़ी है। फिलहाल तापमान में कोई खास गिरावट होने की संभावना नहीं है।

1 फरवरी को आम बजट चुनिंदा छात्र लोकसभा गैलरी से केंद्रीय बजट की लाइव प्रस्तुति देखने के लिए पहुंच रहे हैं।

कल बजट पेश होने के बाद देशभर से आए कॉलेज स्टूडेंट्स से चर्चा करेंगी वित्त मंत्री

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 1 फरवरी को आम बजट पेश करने के बाद देश के विभिन्न क्षेत्रों से आए करीब 30 कॉलेज स्टूडेंट्स से विशेष रूप से बातचीत करेंगी। ये छात्र लोकसभा गैलरी से केंद्रीय बजट की लाइव प्रस्तुति भी देखेंगे। वित्त मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि ये छात्र कॉमर्स, अर्थशास्त्र, चिकित्सा शिक्षा और विभिन्न राज्यों से व्यावसायिक पाठ्यक्रमों सहित विविध शैक्षणिक पाठ्यक्रमों से हैं। छात्र वित्त मंत्रालय का भी दौरा करेंगे। वहां वे विभिन्न वरिष्ठ अधिकारियों के साथ संवाद करेंगे ताकि मंत्रालय की कार्यप्रणाली, नीति निर्माण प्रक्रिया तथा राष्ट्र निर्माण में संस्थाओं की भूमिका को समझ सकें।

अर्थव्यवस्था में जागरूकता के लिए पहल

वित्त मंत्री शाम में छात्रों के साथ संवाद करेंगी और बजट की प्राथमिकताओं, भारत के भविष्य के लिए उसके दृष्टिकोण और युवाओं पर उसके प्रभावों पर चर्चा करेंगी। मंत्रालय ने कहा कि यह कदम छात्रों के बीच वित्त, अर्थव्यवस्था, शासन और लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए उठाया गया है।

रेकॉर्ड 9वीं बार बजट पेश करेंगी निर्मला

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 1 फरवरी को रेकॉर्ड 9वीं बार केंद्रीय बजट पेश करेंगी। यह बजट संसद में सुबह 11 बजे पेश किया जाएगा। सैलरीड क्लास टैक्स में राहत और इंडस्ट्री सेक्टरों में राहत की उम्मीद कर रहा है। आम आदमी तक बजट यूनियन बजट मोबाइल ऐप' से हिंदी और अंग्रेजी में उपलब्ध होगा।

स्टीव स्मिथ ने बिग बैश लीग में अच्छा प्रदर्शन किया है। हालांकि, ट्रेविस हेड और मिचेल मार्श में से किसी एक को ओपनिंग से बाहर करना मुश्किल है। किसी एक खिलाड़ी की इंजरी स्मिथ लिए टी20 वर्ल्ड कप टीम में जग बना सकती है। - रिकी पोंटिंग, पूर्व क्रिकेट कप्तान, ऑस्ट्रेलिया

224

रन बनाए थे केएल राहुल ने साल 2019 टी20I सीरीज में न्यूजीलैंड के खिलाफ। यह न्यूजीलैंड और भारत के बीच हुई किसी एक टी20I सीरीज में सर्वाधिक रन का रेकॉर्ड है

स्पोर्ट्स QUIZ

इस पेज पर छपी खबरों में ही इन सवालों का जवाब है।

1. मनप्रीत सिंह ने भारतीय सीनियर मेंस हॉकी टीम के लिए कितने इंटरनैशनल मैच खेले हैं?
A) 412 B) 411
C) 420 D) 400

2. सिबोरा लाड किस टीम से रणजी ट्रॉफी मैच खेलते हैं?
A) दिल्ली B) महाराष्ट्र C) गुजरात D) मुंबई

कल के जवाब
1. C) 31 2. B) सौफी मोलिनी 3. A) किस्मागेन हैदराबाद

लकी WINNERS

1 विनोद कुमार जैन, ठाणे, मुंबई

2 चेतांशी, रमेश नगर, दिल्ली

3 विराट गुर्जर, भजनपुरा, दिल्ली

4 रागु सूर्य, लखनऊ, उप्र.

5 सुभाष शर्मा, गुरुग्राम, हरियाणा

आप अपने जवाब हमें 9319282367 पर अपने नाम, तस्वीर और शहर/गांव के नाम के साथ वॉट्सऐप करें। एक 'लकी विनर' का नाम और तस्वीर हम कल के अंक में छापेंगे। दो अन्य विजेताओं के नाम भी प्रकाशित होंगे।

फटाफट खबरें

देविका की बड़ी जीत

■ **वैंकॉक:** भारत की देविका सिहाग ने थाईलैंड मास्टर्स सुपर-300 बैडमिंटन टूर्नामेंट में शीर्ष वरीय सुपानिडा काटेथोंग को हराकर उलटफेर करते हुए महिला सिंगल्स के सेमीफाइनल में जगह बना ली। भारत की 20 वर्षीय खिलाड़ी ने क्वॉर्टरफाइनल में सुपानिडा पर 21-19, 21-18 की जीत हासिल की।

उषा के पति का निधन

■ **कोट्टियम:** भारतीय ओलिंपिक संघ (IOA) की अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद पीटी उषा के पति वी श्रीनिवासन का शुक्रवार तड़के निधन हो गया। वह 67 वर्ष के थे। पीएम नरेन्द्र मोदी ने श्रीनिवासन के निधन पर शोक व्यक्त किया है। पीएम ने उषा से फोन पर बात कर अपनी संवेदना व्यक्त की।

वीर क्वॉर्टर फाइनल में

■ **नई दिल्ली:** भारत के वीर चौटरानी ने पांच गेम के रोमांचक मुकाबले में फ्रांस के विश्व में 19वें नंबर के खिलाड़ी बैपटिस्ट मासोटो को हराकर वॉशिंगटन में चल रहे स्वॉर्ड ऑन फायर ओपन के क्वॉर्टर फाइनल में जगह बनाई।

वाइट बॉल प्लेयर संजू सैमसन

आज फिर से जीत की पटरी पर लौटना चाहेगी टीम इंडिया

वर्ल्ड कप से पहले चाहिए एक और बड़ी जीत

40 रन बनाए हैं सीरीज के पहले चार मैचों में संजू सैमसन ने

33 रन और चाहिए भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव को टी20I में 3000 रन पूरे करने के लिए। वह इस फॉर्मेट में 3 हजार रन बनाने वाले दुनिया के 12वें बल्लेबाज बनेंगे

2 विकेट दूर हैं न्यूजीलैंड के स्पिनर ईश सोढ़ी न्यूजीलैंड का सबसे सफल टी20I गेंदबाज बनने से। अभी टिम साउदी 164 विकेट के साथ सबसे आगे है

भारत Vs न्यूजीलैंड
टी20I सीरीज, पांचवां मैच

आमने-सामने

भारत	न्यूजीलैंड
17	11

कुल मैच 29 — टाई 1

टेलिकास्ट: शाम 7 बजे से स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क और जियोहॉटस्टार पर

संभावित प्लेइंग XI

भारत: अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), ईशान किशन, सूर्यकुमार यादव (कप्तान), हार्दिक पांड्या, रिंकू सिंह, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमरा, वरुण चक्रवर्ती

न्यूजीलैंड: टिम सीफर्ट, डेवोन कॉन्वे (विकेटकीपर), रचिन रविंद्र, डैरिल मिचेल, ग्लेन फिलिप्स, मार्क चैपमैन, मिचेल सैंटनर (कप्तान), जेम्स नीशम, ईश सोढ़ी, काइल जेमीसन, जैकब डफी

पिच व मौसम

तिरुवनंतपुरम के ग्रीनफील्ड इंटरनैशनल स्टेडियम की पिच बल्लेबाजी और गेंदबाजी के बीच संतुलनकारी है, हालांकि खेल आगे बढ़ने पर विकेट धीमा हो जाता है। यहां खेले गए चार टी20I मैचों में भारत ने तीन जीते हैं। मैच के दौरान मौसम साफ रहने की उम्मीद है।

■ **एजेंसियां, तिरुवनंतपुरम:** टी20 वर्ल्ड कप के खिताब की प्रबल दावेदार टीम इंडिया टूर्नामेंट से पहले आज न्यूजीलैंड के खिलाफ पांचवें और अंतिम टी20 इंटरनैशनल मैच में उतरेगी तो इसका लक्ष्य होगा कि वह सीरीज में 4-1 के स्कोर के साथ वर्ल्ड कप में बड़ा आत्मविश्वास लेकर उतरे। भारतीय टीम ने पहले तीनों मैच जीतकर सीरीज तो पहले ही कब्जे में कर लिया था, लेकिन चौथे मैच में मिली 50 रन की हार से वह सचेत जरूर हुई होगी। सूर्यकुमार यादव की अगुआई वाली टीम पिछले गलतियों को दोहराने से बचने का भी पूरा प्रयास करेगी। भारत को यह भी उम्मीद रहेगी कि बड़ी पारी खेलने में लगातार असफल रह रहे संजू सैमसन यहां अपने घरेलू दर्शकों के सामने फॉर्म में वापसी करने में कामयाब रहें। जबकि स्पिन बोलिंग ऑलराउंडर अक्षर पटेल अगर फिटनेस हासिल कर खेल पाए तो उससे भी टीम को मजबूती हासिल होगी।

संजू की फॉर्म चिंता का सबब: बैटिंग में शायद ज्यादा बदलाव न हों, लेकिन टीम मैनेजमेंट संजू पर नजर रखेगा। अपनी निर्भीक बल्लेबाजी के लिए मशहूर सैमसन इस सीरीज में रन बनाने के लिए जूझ रहे हैं। उनकी फॉर्म के बजाय उनकी तकनीकी कमजोरी चिंता का विषय है, जिससे उनका आत्मविश्वास भी डगमगा गया है। संजू के पास 7 फरवरी से शुरू होने वाले वर्ल्ड कप से पहले एक बड़ी पारी खेलने का यह आखिरी मौका होगा। ईशान किशन के रूप में भारतीय टीम के पास सैमसन का मजबूत विकल्प मौजूद है। उन्होंने इस सीरीज में शानदार प्रदर्शन किया है, लेकिन इस विकेटकीपर बल्लेबाज को 'अस्तर' चोट के कारण पिछले मैच से बाहर बैठना पड़ा था।

कीवी चाहेंगे सम्मानजनक अंत: दूसरी ओर, न्यूजीलैंड की टीम सीरीज का स्कोर 3-2 कर सम्मानजनक अंत चाहेगी। उसकी टीम पहले तीन मैचों में भारत के आक्रामक रवैये के सामने बेबस नजर आई, लेकिन विशाखापत्तनम में उन्होंने भारत के प्रमुख बल्लेबाजों पर अंकुश लगाने में कामयाबी हासिल की। अभिषेक शर्मा और सूर्यकुमार यादव को आउट करने के बाद न्यूजीलैंड के गेंदबाज शिवम दुबे की तूफानी बल्लेबाजी के बावजूद बाकी बल्लेबाजों को रोकने में सफल रहे।

अक्षर करेंगे वापसी!

ऑलराउंडर अक्षर में पहले टी20 मैच में उंगली में चोट लगने के बाद से नहीं खेले हैं। बाएं हाथ के इस स्पिनर ने चौथे मैच से पहले नेट पर बोलिंग की थी। भारत टी20 वर्ल्ड कप में अपना पहला मैच 7 फरवरी को खेलेगा और वह उससे पहले जीत हासिल करना चाहेगा। देखा जाए तो भारत इस मैच को औपचारिकता नहीं मानेगा। न्यूजीलैंड के खिलाफ 4-1 की शानदार जीत से शैली, तकत और महाई से भरपूर टीम का आत्मविश्वास और भी बढ़ेगा।

पांच बोलर्स का प्रयोग

भारतीय टीम मैनेजमेंट ने चौथे टी20 मैच में पांच स्पेशलिस्ट बोलर्स से ही बोलिंग करवाई। ऑलराउंडर हार्दिक पड्या और शिवम दुबे को गेंद नहीं दी। भारत के लिए यह प्रयोग अनुकूल नहीं रहा। लक्ष्य का पीछा करने के दौरान एक स्पेशलिस्ट बैटर की कमी भी महसूस की गई। ऐसे में उम्मीद की जानी चाहिए कि अंतिम मैच में भारत ऐसे किसी प्रयोग से बचेगा। जैसा कि सीरीज के पिछले मैचों में देखा गया, भारत अगर बोलिंग डिपार्टमेंट में फिर फेरबदल कर सकता है। मिस्ट्री स्पिनर वरुण चक्रवर्ती को मौका मिलना संभव है।

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

'मैराथन मेन' जोकोविच, कार्लोस फाइनल में

पिछली पांच मिनट में मैं सिनर को नहीं हरा पाया था। (मुस्कराते हुए) शायद उनको मेरा फोन नंबर मिल गया था। इसलिए मुझे आज अपना नंबर बदलना पड़ा। पर, ईमानदारी से कहूं तो सिनर एक समय पूरी तरह काबू में थे। इस जीत के लिए मुझे कड़ी मेहनत करनी पड़ी। - जोकोविच

11 वीं बार ऑस्ट्रेलियन ओपन मेंस सिंगल्स फाइनल में पहुंचे नोवाक जोकोविच। उन्होंने टूर्नामेंट का सिंगल्स खिताब 10 बार जीता है

■ **एजेंसियां, मेलबर्न:** यहां मेलबर्न पार्क में शुक्रवार का दिन टेनिस इतिहास के सबसे रोमांचक दिनों में से एक रहा। **वर्ल्ड नंबर-1 कार्लोस अल्काराज और 24 बार के ग्रैंडस्लैम विजेता नोवाक जोकोविच ने अपने-अपने मेलबर्न मेंसीफाइनल नोजकर ऑस्ट्रेलियन ओपन 2026 के मेंस सिंगल्स फाइनल में जगह बनाई। दोनों ही खिलाड़ियों ने पांच-पांच सेट के कड़े संघर्ष के बाद जीत दर्ज की।**

सबसे लंबा सेमीफाइनल: दिन का पहला सेमीफाइनल अल्काराज और वर्ल्ड नंबर-3 अलेक्जेंडर ज्वेरेव के बीच हुआ। पांच घंटे 27 मिनट तक चला यह मैच ऑस्ट्रेलियन ओपन के इतिहास का सबसे लंबा सेमीफाइनल बन गया। उतार-चढ़ाव से भरा यह मैच अल्काराज ने 6-4, 7-6, 6-7, 6-7, 7-5 से जीता। एक समय ज्वेरेव पांचवें सेट में 5-4 से आगे थे और मैच के लिए सर्व कर रहे थे, लेकिन अल्काराज ने पहली बार ऑस्ट्रेलियन ओपन के फाइनल में जगह बनाई। बाईस साल की उम्र में अल्काराज 'करियर ग्रैंडस्लैम' पूरा करने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बनने की दहलीज पर हैं।

सिनर का विजय रथ रुका: जोकोविच और सिनर का मैच देर से शुरू हुआ, जो रात करीब 1:30 बजे खत्म हुआ। शुरुआती सेट गंवाने के बाद जोकोविच ने शानदार वापसी करते हुए पिछले विजेता सिनर के विजय रथ को रोका। जोकोविच ने चार घंटे नौ मिनट चक चले मैच में सिनर को 3-6, 6-3, 4-6, 6-4, 6-4 से मात दी। जोकोविच इससे पहले 10 बार ऑस्ट्रेलियन ओपन के फाइनल में पहुंचे हैं और उन्होंने हर बार खिताब जीता है। सदी को होने वाले फाइनल में पहुंचे हैं और उन्होंने हर बार खिताब जीता है। सदी को होने वाले फाइनल में टेनिस जगत की दो पीढ़ियां आपस में टकराएंगी।

विमिंस सिंगल्स फाइनल आज

एलेना रिबाकिना	प्लेयर	आरिना सबालेंका
कजाखस्तान	देश	बेलारूस
5	रैंकिंग्स	1
26	उम्र	27
6'0	हाइट	5'11
11	सिंगल्स टाइटल	22
6	आपसी मैच में जीत	8

टेलिकास्ट: दोपहर 2:00 बजे से सोनीलिव और सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क पर

रिबाकिना — सबालेंका

अभिषेक को दबाव में रखना होगा हमें: हेनरी

■ **एजेंसियां, तिरुवनंतपुरम:** अभिषेक शर्मा भले ही दुनिया भर के पेसर्स के लिए बुरे सपने की तरह हों, लेकिन न्यूजीलैंड के फास्ट बोलर मैट हेनरी के पास इस भारतीय बोलर के लिए एक सरल रणनीति है, लगातार सटीक बोलिंग करके उन्हें दबाव में रखना। विशाखापत्तनम में चौथे टी20I मैच में हेनरी ने अभिषेक को गोल्डन डक कर दिया था, जिससे कीवी टीम को यह मैच 50 रन से जीतने में मदद मिली थी। हेनरी ने यहां पांचवें मैच की पूर्व संध्या पर कहा, 'पिछले दो वर्षों से वह शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं और न सिर्फ इंटरनैशनल क्रिकेट में बल्कि IPL में भी बोलिंग अटैक का डटकर सामना कर रहे हैं। मुझे लगता है कि हम उन पर किस तरह से दबाव बनाते हैं यह हमारे लिए सबसे महत्वपूर्ण है।'

प्रेस कॉन्फ्रेंस से

कीवी पेसर मैट हेनरी

उधर, भारतीय टीम के बैटिंग सिलाहु कोच ने स्वीकार किया कि संजू सैमसन खराब दौर से गुजर रहे हैं, लेकिन उन्हें इस बैटर की काबिलियत पर कोई शक नहीं है।

लाड की सेंचुरी, मुंबई मज़बूत

■ **एजेंसियां, मुंबई:** संकटमोचक सिद्धेश लाड की शानदार सेंचुरी की बदौलत मुंबई ने दिल्ली के खिलाफ रणजी ट्रॉफी ग्रुप-डी के आखिरी लीग मुकाबले के दूसरे दिन पहली पारी में अहम बढ़त हासिल कर ली। तीसरा वर्षीय लाड ने 178 बॉल पर 12 फोर की मदद से 102* रन बनाए। यह रणजी में उनका लगातार चौथा शतक भी है। उनकी पारी के दम पर मुंबई ने दूसरे दिन स्टंप्स तक पांच विकेट पर 266 रन बनाए और दिल्ली (पहली पारी 221 रन) से लीड ले ली। लाड ने सुयेश पारकर (53* रन) के साथ छठे विकेट के लिए 130* रन जोड़कर पारी को संभाला। एक समय मुंबई के पांच विकेट 136 रन पर गिर गए थे। सरफराज खान 24 रन पर आउट हुए, जबकि उनके छोटे भाई मुशीर खान ने 57 रन बनाए। दिल्ली के पेसर मनी शिवाल ने तीन विकेट निकाले। दिविज मेहरा और राहुल चौधरी को एक-एक विकेट मिला।

सस्ते में सिमटी हरियाणा की टीम

रोहतक में ग्रुप-सी मुकाबले के दूसरे दिन आकाश दीप और शाहबाज अहमद की घातक गेंदबाजी से बंगाल ने हरियाणा पर मजबूत पकड़ बना ली। आकाश (5/40) और शाहबाज (5/42) ने पांच-पांच विकेट बांटते हुए मेजबान टीम को महज 100 रन पर समेट दिया। बंगाल को पहली पारी में 93 रन की बढ़त मिली। दूसरी पारी में सुदीप घरामी (61) और अभिमन्यु ईश्वरन (61*) ने दूसरे विकेट के लिए 109 रन जोड़कर बढ़त को और मजबूत किया। दिन का खेल समाप्त होने तक बंगाल 3 विकेट पर 155 रन बनाकर कुल 248 रन आगे था।

रणजी का रण

लाड ने सीजन का पांचवां शतक लगाया

साउथ अफ्रीका Vs वेस्टइंडीज
टी20I सीरीज, दूसरा मैच

क्विंटन की सेंचुरी से टीम ने जीती सीरीज

■ **एजेंसियां, सेंचुरियन:** क्विंटन डीकॉक ने अपने 100वें टी20 इंटरनैशनल मैच को यादगार बनाते हुए तूफानी शतक जड़ा। उनकी 115 रन (49 बॉल, 6 फोर, 10 सिक्स) की पारी की बदौलत साउथ अफ्रीका ने वेस्टइंडीज को सात विकेट से हराकर तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली। वेस्टइंडीज ने पहले खेलते हुए चार विकेट पर 221 रन बनाए। साउथ अफ्रीका ने 17.3 ओवरों में तीन विकेट पर 225 रन बनाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। डीकॉक के अलावा रयान रिकेल्टन ने 36 गेंदों में 77 रन ठोके।

क्विंटन डीकॉक

मोनांक को अमेरिका की कमान

■ **एजेंसियां, नई दिल्ली:** संयुक्त राज्य अमेरिका (USA) ने टी20 वर्ल्ड कप 2026 के लिए 15 सदस्यीय टीम चुनी है। भारतीय घरेलू क्रिकेट सर्किट में मुंबई की ओर से खेल चुके शुभम रंजने भी अमेरिकी टीम से टी20 वर्ल्ड कप में डेब्यू के लिए तैयार हैं। टी20 वर्ल्ड कप में ग्रुप स्टेज में रखा गया है, जहां उसका सामना पाकिस्तान, नामीबिया, नीदरलैंड्स और भारत से होगा। टीम की कमान मोनांक पटेल को सौंपी गई है।

UAE की टीम भी घोषित: संयुक्त अरब अमीरात (UAE) के बैटर मोहम्मद वसीम टी20 वर्ल्ड कप में टीम की कमान संभालेंगे। टी20 वर्ल्ड कप 2022 के तीन खिलाड़ी शामिल हैं। इनमें मोहम्मद वसीम के अलावा अलीशान शरफू और जुनैद सिद्दीकी भी 2022 में वर्ल्ड कप टीम का हिस्सा रहे थे। पूर्व भारतीय खिलाड़ी लालचंद राजपूत टीम के हेड कोच हैं।

टी20 वर्ल्ड कप अपडेट

शुभम रंजने

मेनन चौथी बार अंपायर: एलीट पैनल के अंपायर नितिन मेनन चौथी बार टी20 वर्ल्ड कप में अंपायरिंग करेंगे जबकि उनके साथी भारतीय अंपायर अनंत पदनाभन इस टूर्नामेंट में डेब्यू करेंगे। इंटरनैशनल क्रिकेट काउंसिल एलीट पैनल में शामिल एकमात्र भारतीय मेनन इससे पहले 2021, 2022 और 2024 के टी20 वर्ल्ड कप में अंपायरिंग कर चुके हैं।

गुकेश के सामने होगी अरविंद की चुनौती

■ **एजेंसियां, विज्क आन जी (नीदरलैंड्स):** वर्ल्ड चैंपियन डी गुकेश तुर्किये के वागिन कान एरोथ्मस पर अहम जीत के बाद टाटा स्टील मास्टर्स चेस टूर्नामेंट के 11वें राउंड में हमवतन अरविंद चिदंबरम से खेलेंगे। साल के पहले सुपर टूर्नामेंट में अब केवल तीन राउंड बचे हैं। खिताबी दौड़ रोमांचक मोड़ पर पहुंच गई है। पहले 10 राउंड के बाद उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसतोरोव 6.5 अंकों के साथ टॉप पर हैं।

टाटा मास्टर्स चेस

अरविंद चिदंबरम

'च्यूइंग गम' कांड से हुए बाहर!

■ **भाषा, नई दिल्ली:** भारतीय हॉकी टीम के अनुभवी मिडफील्डर मनप्रीत सिंह समेत तीन खिलाड़ियों को FIH प्रो-लीग के आगामी सीजन से पहले संभावित खिलाड़ियों की लिस्ट से बाहर करने के फैसला पिछले साल दिसंबर में साउथ अफ्रीका के दौरे पर ही 'अनुशासनात्मक' कारणों से ले लिया गया था। **ऐसी अटकलें लगाई जा रही थीं कि किसी भारतीय खिलाड़ी के सऊदिक अंतरराष्ट्रीय मैचों का हॉकी इंडिया अवार्ड दिलीप टिर्की के (412) रेकॉर्ड की बराबरी से रोकने के लिए मनप्रीत को बाहर किया गया है।** सूत्रों ने कहा, 'दौरे पर अनुशासनहीनता का एक गंभीर मामला सामने आया था, जब एक खिलाड़ी टीम बैंक से गायब था। बाद में पता चला कि उसे मनप्रीत, दिलप्रीत और पाठक ने प्रतिबंधित पदार्थ वाली 'च्यूइंग गम' खिलाई थी जिससे वह बेहोश हो गया।'

कैंप के लिए नहीं चुने जाने का मामला

पूर्व हॉकी कप्तान मनप्रीत सिंह

टीम ने दी थी इस्तीफे की धमकी

हेड कोच शेन फुल्टोन ने मनप्रीत सिंह को अनुशासनहीनता के आधार पर भारत की संभावित खिलाड़ियों की कोर सूची से बाहर किए जाने का कड़ा विरोध किया था। सूत्र ने कहा कि इस फैसले के बाद फुल्टोन ने इस्तीफा देने की धमकी भी दी थी, लेकिन हॉकी इंडिया द्वारा मनाने के बाद वह पद पर बने रहने के लिए राजी हो गए।

बड़ी चुनौती के लिए तैयार है भारतीय टीम

■ **पोखरा (पोखरा, नेपाल):** भारत की अंडर-17 विमिंस फुटबॉल टीम सैफ अंडर-19 विमिंस चैंपियनशिप 2026 में अपना पहला मैच नेपाल के खिलाफ शनिवार को खेलेगी। नई हेड कोच पामेला कोंटी की अगुआई में अंडर-17 टीम इस बड़ी आयु वर्ग के टूर्नामेंट का इस्तेमाल एएफसी अंडर-17 विमिंस एशियन कप की तैयारियों के तौर पर कर रही है। कोंटी ने टूर्नामेंट से पहले कहा, 'हमारी टीम युवा है क्योंकि हम अंडर-17 हैं। टूर्नामेंट में ज्यादा से मैच खेल कर सीखने और एशियन कप और वर्ल्ड कप क्वॉलिफायर की तैयारी करने का मौका है।'

सैफ अंडर-19 विमिंस फुटबॉल

12 राशियां और आपका दिन

ARIES 21 Mar - 19 Apr
आज आप एक महत्वपूर्ण परियोजना आरंभ करने जा रहे हैं, जिसके सफलतापूर्वक पूरा होने में एक साल लग सकता है। आर्थिक लाभ की उम्मीद कर सकते हैं। संतान और विवेक मामलों की अनदेखी न करें। विरासत जमीन जायदाद के लिए निवेश करना आपके लिए शुभ रहेगा।

TAURUS 20 Apr - 19 May
मकर राशि वाले कोई व्यक्ति आपके समक्ष प्रस्ताव पेश करेंगे, किन्तु उनके वादाओं में न आएं। शाम से रात्रि तक किसी सामाजिक कार्यक्रम में शामिल होने का अवसर प्राप्त होगा। आज का दिन स्वास्थ्य के लिए खराब है। खान-पान से बचें। धारण रहे किसी भी वस्तु की अधिकता हानिकारक होती है।

GEMINI 21 May - 21 Jun
जीवन के सभी क्षेत्रों में प्रगति की दिशा में आगे बढ़ेंगे। भाग्य आज महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। वेतनभोगी से सकारात्मक प्रस्ताव की मजूरी मिलेगी और भूखण्ड मिलने के बाद आप व्यावसायिक कार्यक्रम को आगे बढ़ाएंगे। उपयुक्त व्यक्ति और उम्दा अवसर आपको मिलते रहेंगे, जिनकी अतीत में आपको तलाश थी।

CANCER 22 Jun - 22 July
शाम के समय आप परिवार के सदस्यों और दोस्तों के प्रति उच्च स्तरीय अभिरुचि करेंगे। आज आप प्रसन्नता अनुभव करेंगे। जिसमें सफलपूर्ण महीना का तुलना उत्कर्षों। कड़ी मेहनत पर फल हाथ में आने से आप संतुष्टि महसूस करेंगे। रात में अपने दोस्तों पर धन का खर्चा भी हो सकता है। अधिक धन खर्च करने से बचें अन्यथा आपको भविष्य में परेशानी हो सकती है।

LEO 23 July - 22 Aug
नीति संबंध प्रेम पूर्ण और सहयोगपूर्ण रहेंगे। स्वास्थ्य अच्छा रहने से आप दिनभर कार्यों में सक्रियता पूर्वक भाग लेंगे। अपने पार्टनर के साथ मिलकर आप अपने संसाधनों को एकजुट करने में सफल रहेंगे। शाम का समय अध्यात्म समस्त में व्यतीत होगा। रात में आपको कोई सोशल मिल सकता है।

VIRGO 23 Aug - 22 Sep
सहकर्मियों के सहयोग से आज आप एक परियोजना को पूरा करने में सफल रहेंगे। किसी महान व्यक्ति के हस्तक्षेप से पारिवारिक विवाद का समाधान हो जाएगा। आपकी रचनात्मक क्षमता बढ़ेगी। परिस्थितियों का आकलन कर और सिर दिल और दिमाग की बात सुनकर फैसला लें।

LIBRA 23 Sep - 22 Oct
आज आपको विशेषीय व्यापारिक सहकेंद्रों व संबंधों से लाभ होगा, लेकिन नीति संबंधी मामले में जिम्मेदार रिश्ते आपके जीवन में समस्याएं उत्पन्न कर सकते हैं। आप जीवन में तीन भूमिकाएं निभाएंगे। बेहतर यही होगी कि हर भूमिका को अलग-अलग रखें, उन्हें आपसे में मिलाएं नहीं। शाम का समय मनोरंजन में व्यतीत होगा।

SCORPIO 23 Oct - 21 Nov
आपकी राशि से पंचम शनि और षष्ठम में केतु का द्विक्षेत्री योग मिश्रित फलदायक है। सांसारिक और मानसिक रूप से परेशान होने के बावजूद आप जो भी कार्य सहस्र के साथ करेंगे, उसमें सफलता मिलेगी। कार्यक्षेत्र और परिवार में कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। आप साहस के साथ सामना करेंगे।

SAGITTARIUS 22 Nov - 21 Dec
सेहत और वित्तीय संसाधनों पर ध्यान देने की जरूरत है। दूसरे लोगों के कार्यों के लिए ज्यादा दबाव और ऊर्जा बर्बाद न करें, क्योंकि ऐसे लोग एक के बाद एक दूसरी फरमाइशें पेश करेंगे। आज समाज में भी अपना महत्व बढ़ेगा। मूड में उतार-चढ़ाव पर नजर रखें।

CAPRICORN 22 Dec - 19 Jan
आपकी राशि से तृतीय स्थान मीन राशि पर शनि संचर कर रहा है। आप परिवार के एक महापुरुष मुखिया पर खड़े हैं। किसी कठिन दौर से गुजर सकते हैं। लेकिन बढ़ते रहें, जब अंधेरा महसूस हो तब संतोष करीब होता है। संघर्षों का सामना करेंगे और आपके समक्ष भावनात्मक समस्याएं भी आएंगे।

AQUARIUS 20 Jan - 18 Feb
राशि स्वामी शनि के द्वितीय भाव में होने से निजी संबंधों पर भावना हावी रहेगी। अनावश्यक की पूजा को सुनें। हर मामले में जल्दबाजी से बचें। जीवन के कठोर अनुभवों से सबक सीखें। अतीत की मुकाबर उमंगों में कदम आगे बढ़ाएं। आज आपके कर्म क्षेत्र में अप्रत्याशित बदलाव की संभावना है।

PISCES 19 Feb - 20 Mar
आज चंद्रमा कर्क राशि पर संचर कर रहा है। जो कि आपकी राशि से पंचम भाव है। जो उम्मीदें संजो रखी है, उनके पूरा न होने पर आप खिन्न रहेंगे। निजी संबंधों के कुछ मामलों में विवाद की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। सह बात नेट पर लीजिए कि जीवन में जब भी आपको आत्मपतन पहेली तब परिवारिक सदस्यों से सहयोग नहीं मिलेगा।

जन्मदिन की शुभकामनाएं

इस वर्ष शनि-मंगल-शुक्र का प्रभाव विशेष रूप से आपके जीवन पर पड़ेगा। शरीर वर्ष अत्यन्त शुभ फलदायक है, फिर भी जरा सी असावधानी से मूल शत्रु स्थिति होकर आपको परेशानी में डाल सकते है। इसलिए सावधानी रखना जरूरी है। शेष दिनों में कोई महिला मदद करेगी। फरवरी माह में नियमित कार्यक्रमों में बदलाव लाने से यथोचित लाभ हो जाएगा। अप्रैल माह में सप्तम पक्ष की चिंता से आपका स्वास्थ्य खराब हो सकता है। जून-जुलाई में सभी रुके हुए काम कुछ झंझटों और खर्चा करने के बाद बन जाएंगे। अगस्त और सितंबर के महीने में किसी नवीन कार्य की योजना बनेगी। अक्टूबर से लेकर नवंबर के अंत तक सर्वांक्ष यात्रा और पर्यटन का योग है। धार्मिक स्थलों पर जाने की योजना बनाने से लाभप्रद सिद्ध होगा। दिसंबर में आपने ज्ञान, मनोरंजन पर खर्चा करना सुखद सिद्ध होगा। इससे आपकी बौरिया भी दूर होगी और आपके अपनेपन लोगों का भी मन लग रहेगा। जनवरी 2027 में विद्यार्थी वर्ग को कठिन परिश्रम से सफलता मिलेगी। वर्ष के आखिर में भाग्य का उदय, धन-धर्म की वृद्धि, शत्रु विजयों का दमन, प्रबल से प्रबल विरोधियों के होने पर भी आप में सर्वत्र विजय विभूति की प्राप्ति, हर्ष मंगलमय परिवर्तन और मनोवांछित सिद्धि होगी। अपने इष्ट की आराधना करते रहें। -आचार्य कृष्ण दत्त शर्मा

कल का पंचांग

(रविवार, 1 फरवरी 2026)

राष्ट्रीय तिथि माघ 12, शक संवत 1947, माघ शुक्ल, पूर्णिमा, रविवार, विक्रम संवत 2082। सौर माघ मास पौष्टि 19, शाकान्त 12, हिजरी 1447 (मुस्लिम) उद्द अनुसार अंग्रेजी तारीख 1 फरवरी 2026 है। सूर्य उत्तरायण, दक्षिण गोल, शिशिर ऋतु। राहु काल शाम 4 बजकर 30 मिनट से 6 बजे तक। पूर्णिमा तिथि अंग्रेजी तारीख 3 बजकर 39 मिनट तक के बाद प्रतिपदा तिथि का आरंभ। पुष्य नक्षत्र रात्रि 8 बजकर 58 मिनट तक के बाद आश्लेषा नक्षत्र का आरंभ। प्रीति योग पूर्वाह्न 10 बजकर 19 मिनट तक के बाद आयुष्मान योग का आरंभ। विष्टि करण शाम 4 बजकर 46 मिनट तक के बाद बालव करण का आरंभ। आज के उप त्योहार मेला जैसलमेर (राजस्थान) शुरू, खुर्दादी तिथि का क्षय।

सुडोकू

	7	4			6			
			4		5	6		3
	2							4
9	3		7		1		5	
				6				
	6		3		2		1	9
1							8	
3		8	1		4			
			8			9	3	

TELEVISION

big magic

09:00 बबलू डबलू
10:00 बद्धेश बुडबक
11:00 रुद्र के रक्षक
12:00 राजधानी अजेय कृष्णा
12:30 हम पांच
13:00 रुद्र के रक्षक
13:00 म से मर्द
14:00 राजधानी अजेय कृष्णा
15:00 डिटेल कृष्णा
17:00 बबलू डबलू
19:00 राजधानी अजेय कृष्णा

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 31-01-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTPKHEL User: cci Time: 01-30-2026 23:09 Color:

फटाफट खबरें

NSE के IPO को सेबी की हरी झंडी

■ **पीटीआई, नई दिल्ली:** पूंजी बाजार नियामक सेबी (Sebi) ने नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (NSE) को उसके बहुप्रतीक्षित IPO के साथ आगे बढ़ने के लिए NOC दे दिया है। एक्सचेंज के एक अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि करीब 10 साल के लंबे इंतजार के बाद यह रास्ता साफ हुआ है। नियमों से जुड़ी चिंताओं और को-लोकेशन विवाद की वजह से इसमें काफी सालों से देरी हो रही थी। माना जा रहा है कि यह आईपीओ शेयर बाजार के सबसे बड़े आईपीओ में से एक होगा।

फिजिकल शेयरों को डीमैट में बदले

■ **पीटीआई, नई दिल्ली:** शेयर बाजार नियामक सेबी (Sebi) ने उन निवेशकों के लिए एक सख्त की खास सुविधा शुरू की है, जिनके पास अभी भी पुराने फिजिकल सिक्योरिटीज पड़े हैं। ये निवेशक 5 फरवरी से अपने अधूरे पड़े शेयर ट्रांसफर और उन्हें डीमैट में बदलवाने का काम पूरा कर सकेंगे। शुक्रवार को जारी एक सर्कुलर में सेबी ने कहा, जो निवेशक कानूनी कार्रवाई या किसी दूसरी वजह से 1 अप्रैल 2019 से पहले अपने फिजिकल शेयरों को ट्रांसफर नहीं कर पाए थे, उनके लिए यह स्पेशल विंडो 5 फरवरी 2026 से 4 फरवरी 2027 तक खुली रहेगी।

शेयर बाज़ार की तेज़ी पर ब्रेक

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** शेयर बाजार में पिछले तीन दिनों से चली आ रही तेजी पर शुक्रवार को ब्रेक लग गया। बजट 2026-27 से पहले निवेशकों ने ऊंचे स्तरों पर मुनाफावसूली की। इसकी वजह से मेटल, आईटी और कंसोलिडेटेड शेयरों में भारी बिकवाली देखी गई और सेंसेक्स-निफ्टी गिरावट के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 296.59 अंक (0.36%) गिरकर 82,269.78 पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी भी उतार-चढ़ाव के बीच 98.25 अंक (0.39%) फिसलकर 25,320.65 पर बंद हुआ। मेटल इंडेक्स में 5.12% की भारी गिरावट आई। प्राइवेट बैंक इंडेक्स भी गिरे।

सोना-चांदी धड़ाम, अब क्या करें?

एक्सपर्ट्स बोले- जल्दबाजी न करें निवेशक, और गिर सकते हैं दाम

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई :** शुक्रवार को सोना-चांदी में बड़ी गिरावट देखी गई। रेकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचने के ठीक एक दिन बाद मुनाफावसूली और डॉलर की मजबूती ने जूलरी बाजार को हिलाकर रख दिया। अमेरिकी फेडरल रिजर्व के नए चेयरमैन से जुड़ी सख्ती की आशंका ने भी आग में घी का काम किया। राष्ट्रीय राजधानी में सोने की कीमतों में 14,000 रुपये प्रति 10 ग्राम और चांदी के दामों में 20,000 रुपये प्रति किलो की गिरावट दर्ज की गई।

गिरावट का यह दौर एक्सचेंज-ट्रेडेड फंड्स (ETF) में और भी ज्यादा था। SBI सिल्वर ईटीएफ 22.4% नीचे बंद हुआ। ICICI प्रूडेंशियल सिल्वर ईटीएफ 21% और निप्पॉन इंडिया सिल्वर ईटीएफ 19.5% टूट गया। गोल्ड ईटीएफ में भी भारी गिरावट रही। निप्पॉन गोल्ड ईटीएफ 10% और ICICI प्रूडेंशियल गोल्ड ईटीएफ 9.5% नीचे गिरकर बंद हुए। कोटक सिक्योरिटीज के आंकड़ों के मुताबिक, MCX पर सोने में यह 15 मार्च 2013 के बाद की सबसे बड़ी गिरावट दर्ज की गई है। वहीं, चांदी के लिए यह 23 सितंबर 2011 के बाद का सबसे बुरा दिन रहा, जब इसमें एक ही दिन में भारी गिरावट आई थी।

AI Image

मौका है या मंदी की शुरुआत?

सोने-चांदी की कीमतों में आई भारी गिरावट ने निवेशकों को सोच में डाल दिया है कि क्या यह खरीदारी का मौका है या फिर मंदी की शुरुआत? ज्यादातर जानकार इसे एक 'हेल्दी करेक्शन' मान रहे हैं। इसका मतलब है कि लंबी दौड़ के लिए बाजार का थोड़ा गिरना जरूरी था। हालांकि, एक्सपर्ट्स ने चेतावनी भी दी है कि आने वाले दिनों में काफी उतार-चढ़ाव रह सकता है। इसलिए फिलहाल सावधानी के साथ निवेश करना और मुनाफा वसूलना ही समझदारी है।

कोटक सिक्योरिटीज की कायनात पैनवाला का कहना है कि आने वाले समय के लिए माहौल सकारात्मक है। दुनिया भर में तनाव, सरकारों की नीतियों को लेकर अनिश्चितता और कैश के बजाय सोने-चांदी जैसी ठोस संपत्तियों की तरफ लोगों का बढ़ता रुझान इसकी बड़ी वजह है। केडिया कमोडिटी के प्रमुख अजय केडिया के मुताबिक, हालांकि दुनिया भर में जारी तनाव (जियोपॉलिटिकल टेंशन) और अमेरिकी फेडरल रिजर्व के संकेतों से बाजार में घबराहट तो है, लेकिन यह समझना जरूरी है कि यह बिकवाली जनवरी में हुई जबरदस्त तेजी के बाद आई है।

क्या है डर?

आनंद राठी वेल्थ के डिप्टी सीईओ फिरोज अजीज का कहना है कि अभी जल्दबाजी में खरीदारी से बचना चाहिए। बेहतर होगा कि वोलेटिलिटी से दूर रहें और मंथली एसआईपी से एंट्री करें। एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज में रिसर्च हेड उदना भारती ने कहा कि घरेलू बाजार में चांदी अगले एक सप्ताह में 3.20 लाख रुपये और सोना 1,42 लाख रुपये तक नीचे जा सकता है।

क्या है वजह?

एचडीएफसी सिक्योरिटीज के सीनियर एनालिस्ट (कमोडिटी) सौमिल गांधी का कहना है कि कि तकनीकी नजरिए से देखें तो पिछले कई दिनों से सोना-चांदी 'ओवरबॉट' जोन (जरूरत से ज्यादा खरीदारी) में थे। इससे ऐसी गिरावट का खतरा पहले से बना हुआ था। गांधी के मुताबिक, डॉलर की मजबूती और मुनाफावसूली का यह दौर छोटी अवधि के लिए दबाव बनाए रख सकता है।

फेडरल रिजर्व के नए बॉस होंगे केविन वॉर्श

■ **एपी, वॉशिंगटन:** अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को कहा कि वे फेडरल रिजर्व (Fed) के पूर्व गवर्नर केविन वॉर्श (Kevin Warsh) को अगला चेयरमैन नियुक्त करेंगे। वॉर्श, मौजूदा चेयरमैन जेरोम पॉवेल (Jerome Powell) की जगह लेंगे। उनका कार्यकाल मई में खत्म हो रहा है। ट्रंप ने ही 2017 में पॉवेल को फेड का नेतृत्व करने के लिए चुना था। लेकिन इस साल ब्याज दरों को तेजी से कम न करने को लेकर ट्रंप लगातार उन पर हमलावर थे।

जानकारों का कहना है कि वॉर्श की नियुक्ति ट्रंप के फेड पर अपना नियंत्रण बढ़ाने की दिशा में एक बड़ा कदम हो सकती है। ट्रंप के बयानों ने फेड की स्वतंत्र पहचान पर चिंता पैदा कर दी है। इस घोषणा के बाद बाजारों में भारी गिरावट देखी गई। कीमती धातुएं जो पिछले कुछ महीनों से बढ़ रही थीं, शुक्रवार को काफी नीचे गिर गईं। सोना लगभग 5% और चांदी 13% तक टूट गई।

वॉर्श की नियुक्ति के लिए अभी सीनेट की मंजूरी मिलना बाकी है। 55 साल के वॉर्श के लिए यह एक तरह से

FILE

ट्रंप ने केविन को नया अध्यक्ष चुना, जेरोम पॉवेल की लेंगे जगह

पुरानी जगह पर वापसी होगी। वे 2006 से 2011 तक फेड बोर्ड के सदस्य रह चुके हैं। 35 साल की उम्र में जब वे इस पद पर आए थे, तब वे इतिहास के सबसे युवा गवर्नर थे।

देखा जाए तो वॉर्श का चुनाव ट्रंप के लिए थोड़ा चौंकाने वाला है। फेड की भाषा में उन्हें 'हॉक' (ऊंची ब्याज दरों का समर्थक) माना जाता है, जो महंगाई को काबू में रखने के लिए ब्याज दरें बढ़ाने के पक्ष में रहते हैं। इसके उलट ट्रंप कह चुके हैं कि फेड को ब्याज दरें 1% के आसपास होनी चाहिए, जो मौजूदा 3.6% के स्तर से बहुत कम है।

FASTag पर कल से बदल जाएंगे नियम

■ **NBT रिपोर्ट :** फरवरी की शुरुआत होने वाली है और इस साल यह महीना आपकी रोजमर्रा की जिंदगी में कई अहम बदलाव लेकर आएगा। 1 फरवरी से होने वाले इन बदलावों का सीधा असर आपकी कमाई, खर्च और प्लानिंग पर पड़ेगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण संसद में केंद्रीय बजट पेश करेंगी।

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (NHAI) ने घोषणा की है कि 1 फरवरी से FASTag एक्टिवेट होने के बाद किसी अतिरिक्त KYC वेरिफिकेशन की जरूरत नहीं होगी। FASTag जारी करने वाले बैंक अब वाहन की जानकारी वेरिफाई करने की पूरी जिम्मेदारी उठाएंगे।

खुला रहेगा शेयर बाजार : रविवार होने के बावजूद 1 फरवरी को शेयर बाजार खुला रहेगा।

पान मसाला, सिगरेट महंगे : 1 फरवरी से पान मसाला, सिगरेट और तंबाकू के दाम बढ़ने की संभावना है। सरकार इन उत्पादों पर ऊंचे टैक्स लगाने जा रही है। इसके अलावा, पान मसाला पर स्वास्थ्य और राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े अतिरिक्त टैक्स भी लगाए जाएंगे।

सुस्त जीवनशैली से बढ़ रहा है मोटापा: सर्वे

AI Image

NBT रिपोर्ट : भारत में मोटापा एक गंभीर समस्या बनता जा रहा है। LocalCircles के हालिया सर्वे के मुताबिक, सर्वे में शामिल 76% भारतीयों के परिवार, दोस्तों, सहकर्मियों या पड़ोसियों में एक या उससे ज्यादा लोग मोटापे के शिकार हैं। 64% लोगों का कहना है कि उनके आसपास मोटापे की वजह सुस्त जीवनशैली, शारीरिक मेहनत की कमी और अनहेल्दी या प्रोसेस्ड खाना है। लोग अब यह समझने लगे हैं कि महंगी दवाइयां इसका इलाज नहीं है।

कितने करीबी शिकार?

- **12%** : 10 या उससे ज्यादा
- **10%** : 7 से 9 लोग
- **20%** : 4 से 6 लोग
- **34%** : 1 से 3 लोग
- **22%** : कोई भी नहीं

जीवनशैली मसला?

- **19%** : हां, एक या ज्यादा शिकार
- **37%** : एक या ज्यादा बीमारियां
- **37%** : बीमारियां नहीं, मोटापे के शिकार है

वजह क्या है?

- **64%** : सुस्त जीवनशैली
- **64%** : एक्सरसाइज की कमी
- **68%** : अल्ट्रा-प्रोसेस्ड खाना
- **27%** : पुरानी बीमारी
- **4%** : शराब का सेवन

बचत के तरीके में बदलाव, जोखिम उठाने को भारतीय परिवार तैयार

■ **NBT रिपोर्ट:** भारतीय परिवारों की बचत करने के तरीके में एक बड़ा बदलाव आया है। वित्त वर्ष 2012 में लोग अपनी कुल बचत का 57.9% हिस्सा बैंक जमा (FD या बचत खाता) में रखते थे। यह वित्त वर्ष 2025 में घटकर 35.2% रह गया है। इससे पता चलता है कि अब लोग शेयर बाजार जैसे निवेश के उन विकल्पों में पैसा लगाने से नहीं हिचकिचा रहे हैं जिनमें थोड़ा जोखिम होता है।

रिजर्व बैंक (RBI) के हालिया आंकड़ों के मुताबिक, कुल घरेलू वित्तीय संपत्तियों में शेयर और इन्वेस्टमेंट फंड की हिस्सेदारी मार्च 2025 तक बढ़कर 23% हो गई है। छह साल पहले यह 15.7% थी। इकॉनमिक सर्वे में भी गौर किया गया कि बैंक डिपॉजिट में आई यह गिरावट यह नहीं दिखाती कि लोगों ने बैंकों को छोड़ दिया है। बल्कि लोगों ने पारंपरिक तरीकों को पूरी तरह बंद करने के बजाय अपनी मौजूदा बचत में शेयर बाजार को भी जोड़ लिया है।

AI Image

ET के मुताबिक, शेयर बाजार में आम लोगों की सीधी हिस्सेदारी धीरे-धीरे बढ़ी है। वित्त वर्ष 2014 में यह 8% से कम थी जो सितंबर 2025 के अंत तक करीब 9.6% हो गई। वहीं, इनडायरेक्ट हिस्सेदारी (म्यूचुअल फंड के जरिए) इसी दौरान लगभग तीन गुना बढ़कर 9.2% तक पहुंच गई है।

खासतौर पर घरेलू वित्तीय बचत में शेयर और म्यूचुअल फंड की हिस्सेदारी वित्त वर्ष 2012 के लगभग 2% से बढ़कर वित्त वर्ष 2025 में 15.2% से ज्यादा हो गई है। वित्त वर्ष 2014 में आम लोगों की कुल इक्विटी होल्डिंग सिर्फ 8 लाख करोड़ रुपये थी, जो सितंबर 2025 तक बढ़कर करीब 84 लाख करोड़ रुपये हो गई है। वित्त वर्ष 2022 में बैंकों में बचत का जमा होने वाला हिस्सा गिरकर 31.95% के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया था। फिलहाल कम जोखिम वाले बॉन्ड प्रोडक्ट्स में लोग कम पैसा लगा रहे हैं।

क्या कहते हैं आंकड़े

- **35.2%** : वित्त वर्ष 2025 में घरेलू बचत में बैंक डिपॉजिट की हिस्सेदारी (FY12 में 57.9% थी)।
- **84 लाख करोड़** : सितंबर 2025 तक आम लोगों की कुल इक्विटी होल्डिंग (FY14 में सिर्फ 8 लाख करोड़ थी)।
- **23%** : कुल घरेलू वित्तीय संपत्तियों में शेयर और इन्वेस्टमेंट फंड का हिस्सा।
- **9.2%** : म्यूचुअल फंड के जरिए निवेश की हिस्सेदारी।

सबके लिए AI, भारत दिखाएगा रास्ता : वैष्णव

■ **एनबीटी रिपोर्ट, नई दिल्ली :** केंद्रीय आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि फरवरी में AI इंपैक्ट समिट एक ऐसा मंच साबित होगा, जहां पूरी दुनिया को एआई और उससे जुड़े मूल्यों के लिए एक साथ आना होगा। सरकार की ओर से AI समिट को लेकर की गई एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में वैष्णव ने कहा कि ये एक अहम और विस्तृत समिट होने वाली है।

इस दौरान उन्होंने इस सेक्टर से जुड़े डिवेलपर्स, इंडस्ट्री लीडर्स और इनोवेटर्स के साथ पैनल की हुई बातचीत का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि इस इंगेजमेंट से देश के इकोसिस्टम में AI की प्रक्रियागत प्रगति का नजारा दिखता है। उन्होंने कहा कि हुआई से जुड़ी पहलों का जोर विकास से जुड़े सॉल्यूशन से है, जो लोगों के जीवन को बेहतर करें। इस दौरान मंत्री ने 'द इंपैक्ट अजेंडा-लीडरशिप रिफ्लेक्शंस' नाम का

AI Image

डॉक्यूमेंट लॉन्च किया। वैष्णव ने कहा कि AI के इस्तेमाल के जरिए रोजगार सृजन को लेकर हमने अच्छा काम किया है। उन्होंने बताया कि डेढ़ साल का समय एक ऐसा फेज था, जिसमें AI गतिविधियों के संबंध में उद्योग को समझने में वक्त लगा। लेकिन अब इंडस्ट्री इस फेज से आगे बढ़ गई है। वैष्णव ने कहा कि AI के नकारात्मक प्रभाव से बचने के लिए सेफ और ट्रस्टेड AI पर मंथन भी बेहद अहम साबित हो सकता है। उन्होंने कहा कि एजुकेशन से लेकर जीवन के हर पहलू में AI को किस तरह लोगों के लाभ के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है, इस दिशा में बढ़ने के लिए ये समिट बेहद अहम है।

गुड न्यूज

विचार

नकल करके सफलता पाने से बेहतर है कि मौलिकता में असफल हो जाएं
- हरमन मेलविल

(Herman Melville)

ज़रा हंस लें

ग्राहक: ये टमाटर इतने महंगे क्यों?
दुकानदार: सर, ये Instagram वाले टमाटर है। फोटो में अच्छे आते है

पश्चिम रेलवे

विद्युत (इंजीन) कार्य

सीनियर कोर्ड/सी/सीनियरी ई-निविदा सूचना संख्या: ईएन-81-21-30-इकाइयां-72 दिनांक: 27-01-2026 आमंत्रित करते हैं। कार्य और स्थान: सोनाडांगरी में इलेक्ट्रिक इन-मोशन वेल्ड बिट (ईआईएडब्लूबी) के प्रावधान के संबंध में सोनाडांगरी-विद्युत (सीजी) कार्य। कार्य की अनुमानित लागत: ₹ 9,59,871/- ₹ इंजीनी: 19,200/- प्रस्तुत करने की तिथि और समय: 26.02.2026 को 15:00 बजे तक। खुलने की तिथि और समय: 26.02.2026 को 15:30 बजे। अधिक विवरण के लिए कृपया हमारी वेबसाइट www.rcpo.gov.in पर जाएं। 1082

हमें साथ दें: facebook.com/WesternRly

अल्मोड़ा में सरकारी स्कूल के टीचर ने AI से बनाए लर्निंग ऐप्स

बिना नेटवर्क के ही जज्बे और इनोवेशन से चमका दिया पढ़ाई-लिखाई का रास्ता

Yogesh.Nagarkoti
@timesofindia.com

■ **बागेश्वर :** उत्तराखंड के पहाड़ी इलाकों में इंटरनेट आज भी एक बड़ी समस्या है। कई गांवों में मोबाइल नेटवर्क तक नहीं है। ऐसे में ऑनलाइन पढ़ाई वहां एक सपना है, लेकिन अल्मोड़ा के एक सरकारी स्कूल के शिक्षक ने इस सोच को बदलने की ठान ली। वह हैं बागेश्वर जिले के तारीखेत ब्लॉक स्थित मल्टेढुंगा प्राइमरी स्कूल के हेडमास्टर भास्कर जोशी। कोरोना के वक्त जब स्कूल बंद हुए और पढ़ाई ऑनलाइन हो गई, तब बच्चों के पास इंटरनेट नहीं था, लेकिन जोशी ने सोचा अगर बच्चों तक इंटरनेट नहीं पहुंच रहा, तो क्यों न पढ़ाई को बिना इंटरनेट बच्चों तक पहुंचाया जाए? इसके लिए उन्होंने एआई का इस्तेमाल कर 'नो इंटरनेट क्विज' नाम से लर्निंग ऐप बनाया, जो बिना किसी नेटवर्क के

गूगल सर्टिफाइड एजुकेटर बने भास्कर जोशी, इनके 8 ऐप्स को प्ले स्टोर पर जगह मिली है।

ठेठ चलता है। ऐप के जरिये बच्चे पढ़ सकते हैं, सवाल हल कर सकते हैं और खुद ही जान सकते हैं कि उनका जवाब सही है या गलत। इस ऐप का नतीजा है कि आज गांव के बच्चे घर में पड़े किसी पुराने स्मार्टफोन पर भी पढ़ाई कर पा रहे हैं, वह भी बिना इंटरनेट के। कक्षा पांच की छात्रा निविता बिष्ट बताती है, 'अब हम मोबाइल पर पढ़ते भी हैं और खेल-खेल में क्विज भी करते हैं। इंटरनेट नहीं होता फिर भी सवाल अपने आप आ जाते हैं और तुरंत पता चल जाता है कि जवाब सही है या गलत।' 'नो इंटरनेट क्विज' मोबाइल ऐप जो महज शुरुआत थी। इसके बाद जोशी जी ने बच्चों के लिए कई और ऐप बनाए। इनमें बनेला ऑनलाइन एजुकेशन, एआई टीचर, इंग्लिश गुरु, लर्न एबीसी, फन लर्निंग, एआई क्विज जेनरेटर और उत्तराशक्ति एआई।

ज्यादा से ज्यादा पहाड़ी इलाको तक पहुंचाने की सोच

जोशी सिर्फ स्कूल तक ही सीमित नहीं रहे। वह बच्चे के घर-घर गए, माता-पिता से मिले और उन्हें 'जहां नेटवर्क नहीं पहुंचता, वहां नीयत और नवाचार रास्ता बना लेते हैं। अल्मोड़ा के यह शिक्षक उसी जो मिसाल है। समझाया कि नई पढ़ाई कैसे बच्चों का भविष्य बदल सकती है। उनका कहना है, 'मेरा सपना है कि यह पहल सिर्फ मेरे स्कूल तक न रहे। मैं चाहता हूं कि ज्यादा से ज्यादा पहाड़ी इलाकों के बच्चे तक यह पहुंचे।' उनके इस काम पर शिक्षा विभाग ने भी ध्यान दिया है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रवि मेहता कहते हैं, 'ऐसी उम्मीदी पहल पहाड़ी इलाकों के लिए बेहद जरूरी है।

इनके 8 ऐप्स को प्ले स्टोर पर जगह मिली और भास्कर जोशी उत्तराखंड के पहले गूगल सर्टिफाइड एजुकेटर बन गए। इतना ही नहीं, उन्होंने अपने स्कूल में बच्चों को ड्रोन, AI और रोबोटिक्स जैसी नए विषयों से भी परिचित कराना शुरू किया। आज उनके स्कूल में 23 बच्चे पढ़ रहे हैं।

लहरों की धुन पर पंखों की परवाज़

PTI

बगुला हवा में तैरता हुआ, जैसे शांति का उज्ज्वल विस्तार। नीचे पानी पर पंछियों की छपाक, छोटी में हिंगा जीवन का रहस्य। यह संगम स्वतंत्रता, ऊर्जा और रहस्य का एक बहता हुआ क्षण है हर हलचल जीवन की गहरी धुन बन जाती है। यह दृश्य प्रकृति की उस भाषा को उजागर करता है जो शब्दों से नहीं, बल्कि पंखों की लय और लहरों की धुन से लिखी जाती है।

विज्ञापन संख्या 15/2026

भारत सरकार
लोक उद्यम चयन बोर्ड
सैन्ट्रल कॉटेज इण्डस्ट्रीज कॉरपोरेशन ऑफ इण्डिया लिमिटेड (सीसीआईसी)
में
प्रबंध निदेशक
पद के लिए आवेदन आमंत्रित करता है।
आवेदकों के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि
17 फरवरी, 2026 (15.00 बजे तक) है।
नोडल अधिकारियों द्वारा आवेदनों को लोक उद्यम चयन बोर्ड में अग्रेषित करने की अंतिम तिथि **26 फरवरी, 2026 (17.00 बजे तक) है।**
जानकारी के लिए वेबसाइट https://pesb.gov.in में लॉग इन करें।

विज्ञापन संख्या 8/2026

भारत सरकार
लोक उद्यम चयन बोर्ड
कोंकण रेलवे कार्पोरेशन लिमिटेड
में
निदेशक (वित्त)
पद के लिए आवेदन आमंत्रित करता हैं।
आवेदकों के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि
06/02/2026 (15:00 बजे तक) हैं।
नोडल अधिकारियों द्वारा आवेदनों को लोक उद्यम चयन बोर्ड में अग्रेषित करने की अंतिम तिथि
16/02/2026 (17:00 बजे तक) हैं।
जानकारी के लिए वेबसाइट https://pesb.gov.in में लॉग इन करें।

फिर गूंजेंगे गुमनाम प्राचीन वाद्य यंत्र

TOI

विक्टोरिया पब्लिक हॉल में विरासत को जिंदा करने की कोशिश

Ramyasre.N@timesofindia.com

■ **चेन्नै:** कल्पना कीजिए, चेन्नै के ऐतिहासिक विक्टोरिया पब्लिक हॉल की ऊंची, पुरानी दीवारों के बीच जब उडुक्कई, सिरुपाई और मुरसु जैसे प्राचीन वाद्य यंत्रों की धाप गूंजेगी, तो यह हमारी मिट्टी और पूर्वजों की आवाज होगी। जल्द ही यहां आम लोगों के लिए खास वर्कशॉप्स शुरू होने जा रही हैं। इस पहल के पीछे अंगुमुलै मेडिय म्यूजिकल्स के एन. मणिकंदन हैं, जिन्होंने इंटर चेन्नै कॉर्पोरेशन (GCC) के साथ मिलकर 125 देसी वाद्य यंत्रों की प्रदर्शनी लगाई है। मणिकंदन बताते हैं कि यहां सिर्फ बजाना ही नहीं, बल्कि कुछ वाद्य बनाना भी सिखाया जाएगा, जैसे ताड़ के फल के सूखे छिलकों से किलुविलुप्पू। कोविड के दौरान एक थंडिल कलाकार की आर्थिक तंगी में हुई मौत ने मणिकंदन को झकझोर दिया।

इसके बाद उन्होंने तमिलनाडु से लेकर जापान और ऑस्ट्रेलिया तक करीब 500 आदिवासी परिवारों से मिलकर इन वाद्यों को सहेजने का संकल्प लिया। करीब दो महीने में क्लास शुरू होंगी। प्रदर्शनी में वाद्य यंत्र चार वर्गों में हैं– मेम्बेनोफोन, इडियोफोन, एयरोफोन और कॉर्डोफोन। स्टूडेंट अडील दास और इतिहासकार मीनाक्षी देवराज मानती हैं कि यह पहल हमारी सांस्कृतिक जड़ों को नई जिंदगी देने जैसा है।

मनोरंजन

FARNAZ

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 31-01-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMIND User: cci Time: 01-30-2026 22:55 Color:

NBT AI टाइम मशीन

जब एक चिंपैंजी ने की अंतरिक्ष की यात्रा

आज ही के दिन 1961 में हैम (Ham) नाम के चिंपैंजी ने 'मर्करी-रेडस्टोन 2' मिशन के जरिए अंतरिक्ष की ऐतिहासिक यात्रा की। यह केवल एक यात्रा नहीं, बल्कि 'एस्ट्रोचिंप' था, यानी उसे एस्ट्रोनॉट की तरह ट्रेनिंग मिली थी। इस सफल मिशन से मानव अंतरिक्ष यात्रा का रास्ता मजबूत हुआ। सकुशल वापसी के बाद, हैम ने अपना बाकी जीवन चिड़ियाघरों में बिताया। उसे आज अंतरिक्ष विज्ञान के नायकों में गिना जाता है।

NBT

Front Page-2

आगे स्पेस होटल, टूरिज़म होगा आम

ChatGPT के अनुसार, भविष्य में अंतरिक्ष पूरी तरह अनजान नहीं रहेगा, लेकिन रहस्यमय बना रहेगा। तकनीक इतनी आगे होगी कि चांद पर बसावट और मंगल पर रिसर्च स्टेशन आम बात बन जाएंगे। स्पेस टूरिज़म, स्पेस होटल और जीरो ग्रैविटी के अनुभव चर्चा में रहेंगे। सीमित शर्तों में आम लोग भी स्पेस में जा सकेंगे। AI से चलने वाले यान यात्राओं को सुरक्षित बनाएंगे। फिर भी ब्लैक होल, जीवन की खोज और ब्रह्मांड की सीमाएं इंसान को लगातार चुनौती देती रहेंगी।

AI Images

SPEED News

बांग्लादेश की हिंसा पर अमेरिका है अलर्ट

ढाका में US के दूतावास ने शुक्रवार को सुरक्षा अलर्ट जारी किया। बांग्लादेश में अमेरिकियों से सावधानी बरतने को कहा गया है।

Agency

गाज़ा की सीमा चौकी फिर खोलेगा इस्राइल

इजिप्ट से लगती रफा सीमा चौकी को 2 साल बाद रविवार से फिर खुलेगी। क्षेत्र में फलस्तीनियों को एंट्री/एग्जिट की अनुमति मिलेगी।

पाक के तीन प्रांतों में 52 आतंकवादी ढेर

पाकिस्तानी सेना ने बताया कि गुरुवार और शुक्रवार को बलूचिस्तान, पंजाब समेत तीन सूबों में अभियान में ये आतंकी मारे गए।

14 साल बाद बांग्लादेश से पाक पहुंचा विमान

ढाका से यह विमान गुरुवार रात कराची उतरा। दोनों देशों के बीच 14 साल बाद सीधी हवाई सेवा बहाल हुई है।

बम धमकी के बाद विमान की लैंडिंग

■ भाषा, अहमदाबाद: कुवैत से दिल्ली जा रही इंडिगो की फ्लाइट में बम की धमकी के बाद शुक्रवार को विमान को अहमदाबाद के सरदार वल्लभभाई पटेल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतारा गया। अधिकारियों के अनुसार, विमान में 180 यात्री सवार थे। जांच में कुछ संदिग्ध नहीं मिला। उड़ान को मंजूरी दी गई है।

कैप्चा, OTP...CGHS कार्ड के हर स्टेप में खामियां

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

डिजिटल इंडिया के दौर में CGHS (सेंट्रल गवर्नमेंट हेल्थ स्कीम) के कार्ड का आवेदन करना भारी परेशानी का कारण बनता जा रहा है। कार्ड के ऑनलाइन सिस्टम के धीमे होने और बार-बार आ रही दिक्कतों से लोग नाराज हैं।

हेल्थ कार्ड का ऑनलाइन आवेदन बन रहा सिरदर्द

खराब कैप्चा: आवेदकों का कहना है कि वेबसाइट पर खराब कैप्चा (CAPTCHA) होता है, जिसे पढ़ना-भरना नामुमकिन-सा हो जाता है। कई बार सही कैप्चा डालने पर भी प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ती है।

पेमेंट में दिक्कत

बढ़ी परेशानी Bharatkosh पोर्टल पर पेमेंट में आ रही है। कई यूजर्स ने बताया कि भुगतान को पूरा करने के लिए OTP काफी देर से आता है। कई बार सिस्टम उसे स्वीकार ही नहीं करता। पेमेंट सफल होने के बाद भी समस्या खत्म नहीं होती।

AI Images

कई दिन में चालान

कई लोगों का कहना है कि भुगतान के बाद चालान जेनरेट होने में 3-4 दिन तक लग रहे हैं। इस देरी से आगे की प्रक्रिया अटकती है। फिर दफ्तरों के चक्कर लगाने पड़ते हैं।

बाद में भी लाइन

हैरानी यह है कि ऑनलाइन फॉर्म भरने के बावजूद लोगों को हार्ड कॉपी लेकर ऑफलाइन जमा करने के लिए लंबी लाइनों में लगना पड़ रहा है। लोगों का सवाल है कि प्रक्रिया अगर ऑनलाइन है तो फिर ऑफलाइन जमा करने की मजबूरी क्यों?

सोशल मीडिया पर निकल रहा गुस्सा

ऐसी समस्याओं पर सोशल मीडिया पर भी नाराजगी खुलकर सामने आ रही है। कई यूजर्स ने स्क्रीनशॉट के साथ कैप्चा, ओटीपी फेल होने, पेमेंट अटकने जैसी दिक्कतों का जिक्र किया है और सिस्टम को तुरंत दुरुस्त करने की मांग की है। बुजुर्ग पेंशनभोगी और बीमार लोग इस प्रक्रिया से सबसे ज्यादा परेशान हो रहे हैं। लोगों की यह भी मांग है कि पूरी प्रक्रिया को वास्तव में पेपरलेस बनाया जाए, ताकि आम आदमी को राहत मिल सके।

पैर में गोली मारने पर HC सख्त, कहा- अधिकारी होंगे ज़िम्मेदार

■ NBT रिपोर्ट, प्रयागराज

AI Image

इलाहाबाद हाई कोर्ट ने पुलिस एनकाउंटर में गंभीर चोट के मामलों पर सख्त छह बिंदुओं की गाइडलाइंस जारी कीं। कोर्ट ने कहा कि निर्णयों का उल्लंघन होने पर जिला पुलिस प्रमुख व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार होंगे। यूपी पुलिस के 'हाफ-एनकाउंटर' के तरीके पर कड़ी फटकार लगाते जस्टिस अरुण कुमार देशवाल की बेंच ने कहा कि उनके सामने ऐसे कई मामले आए हैं, जहां पुलिस अधिकारी, सिर्फ समय से पहले प्रमोशन या मोनियर अधिकारियों से तारीफ पाने या सोशल मीडिया पर मशहूर होने के लिए अनावश्यक रूप से हथियार का इस्तेमाल करते हैं और आरोपी के घुटने के ठीक नीचे पैर में गोली मारकर चोट पहुंचाते हैं।

कोर्ट ने कहा, चोट पहुंचाकर किसी अपराधी को सजा देने के लिए न्यायपालिका का काम करने की अनुमति नहीं दी जा सकती।

ट्रंप ने भेजे वॉरशिप, ईरानी मंत्री और कई अफसरों पर बैन लगा

■ एएफपी, वॉशिंगटन/ इस्तांबुल

ईरान पर हमलों को आशंका के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि बहुत बड़े और ताकतवर जंगी जहाज ईरान की ओर बढ़ रहे हैं। अच्छा होगा कि हमें उनका इस्तेमाल न करना पड़े। हम सैन्य कार्रवाई से बचना चाहते हैं। बातचीत की भी संभावना है, लेकिन इसके लिए दो काम करने होंगे पहला- कोई एटमी हथियार नहीं और दूसरा- प्रदर्शनकारियों की हत्या बंद हो।

अमेरिका का शक्तिशाली वॉरशिप लाल सागर पर स्थित इस्राइली बंदरगाह एलात (Bilat) पहुंच चुका है। ईरान में सरकार विरोधी प्रदर्शनों के खूनी दमन के आरोप में अमेरिका ने ईरानी गृह मंत्री मेमैनी समेत कई अफसरों पर प्रतिबंध भी लगा दिया है। ईरान के अधिकारियों और परिवारों का अमेरिका में रहने का विशेषाधिकार खत्म कर दिया है।

ईरान विरोधी इन कदमों से तनाव बढ़ने के आसार हैं। ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि अमेरिका से बातचीत की अभी योजना नहीं है। ईरान की सेना ने दावा किया कि हमने जर्मन और समुद्र से हमला करने वाले 1000 ड्रोन तैयार किए हैं।

तुर्किये ने अमेरिका और ईरान के बीच वॉशिंगटन और तेहरान के बीच मध्यस्थता की कूटनीतिक पहल तेज कर दी है। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची (Abbas Araghchi) शुक्रवार को इस्तांबुल पहुंचे। वह तुर्किये के राष्ट्रपति रेचेप तैयप अर्दोआन और उनके विदेश मंत्री से मिलने वाले हैं। अर्दोआन ने ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान से फोन पर कहा था कि हम तनाव घटाने में सक्रिय भूमिका निभा सकते हैं।

AFP

इस्राइली तट पर जंगी जहाज़ तैनात

अमेरिका ने अपने वॉरशिप USS Delbert D. Black को इस्राइली बंदरगाह एलात में तैनात किया है।

SM-3, SM-6 मिसाइलों से लैस यह वॉरशिप दुश्मन मिसाइलों को हवा में ही नष्ट करने में सक्षम है।

अमेरिकी मीडिया रिपोर्टों में दावा किया गया कि सात देशों के साथ ईरान पर हमले की टारगेट लिस्ट तैयार हो चुकी है।

चीन पर ट्रंप को ब्रिटिश पीएम का पलटवार

ब्रिटिश पीएम कीर स्टार्मर के चीन दौरे के बीच ट्रंप ने चेताया कि ब्रिटेन के लिए चीन से समझौता करना 'बहुत खतरनाक' है। इस पर शुक्रवार को शंघाई पहुंचे ब्रिटिश पीएम स्टार्मर ने कहा कि चीन से बातचीत और आर्थिक जुड़ाव से दूरी बनाना ब्रिटेन के देश हित में नहीं होगा। सिर्फ यह कह देना कि हम चीन को नजरअंदाज करेंगे, सरासर मूर्खता होगी। (एएफपी)

कनाडा को 50% टैरिफ की धमकी

ट्रंप ने अमेरिका में बिकने वाले कनाडा के विमानों पर 50% टैरिफ लगाने और वहां बने सभी विमानों के सर्टिफिकेशन रद्द करने की धमकी दी है। ट्रंप ने अमेरिकी विमान कंपनी बंबार्डियर एरोस्पेस के साथ भेदभाव का आरोप लगाते हुए यह धमकी दी, जिससे कनाडा की कंपनी Bombardier Inc. अपने सबसे बड़े बाजार- अमेरिका में संकट में आ सकती है।

क्यूबा को बताया गंभीर खतरा: ट्रंप ने कहा कि क्यूबा से अमेरिका को असामान्य और गंभीर खतरा है। उन्होंने नेशनल इमरजेंसी घोषित की और नए टैरिफ सिस्टम को लागू करने का आदेश दिया। इसके तहत उन देशों पर और टैरिफ लगाया जा सकता है, जो क्यूबा को तेल की सप्लाई करते हैं।

निसार ने बादलों को चीरकर ली यह तस्वीर

इसरो और नासा के साझा सैटलाइट ने धुंध में भी साफ दिखाया मिसिसिपी

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

NASA

निसार (NISAR) सैटलाइट ने धुंध में भी मिसिसिपी (Mississippi) नदी डेल्टा की यह तस्वीर ली है। तस्वीर में हरा रंग घने जंगलों और स्वस्थ पेड़ों को दिखाता है। मैजेंटा फसलों और पीला रंग दलदली इलाकों की पहचान कराते हैं।

आमतौर पर जब आसमान में घने बादल होते हैं तो सैटलाइट से ली गई तस्वीरों में जमीन ठीक से नहीं दिखती। शहर, नदियां और खेत सब धुंध में छिप जाते हैं। लेकिन नासा और इसरो के साझा सैटलाइट निसार (NISAR) ने साबित कर दिया कि अब बादल भी धरती की सच्चाई छिपा नहीं सकते। निसार मिशन ने हाल में नई तस्वीर जारी की है, जिसमें अमेरिका के लुइजियाना (Louisiana) राज्य का मिसिसिपी (Mississippi) नदी डेल्टा का इलाका साफ-साफ दिख रहा है। इस तस्वीर में न्यू ऑर्लिएंज (New Orleans) और बैटन रूज (Baton Rouge) शहर, मिसिसिपी नदी, झील, जंगल, दलदली इलाके, खेत और शिपयार्ड क्षेत्र साफ नजर आ रहे हैं। खास बात यह कि जिस दिन तस्वीर ली गई, उसी दिन आम ऑप्टिकल सैटलाइट से ली गई तस्वीरों में पूरा इलाका बादलों से ढका था, लेकिन निसार ने रेडार तकनीक से बादलों के आर-पार झांकते हुए जमीन की पूरी जानकारी हासिल कर ली।

रेडार तकनीक से बादलों के आर-पार देखना संभव

L बैंड माइक्रोवेव तरंगों पर काम करता है निसार सैट

निसार में इस्तेमाल L बैंड रेडार माइक्रोवेव तरंगों पर काम करता है। करीब 24 सेंटीमीटर की लंबी बादलों को बिना किसी रुकावट के पार करती है और नीचे मौजूद जमीन, पेड़ों, इमारतों और पानी की सतह से टकराकर वापस सैटलाइट तक पहुंचती है। इसी डेटा से रंगीन और सटीक नक्शे तैयार होते हैं। निसार को 30 जुलाई 2025 को श्रीहरिकोटा से लॉन्च किया गया था।

डिजास्टर मैनेजमेंट, खेती, जंगलों की निगरानी में कारगर

नासा का कहना है कि निसार का डेटा आपदा प्रबंधन, खेती, जंगलों और वेटलैंड्स की सुरक्षा, इन्फ्रास्ट्रक्चर की स्थिति पर नजर रखने में बेहद मददगार होगा। इसका डेटा वैज्ञानिकों और नीति-निर्माताओं के लिए बड़ा हथियार साबित हो सकता है। यह सैटलाइट हर 12 दिन में दो बार धरती की जमीन, पर्वतों और बर्फीले इलाकों की निगरानी करता है।

SC की चिंता के बाद यूपी सरकार ने कदम पीछे खींचे

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: मोटर वीकल (MV) एक्ट के 2021 तक के पेंडिंग केस समाप्त करने के प्रस्ताव पर सुप्रीम कोर्ट की गंभीर चिंता जताने के बाद अब यूपी सरकार ने प्रावधान में संशोधन का प्रस्ताव किया है। संशोधन के अनुसार, जो अपराध गैरसमझौता योग्य हैं, जिनमें अनिवार्य जेल का प्रावधान है, या जो पुनरावृत्ति अपराध हैं, वे खत्म नहीं किए जाएंगे।

पिछले साल नवंबर में हुई एक सुनवाई के दौरान, सुप्रीम कोर्ट ने 2021 तक के पेंडिंग मोटर वीकल एक्ट के केस यूपी सरकार द्वारा समाप्त किए जाने के प्रावधान पर गंभीर चिंता जताई थी और कहा था कि इसके तहत शराब पीकर गाड़ी चलाने जैसे गंभीर अपराध भी समाप्त हो जाएंगे। सुप्रीम कोर्ट की चिंता के बाद अब उत्तर प्रदेश ने मोटर वाहन अधिनियम, 1988 के तहत 2021 तक लंबित अपराधों के मुकदमों को समाप्त (अबेट) करने के फैसले में संशोधन का प्रस्ताव किया है।

सरकार पुराने मोटर वीकल मामलों को खत्म करने के प्रस्ताव में संशोधन करेगी

शराब दुकानों के लिए तय दूरी घटी, UP सरकार को नोटिस

Rajesh Choudhary
@timesofindia.com

FILE

■ नई दिल्ली: सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश सरकार के उस फैसले पर कड़ा रुख अपनाया है, जिसमें 2010 में शराब की दुकानों और संवेदनशील सार्वजनिक स्थानों के बीच न्यूनतम दूरी घटा दी गई थी। अदालत ने कहा है कि यह फैसला पहली नजर में उसके फैसले को कमजोर करने जैसा है। किसी नियम बनाने वाली अथॉरिटी द्वारा उसके पहले के फैसले के आधार को हटाए बिना, सुप्रीम कोर्ट के फैसले को निष्प्रभावी नहीं किया जा सकता।

जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की बेंच ने इस मामले को गंभीर जनहित से जुड़ा बताते हुए खुद संज्ञान (सुओ मोटो) लिया और 28 जनवरी को उत्तर प्रदेश सरकार को नोटिस जारी किया। शीर्ष अदालत ने पूछा है कि उत्तर प्रदेश आबकारी दुकानों की संख्या और स्थान नियम, 1968 के नियम 5(4) में किए गए संशोधन को विधायी दखल (लेजिस्लेटिव ओवररीच) के आधार पर रद्द क्यों न कर दिया जाए। राज्य सरकार को सात दिनों के भीतर जवाबी हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया गया है। सुप्रीम कोर्ट ने यह आदेश उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा इलाहाबाद हाईकोर्ट के 2 फरवरी 2010 के फैसले के खिलाफ दाखिल अपील पर पारित किया गया। हाईकोर्ट ने 2008 के संशोधन को रद्द कर दिया था।

चांदी की ट्रेन, शॉल...भारत से US के नेताओं को गिफ्ट

अमेरिकी विदेश विभाग ने उन तोहफों की लिस्ट जारी की है, जो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, उनके मंत्रियों और अन्य अधिकारियों से अमेरिकी नेताओं को मिले हैं। लिस्ट में 2024 में मिले गिफ्ट का ब्योरा है। इनमें उन तोहफों को रखा गया है, जिनकी न्यूनतम कीमत $480 रही।

10 सितंबर 2023 PM मोदी ने तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन को लकड़ी का संदूक, स्कार्फ, जार के साथ कैसर और चायपत्ती के लिए लकड़ी का डिब्बा गिफ्ट किया था। अनुमानित कीमत $562 (51,675 रु.)। बाइडन G20 में हिस्सा लेने भारत आए थे।

16 जुलाई 2024 अमेरिकी दौरे में मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन को चांदी की ट्रेन का सेट गिफ्ट किया। इसकी कीमत करीब 7.12 लाख रु. रही। ट्रेन में एक तरफ 'दिल्ली टु डेलवेयर' और दूसरी तरफ 'इंडियन रेलवेज' लिखा था।

18 अक्टूबर 2024 मोदी की ओर से पूर्व उपराष्ट्रपति कमला हैरिस को चांदी का ऐसा डिब्बा गिफ्ट किया, जिसमें 'कृष्ण की रास लीला' उकेरी गई थी। अनुमानित कीमत $1,330 (1.22 लाख रुपये) आंकी गई। उनके पति को कफलिंक दिए गए।

21 अक्टूबर 2024 मोदी ने अमेरिका की पूर्व फर्स्ट लेडी जिल बाइडन को पश्मीना शॉल भेंट किया। अनुमानित कीमत 2.72 लाख रुपये है।

24 नवंबर 2022 रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की ओर से तत्कालीन अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन को शिव नटराज की प्रतिमा दी गई थी।

तमिलनाडु से चुराई 3 मूर्तियां लौटाएगा US

अमेरिका के 'नेशनल म्यूजियम ऑफ एशियन आर्ट' ने तमिलनाडु के मंदिरों से चुराई गई तीन प्राचीन कांस्य मूर्तियों को भारत को लौटाने का फैसला किया है। इनमें चोल काल (990 ईस्वी) की 'शिव नटराज' प्रतिमा भी है।

भारत में निपाह का नया केस नहीं: WHO

Agency

इंडोनेशिया के सुकर्णो एयरपोर्ट पर निगरानी बढ़ा दी गई।

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: पश्चिम बंगाल में दो नर्सों के निपाह वायरस से संक्रमित पाए जाने के बाद उनके संपर्क में आए सभी 196 लोगों की रिपोर्ट निगेटिव आई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के बाद WHO ने इसकी पुष्टि की और कहा कि स्थिति पर लगातार नजर है। फिलहाल हालात नियंत्रण में हैं। डब्ल्यूएचओ के मुताबिक, केंद्र और पश्चिम बंगाल सरकार ने सर्वेलांस बढ़ाया है। लैब टेस्टिंग तेज की गई है। इन उपायों से अब तक निपाह का कोई नया मामला नहीं आया है। WHO ने कहा कि स्थिति को देखते हुए आवाजाही पर कोई बंदिश नहीं है।

थाईलैंड, मलेशिया और सिंगापुर ने नए परीक्षण उपाय लागू किए हैं। किर्गिस्तान ने भारत से पशु उत्पादों के आयात पर प्रतिबंध लगा दिया है।

किर्गिस्तान ने भारत से पशु उत्पादों का आयात रोक दिया

UP के मंत्री को BJP विधायक ने ही घेर लिया

■ NBT रिपोर्ट, चांदा/महोबा: चरखारी से BJP विधायक ब्रजभूषण सिंह राजपूत और उनके समर्थकों ने शुक्रवार को महोबा में जल शक्ति मंत्री स्वतन्त्र देव सिंह को कलेक्ट्रेट परिसर में रोक लिया। बोले-घर घर जल, नल योजना से गांवों को पानी नहीं मिल रहा। गांवों की सड़कें खोद डाली गई हैं। गांवों के प्रधान अपनी बात कहने आए हैं। बात सुन लीजिए फिर जाइए। रोके जाने पर मंत्री समर्थकों ने जवाबी नारेबाजी की।

SINCE 1986
JOINT & SPINE CLINIC
NON SURGICAL PAIN MANAGEMENT
Orthopedic & Physiotherapy
जॉईंट & स्पाईन क्लिनिक

दर्द से राहत की ओर

क्या आप घुटनों की समस्याओं से पीड़ित हैं? क्या आपके घुटनों का लचीलापन, झुकने की क्षमता और भार वहन करने की क्षमता कम हो गई है? अगर आप सीढ़ियाँ चढ़ने में अत्यधिक कठिनाई, दैनिक गतिविधियों में भाग लेने में असमर्थता, पाँच मिनट भी खड़े न रह पाने, घुटनों में तेज़ दर्द आदि से राहत चाहते हैं, तो आज ही नी क्लिनिक जाएँ।

उम्र से संबंधित घुटने का घिसना (Wear & Tear) गठिया (Rheumatoid Arthritis), एसीएल और पीसीएल लिगामेंट और मेनिस्कस का फटना (ACL and PCl ligament and Meniscus tear), गाउट (यूरिक एसिड में वृद्धि), ऑपरेशन के बाद का दर्द। कई मरीज़ घुटने के प्रतिस्थापन के बाद भी दर्द का अनुभव करते रहते हैं।
खेल की चोटें, घुटनों का टूटना, देर तक खड़े न रह पाना, घुटनों में सूजन

बिना सर्जरी, बिना किसी दुष्प्रभाव के

Senior Orthopedic Surgeon
Pain Management Specialist
Rheumatologist

503, कोहिनूर स्पेशलिटी क्लिनिक, पाँचवीं मंज़िल, सेंट्रल टावर, कोहिनूर स्क्वायर, शिवसेना भवन के सामने, दादर

मुंबई
(प्रत्येक सोमवार)
सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक
8767090409
9370155293

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 31-01-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMCLAS User: cci Time: 01-30-2026 22:57 Color:

हाईकोर्ट ने कहा है कि डायबिटीज को जीवनशैली संबंधी विकार बताकर सैन्यकर्मियों को पेंशन से वंचित नहीं किया जा सकता। -पृ5

मीरा-भाईंदर में फतह- ओवर को लेकर सियासी और तकनीकी बहस तेज हो गई है। यह डिजाइन और जिम्मेदारी का मुद्दा बन गया है। -पृ5

173
रहा मुंबई का AQI शुक्रवार को, जो अनहेल्दी है।

22.0
न्यूनतम तापमान दर्ज किया गया शुक्रवार को। दिन में उमस महसूस की गई।

www.mumbai.nbt.in

2

पूरे सिस्टम का कर दिया 'कचरा'

NBT स्मार्ट रीडर

मुद्दा पब्लिक का

घाटकोपर पश्चिम के प्रभाग 123 और 124 में कचरा व्यवस्था चरमराई, न प्रशासन ले रहा सुध, न नेताओं को कुछ पड़ी

Akhilesh.Tiwari@Timesofindia.com

घाटकोपर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले प्रभाग 123 और 124 में घन कचरा प्रबंधन व्यवस्था की वास्तविक स्थिति जानने के लिए सुबह 7 से 8 बजे के बीच मौके पर जाकर की गई पड़ताल में कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आए। कागजों में दिन में तीन बार सफाई होने का दावा किया जाता है, लेकिन जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल उलट नजर आई। कई स्थानों पर कचरे के ढेर लगे हुए थे, बदबू फैल रही थी और स्थानीय नागरिकों को रोजमर्रा की आवाजाही में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। यह स्थिति ऐसे समय में सामने आई है जब मुंबई में स्वच्छता और स्वास्थ्य को लेकर लगातार जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं।

पड़ताल के दौरान सफाई कर्मचारी संजू डोंगरे झाड़ू लगाते हुए मिले। उन्होंने बताया कि कचरा गाड़ी मौके पर खड़ी रहने के बावजूद लोग सड़क पर ही कचरा फेंककर चले जाते हैं। उनके अनुसार, लोगों में जिम्मेदारी और अनुशासन की भारी कमी है। वहीं झाड़ू ठेकेदार सुरजवाइजर यशवंत ठाकुर ने जानकारी दी कि उनके अधीन करीब 80 कर्मचारी काम करते हैं। उन्होंने बताया कि प्रभाग 123 में कुल 6 प्रमुख कचरा स्पॉट हैं, जबकि प्रभाग 124 में 3 ओपन प्लेस और 7 कचरा गाड़ी वाले स्पॉट निर्धारित किए गए हैं। यह पूरा इलाका घन कचरा विभाग के अंतर्गत आता है। विभाग की ओर से सुबह, दोपहर और शाम तीन बार सफाई की जाती है, इसके बावजूद हालात में खास सुधार नजर नहीं आता।

प्रभाग 124: बदबू के मारे खड़े होना भी मुश्किल

प्रभाग 124 की स्थिति और भी गंभीर नजर आई। यहां लगभग हर मोड़ पर कचरा जमा था। बीएमसी विठ्ठल नगर 2 और 4 के पास, दत्त मंदिर, बीएमसी कॉलोनी, ऑक्सफोर्ड स्कूल के पास और किरमत वॉच की दुकान के आसपास लंबे समय से जमा कचरे के ढेर मिले। विशेष रूप से ऑक्सफोर्ड स्कूल के पास स्थिति असहनीय थी, जहां बदबू और गंदगी के कारण बीमारी फैलने का खतरा साफ दिखाई दे रहा था। स्थानीय लोगों का कहना है कि शिकायतों के बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो पा रहा है।

दिखे कहीं गंदगी, तो उठाएं आवाज

किसी शहर के प्रशासन की गंभीरता और नागरिक बोध का अहसास उस शहर की स्वच्छता को देखकर लगाया जा सकता है। स्वच्छ भारत सर्वेक्षण की रैंकिंग में कई शहर मुंबई पर भारी पड़ते हैं। मुंबई और MMR में यहां-वहां कचरा पसरा रहना आम है। यदि आप भी कचरे के निपटान न होने की समस्या से जूझ रहे हैं, तो हमें फोटो, जगह और अपने नाम के किरण के साथ मोबाइल नंबर 99673 97376 पर व्हाट्स ऐप करें।

प्रभाग 123: प्रभाग 123 की बात करें, तो यहां पीयू ऑरेंजेस स्कूल के सामने सड़क पर बने कचरापर के बावजूद लोग उसमें कचरा डालने के बजाय सड़क पर ही कचरा फेंकते नजर आए। स्थानीय नागरिकों के अनुसार, इस कचरापर की वजह से सड़क संकरी हो गई है, जिससे ऑटो रिक्शा निकलने में परेशानी होती है और कई बार इमरजेंसी में ऐंबुलेंस तक फंस जाती है। स्कूल के बच्चों और उनके अभिभावकों को भी तेज बदबू और गंदगी से परेशानी होती है, जिसका असर बच्चों की पढ़ाई पर भी पड़ रहा है। इसके अलावा साईं बाबा मंदिर के सामने स्थित मनपा के इंस्टिक्स मीडियम स्कूल के पास कचरा गाड़ी मौजूद होने के बावजूद लोगों को सड़क पर कचरा फेंकते देखा गया। भोलानाथ लेटल, निर्कारी हॉल, टाटा फ्लैट हाउस, अमृत नगर सर्कल, शंकर पार्क और घाटकोपर इंडस्ट्रियल एरिया जैसे स्थानों पर भी खुले में कचरा और लगातार बढ़ते ढेर दिखाई दिए।

मैं बीएमसी अधिकारियों से बातचीत कर रहा हूं और अंडरग्राउंड सिस्टम जैसे विकल्पों पर विचार किया जा रहा है, ताकि कचरा सड़क पर न फैले और बदबू की समस्या भी खत्म हो।
-सुनील मोरे, प्रभाग 123 से नगरसेवक, शिवसेना (यूबीटी)

नगरसेविका चुनकर आने के बाद मैंने बीएमसी अधिकारियों के साथ दस्तक बस्ती योजना की मीटिंग ली है। इसके पहले प्रभाग 124 में कोई दस्तक बस्ती योजना नहीं थी। अब हमने 150 घरों पर एक सफाई कर्मचारी रखा है। ऐसे कुल 60 लोगों को जिम्मेदारी सौंपी गई है।
- सर्फीना शेख, नगरसेविका, प्रभाग 124

नियमों का नहीं हो रहा पालन

इस पूरी पड़ताल का निष्कर्ष यही है कि समस्या केवल व्यवस्था की नहीं, बल्कि कुछ नागरिकों की लापरवाही और उनमें जागरूकता की कमी भी जिम्मेदार है। लोग सिर्फ अपने घर का कचरा बाहर फेंक देने तक ही सीमित हैं, यह नहीं सोचते कि इससे आसपास रहने वाले अन्य नागरिकों की जिंदगी और स्वास्थ्य पर क्या असर पड़ेगा। कचरा घर और कचरा गाड़ियों की मौजूदगी के बावजूद नियमों का पालन नहीं किया जा रहा है।

फटाफट खबरें

नए ब्लड बैंक के लिए सख्त नीति मंजूर, देना होगा आश्वासन

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: राज्य में नए ब्लड बैंक शुरू करने को लेकर राज्य सरकार ने सख्त नीति को मंजूरी दे दी है। यह फैसला सार्वजनिक स्वास्थ्य एवं कुटुंब कल्याण मंत्री की अध्यक्षता में हुई राज्य रक्त संक्रमण परिषद (SBTC) की बैठक के बाद लिया गया। ब्लड सेंटरों को महानगर, शहरी, ग्रामीण और अतिदूर्गम क्षेत्रों में वर्गीकृत किया गया है। अब केवल उसी ब्लड बैंक को अनुमति मिलेगी, जो कंपोनेंट सेपरेशन सुविधा के साथ केंद्र खोलेगा। प्लेटलेट्स की मांग आपूर्ति को देखते हुए अफेरेसिस सुविधा वाले केंद्रों को प्राथमिकता मिलेगी। आवेदक संस्थाओं को स्वैच्छिक रक्तदान शिविरों के माध्यम से न्यूनतम 2000 यूनिट तथा रक्त संग्रह का लिखित आश्वासन देना होगा, जिसकी समीक्षा दो साल बाद की जाएगी। नीति में ब्लड सेंटरों की क्लस्टरिंग रोकने, थैलेसीमिया मरीजों की जरूरत को शामिल किया गया है।

जैन मंदिर रोड से जीजामाता विद्यालय तक नो-पार्किंग लागू

■ NBT रिपोर्ट, कांदिवली: पश्चिमी उपनगर के समता नगर ट्रैफिक डिवीजन क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए ट्रैफिक पुलिस कई कदम उठाय रही है। इस कड़ी में जैन मंदिर रोड से जीजामाता विद्यालय तक के सकरे मार्ग को तीन महीने के लिए नो-पार्किंग जोन घोषित किया गया है। यह आदेश ट्रैफिक पुलिस के उपयुक्त अजीत बोराडे द्वारा जारी अधिसूचना के तहत लागू किया गया है। उक्त मार्ग पर दोनों ओर अनधिकृत पार्किंग के कारण रोजाना यातायात बाधित हो रहा था, जिससे स्थानीय लोगों को असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा था। साथ ही, रात के समय खड़े वाहनों में अवैध गतिविधियों की शिकायतें भी मिल रही थीं। ट्रैफिक पुलिस के अनुसार, इस आदेश से सड़क किनारे होने वाले जाम की समस्या कम होगी और वाहनों की आवाजाही सुगम बनेगी। आदेश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी।

शहीद दिवस के मौके पर 'स्पर्श' जनजागरूकता अभियान शुरू

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि (शहीद दिवस) पर शुक्रवार को कुष्ठरोग निवारण दिवस मनाया गया। इस अवसर पर राज्य में 'स्पर्श कुष्ठरोग जनजागरूकता अभियान' शुरू किया गया, जो 13 फरवरी 2026 तक चलेगा। अभियान का संदेश है, 'भेदभाव समाप्त करें, सम्मानपूर्ण व्यवहार अपनाएं।' कुष्ठरोग से जुड़े सामाजिक कलंक और भ्रांतियों को दूर करने के लिए राज्यभर में ग्रामसभाएं, स्कूल कार्यक्रम, प्रभात फेरी, नाटक, प्रतियोगिताएं और स्वास्थ्य मेले आयोजित किए जाएंगे। मीडिया के माध्यम से रोग की समय पर पहचान और उपचार का महत्व बताया जाएगा। सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग ने स्वयंसेवी संस्थाओं, सामाजिक संगठनों और चिकित्सकों के सहयोग से समाज में वैज्ञानिक जानकारी फैलाने और कुष्ठरोग के प्रति भेदभाव समाप्त करने की अपील की है।

अंधेरी में 200 अवैध फेरीवालों पर BMC का सख्त ऐक्शन

पैदल चलने वालों और वाहन चालकों को राहत

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: अंधेरी पश्चिम में अवैध फेरीवालों और फुटपाथों पर किए गए अनधिकृत कब्जों के खिलाफ बीएमसी ने शुक्रवार को कड़ी कार्रवाई की। इस कार्रवाई में BMC के वेस्ट वॉर्ड में 200 से अधिक अवैध फेरीवालों को हटाया गया। इससे पैदल चलने वाले यात्रियों और वाहन चालकों को राहत मिलेगी।

जानकारी के अनुसार, यह कार्रवाई राम गणेश गडकरी मार्ग क्षेत्र में की गई, जो स्वामी विवेकानंद मार्ग और गुलमोहर मार्ग को जोड़ता है और कूपर अस्पताल के प्रवेश मार्ग से भी जुड़ा हुआ है। बीते कई महीनों से इस मार्ग के दोनों ओर फुटपाथों पर अवैध दुकानें, ठेले और बड़े हुए निर्माण के कारण सड़क संकरी हो गई थी। नतीजतन, यहां दिनभर ट्रैफिक जाम की स्थिति बनी रहती थी। खासकर अस्पताल मार्ग होने के कारण ऐंबुलेंस के आवागमन में दिक्कतें आ रही थीं।

स्थानीय नागरिकों और सामाजिक संगठनों की ओर से लगातार मिल रही शिकायतों के बाद बीएमसी प्रशासन ने इस क्षेत्र में सख्त कदम उठाने का फैसला किया। कार्रवाई के लिए चार विशेष वाहन, तीन जेसीबी मशीनें और अन्य भारी उपकरण लगाए गए। पूरे अभियान के दौरान लगभग 100 से अधिक अधिकारी और कर्मचारी मौके पर तैनात रहे।

किसी भी तरह की कानून-व्यवस्था की समस्या न हो, इसके लिए मुंबई पुलिस का पर्याप्त बंदोबस्त भी किया गया था। बीएमसी अधिकारियों के मुताबिक, पूरी कार्रवाई शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। अतिक्रमण हटाए जाने के बाद सड़क और फुटपाथ पूरी तरह साफ हो गए हैं। इससे न सिर्फ वाहनों की आवाजाही सुचारू हुई है, बल्कि पैदल यात्रियों को भी सुरक्षित और सुविधाजनक रास्ता मिल सका है। लंबे समय बाद क्षेत्र में ट्रैफिक का दबाव कम होने से स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली है।

HSNC यूनिवर्सिटी के दीक्षांत समारोह में 4,009 स्टूडेंट्स को मिली डिग्री

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: हैदराबाद (सिंध) नैशनल कॉलेजिएट यूनिवर्सिटी (HSNCU) के चौथे दीक्षांत समारोह में विभिन्न संकायों के कुल 4,009 स्टूडेंट्स को डिग्रियां प्रदान की गईं। इनमें से 3,481 ग्रेजुएट और 528 पोस्ट ग्रेजुएशन के स्टूडेंट्स शामिल थे। उत्कृष्ट अकादमिक प्रदर्शन के लिए 42 स्टूडेंट्स को गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया। दीक्षांत समारोह के दौरान केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को पब्लिक सर्विस, इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट और राष्ट्र निर्माण में योगदान के लिए डॉक्टरेट ऑफ लिटरेचर (मानद डी.लिट.) की उपाधि प्रदान की गई।

HSNCU यूनिवर्सिटी की कुलपति प्रो. हेमलता बागला ने कहा, 'वर्ष 2020 में स्थापना के बाद से एचएसएनसी यूनिवर्सिटी ने मूल्य-आधारित, मल्टीडिसिप्लिनरी और भविष्योन्मुखी शिक्षा को प्राथमिकता देते हुए निरंतर प्रगति की है।'

बिना GR वेतन बंद! सरप्लस शिक्षकों में बेचैनी

अतिरिक्त ठहराए गए और बंद स्कूलों के स्टाफ का भुगतान रोके जाने का विरोध

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: महाराष्ट्र राज्य शिक्षक परिषद ने बिना किसी नोटिस के सरप्लस शिक्षक और शिक्षकेतर कर्मचारियों का वेतन रोकने का आरोप लगाया है। शिक्षक यूनियन के मुताबिक, इससे शिक्षकों के सामने आर्थिक संकट और भविष्य को लेकर असुरक्षा का माहौल है। यूनियन ने स्कूली शिक्षा मंत्री दादा भुसे को तुरंत मामले में हस्तक्षेप की मांग की है।

शिक्षक यूनियन ने दावा किया है कि शैक्षणिक वर्ष 2024 - 25 की संख्या मान्यता के तहत सरप्लस घोषित किए गए शिक्षकों और बंद हुए अल्प स्कूलों के शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारियों का वेतन बिना किसी स्पष्ट नोटिस के रोक दिया गया है। परिषद के मुंबई के महामंत्री शिवनाथ दराडे के अनुसार, राज्य के शिक्षा आयुक्त ने 29 नवंबर 2025 को जारी पत्र

AI Image

में 2025–26 की संख्या मान्यता अंतिम होने के बाद 2024–25 के अतिरिक्त शिक्षकों के समायोजन के स्पष्ट निर्देश दिए हैं। इसके बावजूद फरवरी माह का वेतन रोक दिया गया। जबकि शिक्षा विभाग को इन सरप्लस शिक्षक और शिक्षकेतर कर्मचारियों को समायोजित करने की जिम्मेदारी है। भले ही कुछ स्कूलों में स्टूडेंट्स की संख्या कम है, लेकिन शिक्षक और शिक्षकेतर कर्मचारी ड्यूटी कर रहे हैं। ऐसे में उनके वेतन को रोकना उचित नहीं है। इसके अलावा बंद हुई अल्प स्कूलों के शिक्षकों और कर्मचारियों का वेतन पिछले तीन महीनों से लंबित है। इनके सामने भी आर्थिक चुनौतियां हैं। शिक्षा विभाग की तरफ से वेतन तब रोका जा रहा है, जब 10वीं और 12वीं की मौखिक, प्रायोगिक और लिखित परीक्षाएं शुरू हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे संवेदनशील समय में वेतन रोका जाना शिक्षा व्यवस्था के लिए घातक है। उन्होंने सरकार से तुरंत आदेश जारी कर वेतन भुगतान बहाल करने की मांग की है।

पुरानी पेंशन योजना को लेकर भेदभाव के आरोप

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: शिक्षक यूनियन ने पुरानी पेंशन योजना को लेकर भेदभाव करने का आरोप लगाया है। यूनियन के मुताबिक, एक ही नियम होने के बावजूद शिक्षकों के दो वर्गों में भेदभाव किया जा रहा है। इससे हजारों निजी अनुदानित स्कूल और जूनियर कॉलेज शिक्षकों की पेंशन सुरक्षा अधर में लटकी हुई है। शिक्षकों को न्याय दिलाने के लिए यूनियन ने मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री को ज्ञापन सौंपा है।

अनुदानित शिक्षकों को अब भी है पुरानी पेंशन का इंतजार

महाराष्ट्र पुरोगामी शिक्षक संघटना के प्रदेश अध्यक्ष ताजाजी कांबले ने कहा कि राज्य सरकार ने 1 नवंबर 2005 से पहले जारी भर्ती विज्ञापन के आधार पर नियुक्त कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना का लाभ देने का फैसला लिया है। इस निर्णय का लाभ जिला परिषद के शिक्षकों और कर्मचारियों को दिया जा चुका है। लेकिन समान स्थिति होने के बावजूद निजी अनुदानित स्कूलों और जूनियर कॉलेजों के शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारी अब भी इस लाभ से वंचित हैं।

वित्त विभाग और ग्राम विकास विभाग के जीआर के अनुसार, 2005 से पहले की भर्ती विज्ञापन वाले मामलों में पुरानी पेंशन लागू की गई है। इसके आधार पर जिला परिषद कर्मचारियों को लाभ मिला, लेकिन स्कूली शिक्षा विभाग ने निजी अनुदानित शिक्षकों के लिए अब तक कोई स्पष्ट जीआर जारी नहीं किया है।

जब बच्चे बोलें झूठ, तो जानें उनका मन

NBT पैरेंटिंग
ताकि बच्चे रहें अच्छे

खुद से पूछें, 'मेरा बच्चा मुझसे बातें छुपाने क्यों लगा है?'

■ मेरे काउंसलिंग रूम में एक मां बैठी थीं। कुर्सी पर बैठी हुई, लेकिन मन से बेहद थकी हुई। आंखों में चिंता साफ झलक रही थी। थोड़ी देर चुप रहने के बाद उन्होंने कहा, 'डॉ. विनु, मेरा बच्चा अब मुझसे सच नहीं बोलता। छोटी-छोटी बातों पर भी झूठ बोलने लगा है। मुझे डर है कहीं मैं अपने ही बच्चे को खो न दूं।

डॉ. चीनू अग्रवाल मनोवैज्ञानिक

यह कोई अकेली कहानी नहीं है। अपने वर्षों के अनुभव में मैंने देखा है कि बच्चों के झूठ बोलने से अक्सर माता-पिता काफी चिंतित हो जाते हैं। अलग-अलग घर, अलग-अलग परिस्थितियां, लेकिन सवाल एक ही 'मेरा बच्चा मुझसे बातें छुपाने क्यों लगा है?'

यह सवाल सिर्फ बच्चों के व्यवहार के बारे में नहीं होता, यह रिश्ते में आई उस खामोश दरार के बारे में होता है, जो समय रहते समझी न जाए, तो धीरे-धीरे भरोसे को तोड़ सकती है।

मनोविज्ञान के अनुसार बच्चों का झूठ बोलना अपने आप में समस्या नहीं है, पर कभी कभी यह एक भावनात्मक संकेत (emotional signal) हो सकता है।

देखा गया है कि बच्चे तब झूठ बोलते हैं जब

- उन्हें किसी बात के लिए सजा मिलने या डांटे जाने का डर होता है।
- उन्हें लगता है कि उनकी बात सुनी या समझी नहीं जाएगी।
- वे माता-पिता की अपेक्षाओं पर खरे न उतर पाने से डरते हैं।
- घर में संवाद से अधिक नियंत्रण होता है।

जब बच्चा बार-बार सच छुपाने लगता है, तब

- माता-पिता और बच्चे के बीच भावनात्मक दूरी बढ़ने लगती है।
- बच्चा अपनी परेशानियां अकेले झेलने लगता है। संवाद कम और गलतफहमियां अधिक हो जाती हैं।

AI Image

माता-पिता ये महसूस करते हैं कि 'हमने बच्चे को सब कुछ दिया, फिर भी वह हमसे झूठ क्यों बोल रहा है?' ऐसा महसूस करना स्वाभाविक है, लेकिन हमें यह समझना होगा कि बच्चों के लिए भौतिक सुविधाएं प्रदान करना काफी नहीं है। बच्चों के अंदर भरोसा और भावनात्मक सुरक्षा की भावना विकसित करने के लिए माता-पिता नीचे दिए गए कुछ सुझावों का उपयोग कर सकते हैं।

1.सच बोलने को सुरक्षित बनाइए: अगर सच बोलने पर बच्चे को डांट या तिरस्कार मिलता है, तो अगली बार वह सच बोलने से बचेगा।

2.अपनी प्रतिक्रिया पर ध्यान दें: बच्चे शब्दों से ज्यादा आपकी प्रतिक्रिया याद रखते हैं।

3.पूछताछ नहीं, संवाद करें: तुमने झूठ क्यों बोला? तुमसे सच बताने में डर क्यों लगा?

4.भरोसा समय लेता है: भरोसा एक बातचीत से नहीं, लगातार समझ और व्यवहार से बनता है।

5.खुद से भी सवाल पूछिए: क्या हमारे परिवार में किसी के लिए भी गलती करने की जगह है?

क्या हम सच में सुनते हैं या सिर्फ एक-दूसरे सुधारते रहते हैं?

जब कोई बच्चा झूठ बोलता है, वह यह कह रहा होता है कि 'मुझे सुरक्षित महसूस नहीं हो रहा।' एक मनोवैज्ञानिक और एक इंसान के रूप में मेरा गहरा विश्वास है कि भरोसा डर से नहीं, समझ से बनता है। बच्चों को बदलने से पहले, उनसे जुड़ना जरूरी है।

रियल-टाइम में बनेगा राज्य GDP का डेटा

मुंबई यूनिवर्सिटी करेगी त्रैमासिक आर्थिक नाऊकास्टिंग का अध्ययन

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: मुंबई यूनिवर्सिटी को राज्य की त्रैमासिक सकल राज्य घरेलू उत्पाद (GSDP) का रियल-टाइम अनुमान (नाऊकास्टिंग) तैयार करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। यह पहल महाराष्ट्र को देश का पहला राज्य बनाती है, जो वार्षिक और देरी से आने वाले आंकड़ों की जगह तुरंत आर्थिक तस्वीर तैयार करेगा।

यह अध्ययन महाराष्ट्र इन्स्टिट्यूट फॉर ट्रान्सपोर्मेशन (मित्र) और राज्य के योजना विभाग के सहयोग से किया जाएगा। परियोजना का उद्देश्य राज्य की आर्थिक गतिविधियों पर लगभग उसी समय नजर रखना है, ताकि बजट, निवेश, महंगाई और मंदी-तेजी से जुड़े फैसले पुराने आंकड़ों की बजाय रियल-

AI Image

GSDP

टाइम डेटा पर लिए जा सकें। अब तक जीएसडीपी के आधिकारिक आंकड़े सालों बाद उपलब्ध होते थे, जिससे नीतिगत निर्णय प्रभावित होते थे। नाऊकास्टिंग मॉडल के जरिए त्रैमासिक और नियमित अपडेट मिलने से सरकार को आर्थिक उतार-चढ़ाव की समय रहते पहचान हो सकेगी और आपूर्ति-श्रृंखला या वैश्विक झटकों पर तुरंत नीति प्रतिक्रिया देना संभव होगा।

27.72 लाख का प्रोजेक्ट, दो साल में होगा पूरा: राज्य सरकार ने इस अध्ययन के लिए 27.72 लाख की राशि मंजूर की है। परियोजना को दो वर्षों में पूरा किया जाएगा। अध्ययन में बिजली खपत, जीएसटी संग्रह, डिजिटल लेन-देन, मालवाहतूक, वाहन पंजीकरण और कृषि मंडियों जैसे हाई-फ्रीक्वेंसी इंडिकेटर्स का उपयोग किया जाएगा। इन आंकड़ों का विश्लेषण आधुनिक तकनीक, डायनैमिक फैक्टर मॉडल और मशीन लर्निंग के जरिए किया जाएगा। इससे महाराष्ट्र की आर्थिक स्थिति का विश्वसनीय त्रैमासिक अनुमान तैयार होगा।

टीम में RBI के अर्थशास्त्री भी शामिल

परियोजना के नोडल अधिकारी प्रो. सत्यनारायण कोठे होंगे। रिसर्च टीम में आरबीआई के वरिष्ठ अर्थशास्त्री विपुल छोंब और एमएसईपीपी की फेलो सुप्रिया निकम शामिल हैं। परियोजना को मुंबई स्कूल ऑफ इकनॉमिक्स एंड पब्लिक पॉलिसी की निदेशक प्रो. मनीष दत्ता के पूर्ण संस्थागत समर्थन प्राप्त है। मुंबई यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ. रवींद्र कुलकर्णी, डॉ. अजय भामरे और कुलसचिव डॉ. प्रसाद काडरे ने इस परियोजना के लिए रिसर्च टीम को बधाई दी है।

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 31-01-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMMAH User: cci Time: 01-30-2026 23:12 Color:

लोकल का हाल सुधारने की जिम्मेदारी IIT को

1 साल में आएगी रिपोर्ट, मंथन जारी

Priya.Pandey@timesofindia.com

■ **मुंबई:** मुंबई और एमएमआर में लोकल ट्रेन को अधिक सुरक्षित, सुगम, आरामदायक और किफायती बनाने की दिशा में एक अहम पहल की गई है। इस दिशा में आईआईटी मुंबई (इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी) ने लोकल ट्रेन व्यवस्था की मौजूदा स्थिति का अध्ययन करने की जिम्मेदारी ली है। इस स्टडी में मुंबई रेल विकास कॉरपोरेशन (MRVC) भी सहयोग करेगा। स्टडी की अवधि लगभग एक वर्ष की होगी, जिसके बाद विस्तृत रिपोर्ट सौंपी जाएगी।

आरामदायक और किफायती यात्रा की दिशा में अहम पहल

शुक्रवार को आईआईटी बॉम्बे में हुई बैठक में लोकल ट्रेन से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई। इसमें सबसे प्रमुख मुद्दा एसी लोकल ट्रेन का किराया रहा। मौजूदा एसी लोकल के दाम आम यात्रियों की पहुंच से बाहर माने जा रहे हैं। बैठक में इस बात पर विचार किया गया कि क्या वातानुकूलित किराया आम आदमी के लिए अफोर्डेबल है। साथ ही यह भी चर्चा हुई कि किराए में कमी की जा सकती है या भविष्य में स्लैब सिस्टम लागू किया जाना चाहिए। स्टडी का उद्देश्य यह समझना है कि एसी लोकल को मिडिल क्लास और रोजाना कंप्यूटर के लिए कैसे उपयोगी बनाया जाए, ताकि यह केवल प्रीमियम सेवा न रहकर जनसामान्य की सुविधा बन सके। इसके अलावा लोकल ट्रेन के टाइम टेबल की समस्या भी चर्चा के केंद्र में रही। अक्सर देखा जाता है कि घोषित समय के अनुसार ट्रेनें नहीं चलतीं, जिससे यात्रियों को देरी और भीड़ का सामना करना पड़ता है।

उपायों पर भी रिसर्च की जाएगी

पेटिकट यात्रियों और टिकट चेकिंग व्यवस्था की खामियों को भी गंभीरता से लिया गया है। डिजिटल टिकटिंग, ऑटोमैटिक चेकिंग सिस्टम और जवाबदेही तय करने जैसे उपायों पर भी रिसर्च की जाएगी, ताकि लोकल यात्रा अधिक अनुशासित और सुविधाजनक बन सके।

खराब AQI का असर क्रिकेट मैच पर भी

खिलाड़ियों ने पहने मास्क, जांच के आदेश

Neeraj.Tiwari@timesofindia.com

■ **मुंबई:** खराब एयर क्वालिटी का असर बीकेसी में चल रहे क्रिकेट के रणजी मैच में देखने को मिला जब क्रिकेटर ग्राउंड पर मास्क पहनकर उतरे। मामले की जानकारी जब बीएमसी के वॉर्ड ऑफिसर को पहुंची तो 10 स्क्वॉड को अलग-अलग कंस्ट्रक्शन साइट पर भेज कर पल्यूशन के कारण जांचने का निर्देश दिया गया। बीएमसी के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि बीकेसी एव-ईस्ट वॉर्ड के अंतर्गत आता है। इस वॉर्ड के अंतर्गत सरकारी और प्राइवेट कामों को मिला दिया जाए तो कुल 80 कंस्ट्रक्शन साइटें हैं और इनमें से अधिकांश साइटों पर एयर क्वॉलिटी के नियमों का पालन नहीं किया जा रहा है। बीएमसी प्रशासन ने इनमें से अधिकांश साइटों को कारण बताओ नोटिस जारी किए हैं।

बीकेसी और आस-पास के इलाकों में है 80 कंस्ट्रक्शन साइट

बता दें कि बीकेसी में रणजी मैच खेला जा रहा है। शुक्रवार को खिलाड़ियों ने खराब एयर क्वालिटी के चलते मास्क लगा लिया। इससे ग्राउंड पर मौजूद दर्शकों ने जमकर हो-हल्ला मचाया। मामला जब बीएमसी मुख्यालय पहुंचा तो जांच के निर्देश दिए गए। जांच के लिए वॉर्ड ऑफिसर मृदुला अंडे को निर्देश दिए गए। इसके बाद एव ईस्ट वॉर्ड में तैनात 10 स्क्वॉड को कंस्ट्रक्शन साइटों की जांच कर रिपोर्ट करने को कहा गया।

नियमों की अनदेखी

बीएमसी के अधिकारी ने बताया कि बीकेसी और पास के इलाके में कुल 80 कंस्ट्रक्शन साइट हैं, इनमें से अधिकांश में एयर क्वालिटी के लिए जारी किए गए 30 नियमों का पालन नहीं किए जाने की बात सामने आई है। जिन साइटों ने नियमों का पालन नहीं किया जा रहा था उन्हें नोटिस दिया है। दिए समय में नियमों का पालन नहीं किया जाता है तो सभी का काम रोक दिया जाएगा।

जनवरी में 30 में से 22 दिन ख़राब रही हवा

Suraj.Pandey@timesofindia.com

■ **मुंबई :** जनवरी महीने में भी मुंबई की वायु गुणवत्ता में कोई खास सुधार नहीं हुआ। 30 में से 22 दिन मुंबई की औसत वायु गुणवत्ता 100 AQI से अधिक थी यानी असंतोषजनक स्थिति में रही। शुक्रवार को भी कई इलाकों में वायु की गुणवत्ता असंतोषजनक रही।

वायु गुणवत्ता को लेकर कोर्ट की फटकार के बावजूद मुंबई की औसत वायु गुणवत्ता जनवरी में केवल 8 दिन 100 AQI के नीचे दर्ज की गई, जबकि बाकी दिन 100 से 140 AQI के बीच रही। रविवार से लेकर मंगलवार तक मुंबई की वायु गुणवत्ता में सुधार दर्ज किया गया था। वायु प्रदूषण की मॉनिटरिंग करने वाली सेंट्रल पल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के ऐप समीर की रीडिंग के अनुसार, शुक्रवार को मुंबई का औसत 127 AQI दर्ज किया गया।

एयरपोर्ट पर हवा खराब

मुंबई के विले पार्ले स्थिति एयरपोर्ट क्षेत्र में सबसे अधिक 197 एक्यूआई वायु गुणवत्ता दर्ज की गई। इसके बाद सायन में 153 एक्यूआई, देवनार में 149, अंधेरी में 148, मालाड में 147, कुर्ला में 144 एक्यूआई दर्ज किया गया। केवल बोरीवली में वायु गुणवत्ता 79 एक्यूआई दर्ज की गई, जिसे संतोषजनक माना जाता है।

ऐक्टर कमाल को मिली बेल

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** अंधेरी कोर्ट ने अभिनेता कमाल खान (KRK) को शुक्रवार को जमानत दे दी है। खान को लाइसेंसी हथियार से रिहायशी बिल्डिंग में हुई फायरिंग केस में गिरफ्तार किया गया था। जमानत अर्जी में खान ने खुद की गिरफ्तारी को मनमाना बताया था। इसके साथ ही अरेस्ट को कानूनी प्रक्रिया का दुरुपयोग होने का दावा किया था।

मैजिस्ट्रेट के सामने खान की वकील ने दावा किया कि फायरिंग को लेकर कोई मकसद साबित नहीं हुआ है। आरोपी पर लगाए गए आरोप सुनी-सुनाई बातों पर आधारित थे। सीसीटीवी फुटेज में पुलिस को कुछ भी आपत्तिजनक नहीं मिला है। रिमांड रिपोर्ट में आरोपों के संबंध में कोई भी ठोस चीज सामने नहीं आई है। केवल कारतूस रखने से आरोप साबित नहीं होते हैं। पुलिस को कोई सुराग नहीं मिला है। इन तर्कों के मद्देनजर मैजिस्ट्रेट ने आरोपी खान को बेल दे दी।

भ्रूण के गर्भपात की अनुमति नही

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** बॉम्बे हाई कोर्ट ने एक युवती को 28 हफ्ते के भ्रूण के गर्भपात की अनुमति देने से इनकार कर दिया है। कोर्ट ने कहा कि भ्रूण में कोई विसंगति नहीं है। ऐसे में भ्रूण के गर्भपात की अनुमति देना भ्रूण हत्या के बराबर होगा। युवती अपने साथी के साथ संबंधों के चलते गर्भवती हुई थी।

400 मीटर के 18 हजार रुपये लिए

एयरपोर्ट पर विदेशियों से ठगी, फर्जी पुलिसवालों की लूट

Akhilesh.Tiwari @Timesofindia.com

■ **मुंबई :** मुंबई में विदेशी नागरिकों से ठगी की दो घटनाओं ने चौका दिया है। मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास महज 400 मीटर की दूरी के लिए एक टैक्सी चालक ने विदेशी महिला से 18 हजार रुपये वसूल लिए। वहीं, पोर्ट इलाके में फर्जी पुलिसकर्मियों ने केन्या की एक महिला से करीब 79 लाख रुपये की नकदी लूट ली। दोनों मामलों में पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

AI Image

पुलिस के अनुसार, पहली घटना छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास की है। विदेश से मुंबई आई एक महिला को पास के हिल्टन होटल जाना था। वह देवराज यादव के ऑटो रिक्शे में बैठी। यादव ने अपने टैक्सी चालक मित्र तौफीक शेख को भी बुला लिया। दोनों ने होटल तक छोड़ने के लिए 200 डॉलर (लगभग 18 हजार रुपये) मांगे। महिला को हिल्टन होटल के बजाय किसी अन्य होटल के पास उतारकर दोनों आरोपी फरार हो गए। पीड़िता ने इस घटना को सोशल मीडिया पर पोस्ट किया, जिसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों को गिरफ्तार कर लिया।

वहीं, केन्या की नागरिक सुमय्या अब्दी (27) 27 जनवरी को फोर्ट में टैक्सी से यात्रा कर रही थी। दोपहर करीब तीन बजे दो युवकों ने उनकी टैक्सी रोककर खुद को पुलिसकर्मी बताया और पूछताछ के बहाने उनके दो बैग अपने कब्जे में ले लिए। बाद में आरोपी थाने में चलने की बात कहकर फरार हो गए। मामले की गंभीरता को देखते हुए डीसीपी डॉ. प्रवीण मुंढे के मार्गदर्शन में पुलिस टीम ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान की। आरोपी सुरेंद्र चव्हाण नामक को वाशी से गिरफ्तार कर उसके पास से 79 लाख रुपये की नकदी बरामद की गई।

जन्म देने वाले की नहीं, पालने वाले की मिलेगी 'कास्ट': HC

बच्चे की जाति के बारे में नहीं थी जानकारी

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** बॉम्बे हाई कोर्ट ने माना है कि अडॉप्शन में लिए गए बच्चे को उसे गोद लेने वाले पैरेंट्स की कास्ट मिलेगी। कोर्ट ने कहा कि जब अडॉप्शन प्रक्रिया पूरी हो जाती है, तो गोद लिया बच्चा गोद लेनेवाले दंपती की वैध संतान बन जाता है। इसके साथ ही बच्चे को वे सभी अधिकार मिल जाते हैं, जो उस रिश्ते से जुड़े होते हैं। यदि गोद लिए बच्चे को यह हक नहीं मिलेगा, तो उसका भविष्य अनिश्चित और अंधकारमय हो जाएगा। ऐसी स्थिति से निपटने के लिए कोर्ट ने अडॉप्शन का अर्थ निर्धारित किया है।

अदालत ने उस महिला की याचिका पर यह फैसला सुनाया है, जिसने ऐसे बच्चे को अडॉप्ट किया था, जिसके पैरेंट्स का कोई पता नहीं था। ऐसे में अदालत के सामने यह प्रश्न उपस्थित हुआ था कि इस तरह के बच्चे की कास्ट क्या होगी। बच्चे को गोद लेनेवाले पैरेंट्स विशेष पिछड़ा (SBC) वर्ग से जुड़े थे। इसी आधार पर डिप्टी कलेक्टर ने गोद लिए बच्चे के नाम पर एसीबीसी का जाति प्रमाणपत्र जारी किया था। इसे बाद में अज्ञात शख्स से मिली शिकायत के आधार पर रद्द कर दिया गया था।

जस्टिस एमएस कार्णिक और जस्टिस एसएम मोडक की बेंच ने इस मामले में सुनवाई की। बेंच ने कहा कि अडॉप्शन का प्रभाव यह होता है कि बायोलॉजिकल पैरेंट्स से नाता टूट जाता है।

TIMES interact
Connecting People, Connecting Needs.
To book your ad
Logon to: ads.timesofindia.com
or Call: 18001205474 (Toll Free)
Scan QR Code

प्रॉपर्टी

मुंबई प्रॉपर्टीज

दादर

RUSTOMJEE Crown 3 BHK 1300 Sq Ft 6.95 Cr 4 BHK 1700 Sq Ft 9.50 Cr Ready / OC / Amenities Highrise Estates 99 200 11 888

वर्ली

SEA Facing Bungalow in Air 10,500 Sq Ft Carpet Pools, Gym, Kids Play Area 1 Acre / Sea Link / Coastal Rd Highrise Estates 99 200 11 888

बोरीवली पश्चिम

3-BHK-फ्लेट-1150' पुष्पेश्वर कारपेट, बोरीवली (वेस्ट) एल. टी. रोड, चंपावाडर लेन, पार्किंग के साथ. (3.50 Cr.) Mukesh Estate : 9820074825.

2-BHK-फर्निश्ड-फ्लेट-750' पुष्पेश्वर कारपेट, बोरीवली (वेस्ट) दौलीवास लेन क्रॉस रोड, एलार, पार्किंग के साथ. (2.01 Cr.) Mukesh Estate : 9820074825.

गोरगांव पश्चिम

KALPATARU RADIANCE 2 BHK 839 Carpet 3.25 Cr Vacant Possession/ Rdy / OC Pool, Gym, Kids Play Area Highrise Estates 97 666 555 00

महालक्ष्मी

4 BHK Near Race Course Spacious / Terrace Deck 3 Covered Car Parks @ 8.60 Cr Pool, Gym, Kids Play Area Highrise Estates 99 200 11 888

मलाड पश्चिम

MALAD (W) SV Road, Opp Jain Derasar for sale 1Bed 1.11cr; 2Bed-1.56cr All Incl. Poss. April 2026. 9821291100 / 7506953114.

मुलुंड पश्चिम

FOR SALE 2 BHK- 705 sq. ft. & 3 BHK- 951 sq. ft., 2 Parking on Podium, Valji Ladha Road, Mulund West. (7501800055546) Call 9930 333 456

प्रॉपर्टी ऐन्सलेरीज

वाणिज्यिक परिसर (अवल संपत्ति)

VILEPARLE-EAST, Archis CHS, Mahant Road, Gr. Flr, 1419 sq.ft. Road facing, Parking 3, commercial premises suited for banking, super market, offices. Avail on lease. Contact Owner 9653439473/ 9869651207 Email : arun.waman@smnetworks.co.in

FOR-LEASE, 700 Sq.Ft. Office Ready to move in, Fully Furnished 5th Floor, Mittal Towers 'B', Nariman Point. 2.58 Lacs P.M.- GST. Call: 9619285145 Owner.

PRELEASE ready shops for sale Kandivali Borivalia Area 130/ 200/ 225 @ MahaviraNagar Haridas Nagar, Datt Mandir 1.65 cr onwards. - 9619195346

लीज और किराए पर

1) ON-RENT,70,000 sq.ft. Highway face N.A.plot built to suit One Lac sqft Vertical 25000 sq.ft. x 4 floors= 100000 sq.ft. for Godown/ Pharma/ Garment / Car Centre/ assembling, Nr Fountain Hotel, 3 km from Kashimira.
2) ON Rent 6000 sq.ft.(1st-3000'& 2nd -3000') office fully furnished at Marol Maroshi Road,3 km from Airport, Nr Seven Hills Hospital.
3) Very Prime Plot 24000 sq.ft. Next to Fun Republic. One lac sqft,10000 sq.ft.@10 floors= 100000 sq.ft. built to suit Glass Façade Jwellery /Showroom /Corperate office/ Bank /IT
4) ON Rent Gr.Floor, besides Lodha Aqua, Mira Road, Super Market 1650' Carpet with A/C & with Racks / Office.
5) On Rent,Gala 4000 sq.ft.at kaman Bhiwandi Road facing, Near Bhajanlal Dairy.
Ph: 9820236654 / 9870643011, Email-gkp.fittech@gmail.com

बिक्री के लिए भूमि

2.25-ACRES (N.A.) Plot available for development /sale near Khardi/ Agricultural land available for sale 25 lakhs per acre near Shahapur. 9030205115

भर्ती

रिक्त पद

फोमैन व कारपेन्टर फर्नीचर बनाने/ मरम्मत करने के लिए चाहिए, अनुभव: 8 से 10 साल. संपर्क: 9619944191/ 40020800

घर के काम के लिए कामवाली बाई चाहिए और ऑफिस बॉय चाहिए। आनंद नगर, जोगेश्वरी वेस्ट के लिए। संपर्क करें: 9820398464

REQUIRED experienced production,R&D,safety chemists,executives,managers, Admin HR executive, accounts executive and freshers as trainees. Mail to agitalcp@gmail.com

SAI Sports Academy Bandra (W) need (1) Male Badminton Coach 4 PM to 7 PM (Mon-Sat), (2) Male Supervisor for General Civil Maintenance (9 AM to 6 PM, (3) Male/ Female part-time Office Asst 1.00 to 12 Noon or 4 PM to 11 PM. Send Biodata stating experience to 98203 95432.

भर्ती-रिक्त पदों की स्थिति

अन्य रिक्तियां

एकाधिक रिक्तियां

MUMBAI BASED PVT LTD CO REQUIRE FOLLOWING STAFF URGENTLY
1. AC SERVICE MANAGER
2. AC SALES EXECUTIVES
3. SALES EXECUTIVES FOR WATER PURIFIERS
4. SALES MANAGER FOR SOUTHERN REGION
INTERESTED CANDIDATE MAY SEND CV ON 9072756041

पार्ट टाइम जॉब

WORK-PART/FULL-TIME with India's Leading MNC. Be your Own Boss. Flexible time+ Unlimited Income+ Best Trainings+Foreign trips. 98330 15947

Kandivli Education Society's Shroff College of Arts & Commerce
Bhakthai Desai Road, Kandivli (West), Mumbai - 400 067
022-42154500

We are seeking passionate and dedicated professionals to join our dynamic team at KES' Shroff College, a leading educational institution in the Western Suburbs of Mumbai.

NON-TEACHING STAFF FOR UNAIDED SECTION

Subject / Post	No. of Full Time Posts	Qualification & Experience
Studio In-charge	01	Oversee daily studio operations, equipment, and shoot coordination, ensuring smooth workflow and quality output with 3-5 years of experience.
Housekeeping Supervisor	01	Supervise housekeeping staff and ensure cleanliness, hygiene, and smooth daily operations with 3-5 years of experience.
Security Supervisor	01	Oversee security staff and ensure safety protocols and premises security with 3-5 years of experience.
Placement Executive	01	Graduate/Postgraduate in HR/ Management, 1-3years experience
Soft Skill Trainer	01	Graduate/Postgraduate. Certification in soft skills/training, 1-3years experience
Assistant Librarian	01	Graduate, BLIB/MLIB, MS-CIT.
Library Attendant	02	HSC Pass
Peon	02	SSC Fail

Interested candidates can email your CV and cover letter to recruitments@kessc.edu.in with the subject line mention: 'Application for [Position name]', within 7 days of publishing the advertisement.

GOVT. Recognized Company Looking for Retired, Bankers, VRS, Teachers, Housewives, NRI (Age 40 to 70) Fixed Income+PF+ESIC...9820691548

REQD Retired, Housewife, Part/ Fulltime/ Work from home Jobs for Reputed Co. Ghatkopar 9082257817

THE-BISHOP'S-SCHOOL, Bhayandar (W) - (SSC Board) invites Applications from Well Qualified and exp. Female Teachers for Social Sciences, English for Secondary and Marathi, P.T. for Primary Section with Immediate Joining. Ph. 9322552293 email:- office@thebishopsschool.in

REQD. Female Teacher for Primary Std. (I-IV) & K.G (pre-primary) and also Clerk. Meet personally with C.V & photo Principal, Queen Mary High School, Gokuldham, Mall(E), 9867510017, Time 9-1.

अकादमिक

सामान्य

REQD Qlfd Clerk For Aryan Jr & Sr.College, Bmc Bldg, Jogleskarwadi, Sion (E), Mum-22, Tel No. 022-24073599, aryanjrcollege2000@gmail.com

शिक्षक

THE BISHOP'S International School (ICSE) Bhayandar (W) Invites Applications (Females only) for Pre-primary, Primary & Secondary sections with min. 2 yrs. of exp. sub: math, science art & ICT. apply within 10 days. mention subjects applied for in the email subject line. Also req.: front office clerk with exp. in ICSE school administration. Email: info@thebishops internationalschool.com

प्रशासन

चपरासी

एक रेप्यूटेड बिल्डर के ऑफिस में प्यून की आवश्यकता है। संपर्क : 8828000998.

बिजनेस

BUSINESS OFFERS

SALE-RUNNING Famous Canon Pay Bhaji Hotel, No.1 Location Opposite CSMT, 6 Crores. Contact 8657438844/ 9969785714

व्यक्तिगत

खोया एवं पाया

PUBLIC NOTICE Following documents have been lost by Mr. Sohansingh B.Rajpurohit, R/o 11/17-B, Nilkanth Nagar, Amrath Manthan CHS Ltd., Kandivali (W), Mumbai.67 1) MHADA Allotment Letter (Adik Shankar Botre)2) MHADA application,payment receipt 3) Share Certificate,Letter at Charkop, Kandivali (W) on 01/12/2025.Police Report No. 509-2026 dated 02/01/2026, Charkop PS. Claims/ objections, if any, within 7 days. Mob: 9867080039

नाम परिवर्तन

I,BELIM Nazimkhan Husenkhan r/o Zariyavada, Mangrol, Junagadh, Gujarat - 362240 have changed my Son name from Nomankhan to Nomankhan Nazimkhan Belim vide aff. No 59AB894327 dt. 29-01-2026 at Nashik

I declare that "Ashish Vijay Patel" and "Ashish Vijaykumar Patel" refer to one and the same person, i.e., the deponent. For all official purposes and future reference, the name shall be used as Ashish Vijaykumar Patel.

I,BELIM Nazimkhan Husenkhan r/o Zariyavada, Mangrol, Junagadh, Gujarat - 362240 have changed my Daughter name from Belim Khwaish to Belim Khwaish Nazimkhan vide aff. No 59AB894328 dt. 29-01-2026 at Nashik

I,MANKAR Shivaji Haridas r/o Siddhi Vinayak Heights, Wadner Dumala, Nashik, M.H-422102 have changed my Son name from Atharva to Atharva Shivaji Mankar and Wife name from Shital to Mankar Shital Shivaji in school documents vide aff.dt. 27-01-2026 No 60AB227430 at Nashik

I, SHAILESH INGLE, resident of Ghansoli, Navi Mumbai do hereby declare that my name is mentioned as SHAILESHKUMAR SHALIGRAM INGLE in my Passport and as Shailesh Ingle in my other records. Both the names refer to one and the same person. This declaration is made for passport and official purposes. Henceforth, I shall be known as SHAILESH INGLE

सेवाएं

ज्योतिष

चिंता बताये जाने सभी समस्याओं का हल प्रेमविवाह, विरोधयोग, गृहक्लेश, तभारी बाधा का गारंटेड समाधान लोक कहते हैं हम करके दिखाते. 9969724766 / 8828054766

कानूनी सलाह

GIFT DEED
RELEASE DEED
SALE DEED
WILL
POINT ADVISORY
7021653529

टेंडर और नोटिस

निविदाएं (टेंडर्स)

BOMBAY GYMKHANA LIMITED
SALE OF USED GYM EQUIPMENT

SALE NOTICE
Bombay Gymkhana Ltd. invites **sealed offers** for the sale of 32 (Thirty-Two) **pieces of used gym equipment.**
Interested parties are requested to **submit separate offers for each item.**
Details of the equipment may be viewed on our website: www.bombaygymkhana.com
For queries contact Custodian at 022-43223440
Inspection will be permitted at the **Gymkhana premises** between **2:00 PM & 6:00 PM** on working days.
Sealed offers should be addressed and submitted to:
The Purchase Manager
Bombay Gymkhana Ltd.
M.G. Road, Fort, Mumbai-400001
Last Date For Submission 07.02.2026
Signed
CEO

NBT स्मृति — यादों के चिराग

पुण्यतिथि

प्रथम पुण्यतिथी
पुण्य स्मृति में

श्री. सालपणि वी. पांडेय
11/02/1940 - 11/02/2025
आज हम बाबा के साथ उस जीवन को स्मरण और नमन करते हैं, जिसकी विरासत सदैव हमारे साथ जीवित रहेगी!
-: आपके अपनों की ओर से :-

हरि ॐ हरि ॐ हरि ॐ हरि
श्रद्धांजलि
३२वीं पुण्यतिथी

श्रीमती कुसुम दारूका
(धर्म पत्नी सुशील दारूका)
आपकी दिव्य ज्योति की छाया में
अमित - अंबिली
अम्बिका
सुमित - रचना
वेदिका, प्रथम,
आंचल, मानव एवं
समस्त दारूका परिवार
KUSUM TRAVELS PARTNERS FOR LABLES
हरि ॐ हरि ॐ हरि ॐ हरि

TO PLACE AN ANNOUNCEMENT IN THIS SECTION CALL: 9867505472

॥ राम राम ॥

Celebrating the life of our
माँ
Smt. Krishnarani Panpalia
w/o Late Shri Tarachand Panpalia
14th Jan 1940 to 27th Jan 2026
Venue: 5th Floor, FPH Banquet Hall, Lala Lajpatrai Marg Ahead of NSCI, Worli, Mumbai - 400034
Date: 1st February 2026 Time: 4.00 PM to 6.00PM
Hemant, Karak, Vrinda, Kushagra & Panpalia Parivaar

मैंने ज़िन्दगी अस्थायी जैसे देखी पावक।
न पैसे स्वतेदमन्यायो ने क्षेत्रवादी भावक। ॥
॥ बैकुण्ठवास ॥

(1932 - 2026)
हमारी पूज्यनीय
श्रीमती राधा देवी सराफ
(धर्मपत्नी : स्व. श्री श्यामसुंदर सराफ फतेहपुर निवासी, मुंबई प्रवासी)
का बैकुंठवास शुक्रवार, 30 जनवरी 2026 हो गया है।
-: प्रार्थनासभा :-
रविवार 1 फरवरी, 2026, सायं 4.00 से 6.00 बजे तक
स्थान : दुर्गादेवी सराफ हॉल, एस.वी.रोड, मालाड (वेस्ट) मुम्बई 400064
-: शोकाकुल :-

पुत्र-पुत्रवधू	: इन्द्रकुमार - अरुणा सराफ
पौत्र-पौत्रवधू	: भरत - निधी सराफ,
पड़पौत्री	: मानसी सराफ
पौत्री-दामाद	: ऊमा - अमिताभ खेमका
पड दौहिता-दौहिती	: शिवयान - हर्षिता खेमका
देवर - देवरानी	: राजेन्द्र - कुसुमलता
भतीजा - बहू	: आनन्द - श्वेता
पड पौत्र	: प्रियांश, वंश एवं समस्त सराफ परिवार
पीहर पक्ष	: कृष्णमुरारी, शिवशंकर, कुंजबिहारी, राजेन्द्र, दीपक, पुनीत, सौरभ,आयुष,जय,कुश एवं समस्त तुलस्यान परिवार

नोट : वैलेट पार्किंग की सुविधा उपलब्ध है।

॥ चौदहवीं पुण्यतिथि ॥

(1918-2012)
श्रीमती रामेश्वरीदेवी हुरकट
(धर्मपत्नी - स्व. सेठ श्री शंकरलालजी हुरकट)
माँ की करुणा से ही हृदय प्रकाशित होता है।
माँ के आशीर्वाद से जीवन सफल होता है।
पुत्र-पुत्र वधु : रामविलास-शान्तीदेवी, राजाराम
पौत्र-पौत्र वधु : नविन-सुनिता, विकास-वन्दना, संजय-अनिता प्रकाश-पारुल, राहुल-सेजल
प्रपौत्र : हर्ष, वरुण, कौशिक, वेदान्त
प्रपौत्री : उर्वशी, जुही, दिव्या, सृष्टी, श्रेया
एवं समस्त हुरकट (माहेश्वरी) परिवार
Orient press limited

PROPERTY FOCUS

INVEST IN DUBAI WITH CONFIDENCE
For Indian Investors —• Dubai & Abu Dhabi
EMPIRE INFRATECH REAL ESTATE
HIGH ROI — Strong Returns & Rental Yields
GOLDEN VISA — UAE Residency for Investors
FLEXIBLE PAYMENT PLANS — Easy Installments Options
WHY CHOOSE EMPIRE INFRATECH?
Experts for Indian Investors | Partners with All Major Developers | Transparent Service
OUR INVESTMENTS PORTFOLIO
Residential & Commercial Properties | Off-Plan Properties | Ready Properties | Hotels & Hospitality | Plots & Buildings
Invest Smart. Earn More. Live Global.
Empire Infratech Real Estate
For Exclusive Deals Call: 99992 33486, 99100 03328
info@empireinfratech.ae www.empireinfratech.ae

TRAVEL TIMES

Kesari-The King of GROUP TOURS!
KESARI
This summer, take your family on tour.
Explore hundreds of all-inclusive holidays.
Europe ₹2,00,000 - 10,38,000* 36 Tours, 7 To 22 Days
Africa ₹2,23,000 - 5,48,000* 8 Tours, 7 To 14 Days
America ₹2,08,000 - 5,57,000* 12 Tours, 7 To 18 Days
Australia New Zealand ₹2,33,000 - 5,53,000* 5 Tours, 7 To 17 Days
Japan Korea ₹1,73,000 - 4,28,000* 8 Tours, 7 To 14 Days
Monday to Saturday 10 AM to 7 PM, Sunday Office timing 11 AM to 6 PM.
9930 33 0066 | 1800 266 1100 | KESARI

SOCIAL EVENT

राधे राधे
खोज लो... तुम खोज लो, अपने ही सागर में, अपनी ही डुबकी से, अपना अमूल्य मोती लो।
THE SACRED STEPS
ADVENTURES OF AN AMBITIOUS ASPIRANT
वक्ता
स्वामी श्री कृष्णदासजी
(श्री संत माँ ब्रजदेवीजी के शिष्य)
स्थान: इस्कॉन ऑडिटोरियम, जुहू
तिथियाँ: ३१ जनवरी एवं १ फरवरी २०२६
समय: सायं ५:३० बजे से ८:०० बजे तक
महत्वाकांक्षा कदमों को आगे बढ़ाती है। आत्मरूकता मार्ग का निर्धारण करती है।
यह एक ऐसा प्रवचन है जिसे छोड़ना नहीं चाहिए
❖ यदि आप जीवन में महत्वाकांक्षी हैं
❖ दिशा को लेकर असमंजस में हैं
❖ या किसी गहरे सत्य की तलाश में हैं
प्रवेश निःशुल्क
आइए, यह पवित्र कदम उठाइए
जो चुपचाप आपके सोचने, चुनने और जीने के तरीके को बदल सकता है।

श्री ब्रजमंडल के
स्वर्णिम वर्ष के उपलक्ष में आयोजित
श्रीमद् ब्रजभागवत कथा
परमाराध्य पूज्य श्री मन्नाथ गोहेश्वर वैष्णवाचार्य श्री पुंडरीक गोस्वामीजी महाराज की अमृतवाणी से
27 जनवरी से 2 फरवरी प्रतिदिन सायं 4 से सायं 7 बजे | कथा स्थल-आज़ाद मैदान, मुंबई
आज की कथा: नन्दोत्सव, मारन चोरी लीला, कालिया मर्दन एवं गोवर्धन उत्सव
विशेष उपस्थिति : श्रीमती हेमा मालिनी (सांसद)
मुख्य यजमान : श्री सुरेशचन्द्र श्यामलाल अग्रवाल
श्री योगेश एवं श्रीमती नीना अग्रवाल
दैनिक यजमान: श्रीमती विनीता अनिल अग्रवाल परिधि शिशिर अग्रवाल शिशिर अनिल अग्रवाल
भंडारा यजमान : श्री दिनेश शामलदास अग्रवाल
छप्पन भोग सेवा यजमान : श्री ओमप्रकाश भ. अग्रवाल श्री किशोर प्रवेशकुमार अग्रवाल
श्रीमती नीना संजय अग्रवाल श्री संजीव अशोक अग्रवाल श्रीमती रमा हर्षद केला
सभी कथाप्रेमी सपरिवार सादर आमंत्रित हैं। प्रवेश पास आवश्यक
अध्यक्ष एवं ट्रस्टी: सुरेशचंद्र अग्रवाल भाण्ड मंत्री: प्रदीप आर.लाड़ीवाल कोषाध्यक्ष: अनिल आर. अग्रवाल
सौजन्य श्री राजीव श्यामसुंदरजी अग्रवाल, थाना
सारथी रियल्टर्स - एसोसिएट्स बांद्रा, मुंबई

TO PLACE A PERSONAL ANNOUNCEMENT IN THIS SECTION CALL: 9867505472

TO PLACE A PERSONAL ANNOUNCEMENT IN THIS SECTION CALL: 9867505472

BOOK OBITUARY ADS
To book an Obituary Ad Please contact:
Jitendra Boricha 9820 137 295 | Jitesh Dominic 9867 407 521
Asif Faridi 9594 343 468
TO BOOK ONLINE LOG ON TO
Adstimesofindia.com
EXCLUSIVE OFFERS AND ASSISTANCE
SCAN TO BOOK

TO PLACE AN ANNOUNCEMENT IN THIS SECTION CALL: JAI SARSAR 9867505472

TO PLACE AN ANNOUNCEMENT IN THIS SECTION CALL: 9867505472

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 31-01-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMDEVI User: cci Time: 01-30-2026 22:50 Color:

सैन्यकर्मी को विकलांगता पेंशन हक: बॉम्बे हाई कोर्ट

'डायबीटीज पेंशन नहीं रोक सकती'

Krishna.Shukla@timesofindia.com

मुंबई: बॉम्बे हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया है कि डायबीटीज, हाइपरटेंशन और स्पॉन्डिलाइटिस को जीवनशैली संबंधी विकार बताकर सैन्यकर्मियों (आर्म्ड फोर्सेज) को विकलांगता पेंशन से वंचित नहीं किया जा सकता। कोर्ट ने रक्षा पेंशन के खिलाफ केंद्र सरकार की याचिका खारिज करते हुए यह फैसला सुनाया है। इसके साथ ही कोर्ट ने इस विषय पर मुंबई आर्म्ड फोर्सेज ट्रिब्यूनल (AFT) के फैसले में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया है। सरकार ने तर्क दिया था कि उपरोक्त विकारों का सैन्य सेवा से कोई संबंध नहीं है। ये विकार जीवनशैली से संबंधित हैं और इन्हें सेवा से नहीं जोड़ा जा सकता।

बता दें कि ट्रिब्यूनल ने उन मामलों में विकलांगता पेंशन दी थी, जहां सैन्यकर्मियों को या तो सेवा से अयोग्य घोषित कर दिया गया था अथवा सेवानिवृत्त कर दिया गया था। ट्रिब्यूनल ने माना था कि इन सैन्यकर्मियों की विकलांगता सैन्य सेवा के कारण हुई थी या उसमें वृद्धि हुई थी। इस विकलांगता में डायबीटीज, हाइपरटेंशन, स्पॉन्डिलाइटिस और अन्य बीमारियां शामिल हैं।

मुख्य न्यायाधीश श्री चंद्रशेखर और न्यायमूर्ति गौतम अनखड़ की पीठ ने कहा कि पेंशन सरकार की इच्छा या कृपा पर दिया जाने वाला कोई उपहार नहीं है। जैसे मेडिकल कारणों से सेवा मुक्त होने वाले सैन्यकर्मी को पेंशन मिलती है, वैसे ही विकलांगता के चलते कर्तव्य निभाने में असमर्थ सैन्यकर्मियों को भी पेंशन मिलनी चाहिए। पेंशन कोई दान नहीं है, बल्कि यह कर्मचारी का अधिकार है। नियम बनाने वालों का उद्देश्य सैन्यकर्मी को शारीरिक विकार या बीमारी के आधार पर पेंशन लाभ से वंचित करना नहीं था।

'ट्रिब्यूनल के फैसले में हस्तक्षेप नहीं'

बेंच ने कहा कि किसी सैन्यकर्मी के लिए यह साबित करना असंभव होगा कि उसे सेवा के दौरान ड्यूटी की कठिन परिस्थितियों के चलते उच्च रक्तचाप की समस्या हुई है। हाइपरटेंशन एक अधिसूचित बीमारी है, जिसे सेना और नौसेना द्वारा मान्यता प्राप्त है। इसलिए सैन्यकर्मी विकलांगता पेंशन के लिए पात्र है। मौजूदा मामले में ट्रिब्यूनल ने अपने फैसले में कोई गलती नहीं की है, इसलिए इसमें हस्तक्षेप की आवश्यकता नहीं है। कोर्ट में पेंशन को लेकर कई सैन्यकर्मियों ने याचिकाएं दायर की थीं, जिन्हें सेवा की विषम परिस्थितियों के चलते शारीरिक विकारों का सामना करना पड़ा था।

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

कोर्ट ने इसलिए बताया जरूरी

पेंशन कोई मुआवजा नहीं है। यह सामाजिक-आर्थिक न्याय का एक मापदंड है, जो जीवन के उस मोड़ पर आर्थिक सुरक्षा देता है, जब उम्र बढ़ने के साथ व्यक्ति की शारीरिक और मानसिक क्षमता कम होने लगती है। पेंशन कर्मचारी का एक विशेष अधिकार है, इसलिए उसे इससे वंचित नहीं किया जा सकता। विकलांगता पेंशन का उद्देश्य सैन्यकर्मियों को राहत देना है।

इस साल मुंबई में शुरू होंगे 5 ब्रिज

BMC ने कहा, सायन ब्रिज का काम जुलाई में होगा पूरा

NBT, रिपोर्ट, मुंबई: मुंबईकरों को इस वर्ष ट्रैफिक जाम से बड़ी राहत मिलने वाली है। लंबे समय से प्रतीक्षित सायन पूर्व-पश्चिम ब्रिज का निर्माण कार्य 15 जुलाई 2026 तक पूरा कर इसे यातायात के लिए खोल दिया जाएगा। बीएमसी ने यह किया है कि जुलाई के अंत तक यह पुल मुंबईकरों की सेवा में शुरू हो जाएगा। शुक्रवार को बीएमसी के अतिरिक्त आयुक्त अभिजीत बांगर ने सायन ब्रिज का निरीक्षण किया और इस जुलाई में मुंबईकरों के लिए शुरू कर दिए जाने की जानकारी दी। बीएमसी के अनुसार, सायन ब्रिज के साथ-साथ इस वर्ष मुंबई में कुल पांच बड़े ब्रिज और फ्लाईओवर शुरू किए जाएंगे। इन परियोजनाओं में बेलासिस फ्लाईओवर, महालक्ष्मी केबल-स्टे ब्रिज, विद्याविहार ब्रिज, सायन ब्रिज और गोरेगांव-मुलुंड लिंक रोड (GMLR) परियोजना का एक फ्लाईओवर शामिल है।

बेलासिस फ्लाईओवर को उद्घाटन का इंतजार: बेलासिस फ्लाईओवर का निर्माण कार्य तय समय से पहले, 15 महीने 6 दिन में पूरा कर लिया गया है, जबकि निर्धारित अवधि में अभी भी चार महीने शेष हैं। इसकी कुल लंबाई 333 मीटर है, जिसमें पूर्व दिशा में 138.39 मीटर, पश्चिम दिशा में 157.39 मीटर और रेलवे क्षेत्र में 36.90 मीटर हिस्सा शामिल है। इसे अब फरवरी के पहले सप्ताह में इसे शुरू कर दिया जाएगा।

मई में शुरू होगा दिंडोशी-फिल्म सिटी फ्लाइओवर

गोरेगांव-मुलुंड लिंक रोड (GMLR) परियोजना के तहत दिंडोशी कोर्ट से दादासाहेब फाल्के चित्रनगरी (फिल्म सिटी) के बीच बन रहे फ्लाईओवर का 75 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। कुल 31 खंभों में से 30 खड़े किए जा चुके हैं। बीएमसी का लक्ष्य है कि इसे 31 मई 2026 तक ट्रैफिक के लिए खोल दिया जाए। गोरेगांव से मुलुंड का सफर, जो अभी लगभग 75 मिनट का है, घटकर करीब 25 मिनट रह जाएगा।

जून में शुरू होगा विद्याविहार ब्रिज

बीएमसी के मुताबिक, विद्याविहार ब्रिज का 80 प्रतिशत निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। यह ब्रिज घाटकोपर पूर्व के रामचंद्र चेंबूरकर मार्ग को पश्चिम के एलबीएस मार्ग से जोड़ेगा। इससे पूर्व-पश्चिम उपनगरों की कनेक्टिविटी बेहतर होगी और एयरपोर्ट तक पहुंच आसान बनेगी। यहां अप्रोच रोड और सर्फेसिंग का काम अंतिम चरण में है, जिसे 28 फरवरी तक पूरा कर लिया जाएगा। मई तक पूरे प्रोजेक्ट का काम समाप्त होने के बाद जून में ब्रिज खोलने की योजना है।

सायन: 15 दिन में एक अंडरपास भी

सायन पूर्व-पश्चिम को जोड़ने वाले ब्रिज का पुनर्निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। बीएमसी के अनुसार, रेलवे सीमा में पुल का काम रेलवे प्रशासन कर रहा है, जबकि अप्रोच रोड और दो अंडरपास का कार्य महानगरपालिका द्वारा किया जा रहा है। पैदल यात्रियों के लिए फुट ओवर ब्रिज पहले ही शुरू हो चुका है और एक अंडरपास अगले पंद्रह दिनों में खोल दिया जाएगा। पश्चिमी हिस्से का काम चार चरणों में 31 मई 2026 तक पूरा होगा। इसके बाद पूर्वी हिस्से के शेष कार्य 30 से 45 दिनों में पूरे कर 15 जुलाई 2026 तक सायन ब्रिज को यातायात के लिए खोल दिया जाएगा।

महालक्ष्मी केबल-स्टे अक्टूबर तक बनेगा

मुंबई का पहला केबल-स्टे ब्रिज भी शहर की तस्वीर बदलने जा रहा है। महालक्ष्मी रेलवे स्टेशन के पास केशवराव खाड़ये मार्ग पर बन रहा यह ब्रिज सात रास्ता इलाके को महालक्ष्मी मैदान से जोड़ेगा। 803 मीटर लंबे और 17.2 मीटर चौड़े इस ब्रिज की लागत करीब 400 करोड़ रुपये है और अब तक 55 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। बीएमसी के अनुसार, यह ब्रिज 31 अक्टूबर तक तैयार हो जाएगा और नवंबर के पहले सप्ताह में यातायात के लिए खोल दिया जाएगा।

> रोड ट्रैफिक को कम करने के लिए हम कई प्रोजेक्ट पर काम कर रहे हैं। इसमें अंडरग्राउंड टनल के साथ-साथ कई फ्लाईओवरों का निर्माण शामिल है। इसी के तहत इस वर्ष हमने पांच फ्लाईओवर को पूरा कर मुंबईकरों के लिए शुरू करने का निर्णय लिया है, इनके शुरू होते ही मुंबई की सड़कों पर जाम की समस्या कम हो सकेगी।
> -अभिजीत बांगर, अडिशनल कमिश्नर, BMC

स्कूल को सार्वजनिक रूप से माफी मांगने के आदेश को HC ने किया रद्द

NBT रिपोर्ट, मुंबई: बॉम्बे हाई कोर्ट ने पैरेंट्स कमिटमेंट के उस आदेश को रद्द कर दिया है, जिसमें एक स्कूल को छात्र और अभिभावकों से सार्वजनिक रूप से माफी मांगने का निर्देश दिया गया था। मामला नासिक के एक स्कूल से जुड़ा है, जिसने पैरेंट्स को शैक्षणिक संस्थान के मौखिकएवं शिक्षा बोर्ड से संलग्न होने की गलत जानकारी दी थी। हकीकत में बोर्ड ने निरीक्षण के बाद स्कूल को संलग्नता देने से इनकार कर दिया था, जिसका खुलासा स्कूल ने नहीं किया था।

पैरेंट्स और स्टूडेंट्स के साथ कथित धोखाधड़ी का मामला

यह माफी नासिक शहर में व्यापक प्रसार वाले दो अखबारों के जरिए मांगने के लिए कहा गया था। इसके साथ ही स्कूल प्रबंधन के खिलाफ जांच का निर्देश दिया गया था। स्कूल द्वारा कथित धोखाधड़ी के खिलाफ पैरेंट्स की शिकायत पर पैरेंट्स कमिटमेंट ने उपरोक्त आदेश दिया था। माफी मांगने के 28 जून, 2010 के आदेश के खिलाफ स्कूल ट्रस्ट ने हाई कोर्ट में याचिका दायर की थी। जस्टिस अमित बोरकर ने कहा कि जिन प्रावधानों के तहत अथॉरिटी ने माफी मांगने के संबंध में आदेश दिया है, वे ट्रस्ट के वित्तीय हित की सुरक्षा, ट्रस्ट की आय और वैधानिक प्रशासन से संबंधित हैं। मामले से संबंधित प्रावधान पैरेंट्स कमिटमेंट को ट्रस्ट की गतिविधियों की निगरानी का अधिकार देते हैं। अथॉरिटी ने अधिकार क्षेत्र से बाहर जाकर आदेश दिया है।

एयरपोर्ट पर की बड़ी कार्रवाई

एक सप्ताह में 34.50 करोड़ का ड्रग्स किया गया जब्त

NBT रिपोर्ट, मुंबई : मुंबई कस्टम्स ने छत्रपति शिवाजी महाराज एयरपोर्ट पर एक सप्ताह के भीतर मादक पदार्थ (NDPS), सोना, हीरे और विदेशी मुद्रा से जुड़े कई मामलों का खुलासा किया है। इस दौरान 34.50 करोड़ रुपये मूल्य के प्रतिबंधित सामान की जब्ती की गई और कई आरोपी अरेस्ट हुए।

ड्रग्स (NDPS) तस्करी के मामले: स्पोर्ट प्रोफाइलिंग और एडवांस पैसेंजर इंफॉर्मेशन सिस्टम (APIS) के आधार पर 2 मामलों में बैंकॉक से आए 2 यात्रियों से 10.561 किलो हाइड्रोपोनिक वीड (गांजा) मिला। इसकी कीमत करीब 10.561 करोड़ रुपये है। दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया है। 2 अन्य मामलों में बैंकॉक से आए 2 यात्रियों से 15.961 करोड़ रुपये कीमत की 15.961 किलो हाइड्रोपोनिक वीड जब्त की गई।

सोना तस्करी के मामले

27 जनवरी को करीब 2.1 करोड़ रुपये कीमत का 1470 ग्राम सोना बरामद किया गया। मामले में एक बांग्लादेशी ट्रांजिट यात्री और एयरपोर्ट पर कार्यरत HRPL (हार्डकैसल रेस्टोरेंट्स प्राइवेट लिमिटेड) का कर्मचारी अरेस्ट किया गया। इसके अलावा 4 अन्य मामलों में 2162 ग्राम सोना (कीमत लगभग 2.89 करोड़ रुपये) 4 यात्रियों के पास से बरामद किया गया।

विदेशी मुद्रा की जब्ती

विदेशी मुद्रा से जुड़े 3 मामलों में 4 यात्रियों के पास से कुल 1.18 करोड़ रुपये के बराबर विदेशी मुद्रा जब्त की गई। विदेशी मुद्रा को हैंड बैगेज और चेक-इन बैगेज में छिपाया गया था। मुंबई कस्टम्स अधिकारियों ने बताया, तस्करी के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा। अंतरराष्ट्रीय तस्करी नेटवर्क पर कड़ी नजर रखी जा रही है।

हीरा तस्करी का मामला

एक मामले में एक यात्री के पास से 10,660 कैरेट (2132 ग्राम) हीरे बरामद किए गए, जिनकी कीमत करीब 1.81 करोड़ रुपये आंकी गई है।

भारत सरकार
संचार मंत्रालय
दूरसंचार विभाग
दूरसंचार अभियांत्रिकी केंद्र
खुर्शीद लाल भवन, जनपथ नई दिल्ली -110001

1-13/2023-Pers./TEC-Part(1)/03

टीईसी में रिसर्च एसोसिएट की नियुक्ति हेतु नोटिस

दूरसंचार इंजीनियरिंग केंद्र (टीईसी), दूरसंचार विभाग, नई दिल्ली एक साल की प्रारंभिक अवधि के लिए अनुसंधान सहयोगी (रिसर्च एसोसिएट) के रूप में नियुक्त के लिए पात्र उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित करता है, जिसे एक और वर्ष के लिए बढ़ाया जा सकता है। विस्तृत जानकारी के लिए दूरसंचार विभाग की वेबसाइट (www.dot.gov.in) या टीईसी की वेबसाइट (www.tec.gov.in) देखी जा सकती है।

पूर्ण रूप से भरा हुआ आवेदन, सहायक महानिदेशक (कार्मिक), टीईसी, खुर्शीद लाल भवन, जनपथ, नई दिल्ली-110001 को कार्यालय में स्वयं आकर या डाक द्वारा भेज सकते हैं। आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि 02.02.2026 है।

cbc06235/11/0007/2526

फटाफट खबरें

प्रफेसर मर्डर केस के आरोपी को भेजा जेल

NBT रिपोर्ट, मुंबई: बोरीवली कोर्ट ने लोकल ट्रेन में एनएम कॉलेज के प्रफेसर आलोक सिंह की कथित हत्या के मामले में आरोपी ओमकार शिंदे को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। शिंदे की हिरासत अवधि शुक्रवार को खत्म हो रही थी, इसलिए उसे कोर्ट में पेश किया गया। सरकारी वकील ने आरोपी की पुलिस हिरासत अवधि को बढ़ाने पर जोर नहीं दिया। सरकारी वकील ने कहा कि केस को लेकर पर्याप्त सबूत इकट्ठा कर लिए गए हैं। वारदात में इस्तेमाल हथियार भी बरामद कर लिया है।

म्हैस्कर को दी गई गृह सचिव की जिम्मेदारी

NBT रिपोर्ट, मुंबई: मनीषा म्हैस्कर को महाराष्ट्र की नई गृह सचिव बनाया गया है। इकबाल सिंह चहल के रिटायरमेंट के बाद म्हैस्कर की नियुक्ति की गई है। 1992 बैच की आईएएस अधिकारी म्हैस्कर सार्वजनिक बांधकाम विभाग की जिम्मेदारी संभाल रही थीं। अब इस विभाग की जिम्मेदारी उनके पति मिलिंद म्हैस्कर को सौंपी गई है, जो कि उन विभाग का पदभार संभाल रहे थे। अब मार्च में बीएमसी कमिश्नर भूषण गगरानी के रिटायरमेंट के बाद ब्यूरोक्रेसी में फिर बड़ा फेरबदल होगा। महानगरपालिका चुनाव के चलते कई अधिकारियों का तबादला रुका हुआ था।

विमान हादसे की होनी चाहिए जांच: निरुपम

NBT रिपोर्ट, मुंबई: बारामती विमान दुर्घटना में अजित पवार के साथ एयर होस्टेस पिंकी माली की मौत के बाद शिंदे सेना के प्रवक्ता संजय निरुपम माली परिवार से मिले। निरुपम ने कहा कि पूरा परिवार सदमे में है। उनके पास कुछ ऐसे बुनियादी प्रश्न हैं, जो दुर्घटना का शिकार हुए विमान को ऑपरेट करनेवाली VSR एविएशन कंपनी को कटघरे में खड़ा करते हैं। निरुपम ने कहा कि कंपनी के आग्रह पर वे चुप हैं। लेकिन कब तक चुप रहेंगे?

₹700 के लिए विवाद, 5 घायल, 12 अरेस्ट

NBT रिपोर्ट, मुंबई: दक्षिण मुंबई के नागपाड़ा इलाके में गुरुवार रात दो गुटों में हुई झड़प में पांच लोग घायल हो गए। इनमें एक गंभीर है, जिसे जेजे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। नागपाड़ा पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ हत्या के प्रयास सहित कई धाराओं में क्रॉस केस दर्ज कर 12 लोगों को गिरफ्तार किया है।

घटना का विडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ। इसमें दोनों गुटों के हाथों में लोहे की रॉड और बांस दिख रहे हैं। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रण में लिया। क्षतिग्रस्त इलाके में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है।

पुलिस के अनुसार, विवाद 26 वर्षीय अब्दुल हन्नान असद सिद्दीकी और जाकिर ताहिर सिद्दीकी के बीच 700 रुपये के होटल किराए को लेकर शुरू हुआ। जाकिर ने 400 रुपये भेजे और शेष रकम देने से इनकार किया। आरोप है कि इसके बाद मौसिया मस्जिद के पास दोनों गुट आमने-सामने आ गए और लोहे की रॉड व बांस से हमला किया। डीसीपी कृष्णकांत उपाध्याय ने बताया कि इस झड़प में पांच लोग घायल हुए और अब्दुल कादरी आफताब सिद्दीकी की हालत गंभीर है।

35 of saving life for years

THINK CANCER CARE THINK HCG

एडवांस्ड
PET-CT इमेजिंग
से कैंसर को स्पष्ट पहचानें।

सटीक PET-CT से कैंसर का जल्द पता लगाएं।
सही स्टेजिंग और इलाज की योजना के लिए
HCG कैंसर सेंटर, बोरीवली पर भरोसा करें।

केवल
RS. 12,500/-
RS. 25,900

- अस्पताल में होने वाले PET-CT स्कैन, विशेषज्ञोंकी निगरानी में होते हैं, जिसमें एक सुरक्षित और स्पष्ट प्रक्रिया सुनिश्चित की जा सकती हैं।
- सटीक स्कैन, तेज़ रिपोर्ट और भरोसेमंद परिणाम - जिससे समय पर इलाज का निर्णय लिया जा सके।
- यह स्कैन कैंसर की पहचान, इलाज की निगरानी और समय-समय पर जांच में मदद करता है।
- यह सुविधा किफायती दरों पर उपलब्ध है।

HCG Cancer Centre - Borivali
Holy Cross Road, I C Colony Off Borivali Dahisar, New Link Rd, Borivali West, Mumbai-400092
+91 63588 88820 / 022 6257 9999

Call: 63588 88820
www.hcgoncology.com

Progenesis® fertility center

प्रोजेनेसिस है
11 सालों से
हजारों कपल्स का
विश्वास

सपना आपका,
साथ 'प्रोजेनेसिस' का

प्रोसेसी से जुड़ी कई चुनौतियों का समाधान आज मुमकिन है। प्रोजेनेसिस में आधुनिक फर्टिलिटी उपचार और अनुभवी डॉक्टरों के सही मार्गदर्शन के साथ, पैरेंट बनने का आपका सफर आसान और भरोसेमंद बनता है। पिछले 11 वर्षों में प्रोजेनेसिस के साथ हजारों कपल्स का माता-पिता बनने का सपना सच हुआ है।

प्रोजेनेसिस अब महाराष्ट्र में 21 सेंटर्स पर उपलब्ध है। आज ही प्रोजेनेसिस के साथ पैरेंटहुड की ओर अपना पहला कदम बढ़ाइए।

प्रोजेनेसिस फर्टिलिटी व टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर

अत्याधुनिक उपचार | अनुभवी निसंतानता विशेषज्ञ डॉक्टर | पारदर्शी इलाज प्रक्रिया | बेहतरीन सफलता दर

For Consultation 89561 60873 94239 71620 | No Cost EMI सुविधा उपलब्ध*

• फर्टिलिटी तपासणी • IUI • IVF • IVF-ICSI • लेजर असिस्टेड हॅचिंग • ब्लास्टोसिस्ट ट्रान्सफर • एम्ब्रियो / एग फ्रिझिंग

बोरिवली • ठाणे • वाशी • अंधेरी • घाटकोपर • कल्याण • पनवेल • विरार • पुणे- औंध • पुणे - कल्याणी नगर • नासिक • नागपूर • कोल्हापूर • छत्रपती संभाजीनगर • अहिल्यानगर • अमरावती • सोलापूर • नांदेड • जलगाव • धुले • रत्नागिरी

progenesisivf.com

*Sex selection and prenatal sex determination are illegal and not done here.

Disclaimer: Images shown are for illustrative purposes only.

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 31-01-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTM6 User: cci Time: 01-30-2026 23:10 Color:

फटाफट खबरें

1 करोड़ 72 लाख की शराब जब्त, 1 अरेस्ट

■ NBT न्यूज, ठाणे : एक्साइज विभाग ने 1 करोड़ 72 लाख 94 हजार रुपये की राज्य में प्रतिबंधित नीब निर्मित नकली विदेशी शराब जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों के अनुसार टिप के आधार पर राज्य एक्साइज विभाग के कमिश्नर राजेश देशमुख, निदेशक प्रसाद सुर्वे के मार्गदर्शन में कोंकण विभागीय डीसीपी प्रदीप पवार की टीम ने मुंबई-नाशिक हाइवे पर जाल बिछाया। सोनाले गांव के पास एक ट्रक से 1400 बॉक्स में भरी शराब की बोतलें बरामद की गईं।

अभद्र टिप्पणी पर केस दर्ज, आरोपी अरेस्ट

■ NBT न्यूज, भिवंडी : भिवंडी-नासिक रोड पर मिल्लत नगर स्थित अल-बेका होटल में आपसी विवाद में एक युवक ने डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर को लेकर अभद्र टिप्पणी की। सोशल मीडिया पर विडियो वायरल हुआ, तो कुछ युवक होटल पहुंचे और आरोपी युवक को पिटाई कर उसे निजामपुर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने अट्रॉसिटी ऐक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरोपी संदीप यादव को गिरफ्तार कर लिया।

दो गुटों में झगड़ा, 33 आरोपियों पर केस

■ NBT न्यूज,भिवंडी : भिवंडी के कल्याण रोड स्थित नबी बस्ती इलाके में कमरे का किराया न देने के कारण किराएदार और मकान मालिक के दो गुटों के बीच गाली-गलौज, लात-घूंसों और लकड़ी के डंडों से मारपीट होने की घटना सामने आई है। इस मामले में भिवंडी शहर पुलिस स्टेशन में दोनों पक्षों के कुल 33 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस जांच जारी है।

रिक्शा चोरी: आरोपी अरेस्ट, 3 रिक्शा जब्त

■ NBT न्यूज, नवी मुंबई : घणसोली से रिक्शा चोरी करने के आरोप में रबाले पुलिस ने महेश गवले (20) को गिरफ्तार कर उसके पास से चोरी के तीन रिक्शे बरामद किए हैं। घणसोली निवासी रिक्शा अरीफ कोटकर ने रबाले पुलिस स्टेशन में रिक्शा चोरी की शिकायत दर्ज कराई थी। सीनियर पीआई बालकृष्ण स्वांत ने जांच टीम गठित की। सीसीटीवी से संदिग्ध की पहचान कर टिप के आधार पर रबाले एमआईडीसी क्षेत्र से आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

मीरा-भाईंदर मनपा क्षेत्र में सुरक्षा पर भारी पड़ रहा है 'विकास' का मॉडल, MMRDA द्वारा बनाए गए नए फ्लाइओवर को लेकर की जा रही तमाम चर्चाएं

विवादित फ्लाइओवर: इंजिनियरिंग की चूक या भविष्य की मजबूरी!

■ अमित तिवारी, मीरा-भाईंदर

मीरा-भाईंदर में हाल ही में नवनिर्मित फ्लाइओवर को लेकर सियासी और तकनीकी बहस तेज हो गई है। सड़क सुरक्षा और इंजिनियरिंग मानकों को लेकर उठ रहे सवालों के बीच यह फ्लाइओवर अब केवल यातायात का नहीं, बल्कि डिजाइन और निर्माणशैली का मुद्दा बन गया है। सिर्फ यही नहीं, बल्कि पहले से चालू किए गए अन्य फ्लाइओवर भी सवालों के घेरे में आ गए हैं। तकनीकी विशेषज्ञों का मानना है कि फ्लाइओवर का मूल उद्देश्य यातायात को सुगम और सुरक्षित बनाना होता है। यदि डिजाइन में लेन ट्रांजिशन, साइनेज, रोड मार्किंग और क्रैश प्रोटेक्शन पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया गया, तो वही फ्लाइओवर सुविधा के बजाय खतरा बन सकता है। मीरा-भाईंदर का यह फ्लाइओवर अब एक बड़ा सवाल छोड़ रहा है, क्या विकास की रफ्तार सुरक्षा से तेज हो गई है?

'सायरस मिस्त्री हादसे से सबक लेना चाहिए'

एक्टिविस्ट और वरिष्ठ अधिवक्ता कृष्ण गुप्ता ने इस फ्लाइओवर को लेकर गंभीर चेतावनी देते हुए उनका कि यह संरचना भले ही 'इंजिनियरिंग का नमूना' कही जा रही हो, लेकिन यदि इसके डिजाइन दोषों को नजरअंदाज किया गया तो यह एक 'खतरनाक नमूना' भी साबित हो सकती है। गुप्ता ने सायरस मिस्त्री की वर्ष 2022 में हुई सड़क दुर्घटना का उल्लेख करते हुए कहा कि उस हादसे में भी सड़क की चौड़ाई का अचानक बदलना और ब्रिज डिजाइन की मूलभूत खामियां एक बड़ा कारण बनी थीं। ठीक वैसी ही परिस्थितियां इस विवादित फ्लाइओवर पर भी देखने को मिल रही हैं।

MMRDA ने 4 लेन का फ्लाइओवर कर दिया 2 लेन में!

मीरा-भाईंदर के डकल डेकर फ्लाइओवर की अजीबो-गरीब डिजाइन पर बवाल

नए विवाद के बीच अन्य फ्लाइओवर का डिज़ाइन भी अब सवालों के घेरे में

इस मुद्दे को लगातार उठाने वाले कांग्रेस नेता नोज जय डावर का कहना है कि जिन दो फ्लाइओवर को पहले ही यातायात के लिए खोल दिया गया है, उहां 'बॉटल नेक' की गंभीर स्थिति बन चुकी है। उनके मुताबिक, चौड़ी सड़क से अचानक संकरी लेन में ट्रैफिक सिमटने के कारण वहां नियमित रूप से जाम लग रहा है, जिससे न केवल यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रही है, बल्कि दुर्घटनाओं की आशंका भी कई गुना बढ़ गई है।

'भविष्य के लिहाज से बना फ्लाइओवर'

विवादित फ्लाइओवर के बचाव में सामने आए बीजेपी विधायक नरेंद्र मेहता ने कहा कि भविष्य की यातायात जरूरतों को ध्यान में रखकर फ्लाइओवर बनाया गया है। इसीलिए चार लेन को आगे चलकर डबल लेन के रूप में डिजाइन किया गया है। उन्होंने स्वीकारा कि चार लेन से दो लेन का ट्रांजिशन अचानक नहीं, बल्कि चरणबद्ध और स्मूथ होना चाहिए था।

ठाणे में सवा-सवा साल के लिए होंगे महापौर-उपमहापौर

तमाम सियासी उठा-पटक के बीच TMC में महायुति ने निकाला बीच का रास्ता

■ अनिल कुमार झुकल, ठाणे

ठाणे मनपा में महापौर का विवाद खत्म हो गया है। शिवसेना (शिंदे गुट) और बीजेपी के बीच तय फॉर्मूले के मुताबिक महापौर और उपमहापौर का कार्यकाल सवा-सवा साल का होगा। इस तरह 5 वर्षों में ठाणे मनपा में 4-4 महापौर और उपमहापौर होंगे। हालांकि, पांचों साल महापौर पद शिवसेना (शिंदे गुट) के पास और उप महापौर बीजेपी के पास ही रहेगा। यहां शिवसेना (शिंदे गुट) की शर्मिला पेणोलकर-गायकवाड का महापौर होंगी, जबकि BJP के कृष्णा पाटील उपमहापौर बनेंगे। दोनों ने शुक्रवार को डीसीएम एकनाथ शिंदे की मौजूदगी में नामांकन भरा। विरोध में किसी का नामांकन नहीं होने से दोनों का निर्वाचन निर्विरोध होना तय है। इसकी अधिकृत घोषणा 3 फरवरी को की जाएगी। नामांकन प्रक्रिया के वक्त सांसद नरेश म्हस्के, विधायक निरंजन डावखरे सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

सुप्रीम कोर्ट के फैसले का मिला लाभ : ठाणे मनपा महापौर पद SC के लिए आरक्षित था। लेकिन, सुप्रीम कोर्ट के 1998 के एक निर्णय के चलते नियम में बदलाव किया गया था और उसी का लाभ कोपरी प्रभाग-20 से दूसरी बार निर्वाचित शर्मिला पेणोलकर को मिला। दूसरी तरफ प्रभाग-11 में से लगातार तीसरी बार निर्वाचित कृष्णा पाटील को उप महापौर की कुर्सी पर विराजमान होने का मौका मिला है।

महायुति में शामिल शिंदे शिवसेना को 75 और BJP को 28 सीट मिली है। SC वर्ग के लिए आरक्षित सीट से शिंदे शिवसेना के 7 और BJP के दो नगरसेवक चुने गए हैं। शिंदे शिवसेना में इस पद के लिए दावेदारों में वॉर्ड 3-A से पदम भगत, वॉर्ड 6-A से वनिता घोगरे, वॉर्ड 7-A से विमल भोईर, वॉर्ड 9-A से गणेश कांबले, 16-A से डॉ.दर्शना जानकर, 24-A अश्वती गायकवाड और वॉर्ड 28-A से दीपक जाधव थे। BJP की तरफ से दावेदारों में वॉर्ड 15-A के सुरेश कांबले और वॉर्ड 22-A से उषा वाघ थे। लेकिन, अंतिम समय में सभी दावेदारों को झटका लगा।

BJP ने दी थी अलग भूमिका की चेतावनी

BJP ने चेतावनी दी थी कि यदि उन्हें मनपा में सम्मान नहीं मिला, तो वे ठाणेकरों के फायदे और चुनाव में किए गए वादों को पूरा करने के लिए समय पहले पर अलग भूमिका में दिखा सकते हैं। विधायक निरंजन डावखरे ने कहा था कि 'चुनावी नाम' में ठाणेकरों से जो वादा किया गया है, उसे पूरा करने के लिए तथा पारदर्शक कार्यभार के लिए BJP को प्रमुख पद मिलना जरूरी है। अन्यथा, उनके पास चौकीदार की भूमिका का विकल्प रहेगा। हालांकि, अंततः BJP को यू-टर्न लेना पड़ा है।

UMC में शिवसेना को महापौर का पद, BJP का होगा उपमहापौर

■ NBT न्यूज, उल्हासनगर: शिवसेना और बीजेपी ने उल्हासनगर मनपा चुनाव अलग-अलग लड़ने के बावजूद महायुति के तहत एक साथ आकर सत्ता स्थापित करने का निर्णय लिया है। 78 सदस्यीय मनपा में शिवसेना पहले ही सत्ता का जादुई आंकड़ा हासिल कर चुकी थी, फिर भी बीजेपी को साथ लेकर सत्ता गठन से विपक्ष लगभग समाप्त हो गया है।

महायुति के तहत शिवसेना की ओर से अश्विनी कमलेश निकम ने महापौर पद के लिए, जबकि बीजेपी की ओर से अमर लुंड ने उपमहापौर पद के लिए अपना नामांकन दाखिल किया है। दोनों ही पदों के लिए किसी अन्य उम्मीदवार द्वारा नामांकन नहीं भरे जाने के कारण 3 फरवरी को होने वाली विशेष महासभा में उनकी जीत तय मानी जा रही है।

इस गठबंधन में शिवसेना और बीजेपी के साथ स्थानीय सहयोगी दल राई पार्टी और वंचित बहुजन आघाडी भी शामिल है। कांग्रेस मनपा में केवल एक नगरसेवक के साथ विपक्ष में है, जबकि अन्य सभी नगरसेवक सत्ता पक्ष का हिस्सा बन चुके हैं। 2017 से सक्रिय राजनीति में आए महापौर पद की उम्मीदवार ऐड.अश्विनी निकम बीए, एलएलबी और डायप्लिसिस टेक्निशन में डिप्लोमा है। उन्होंने कहा कि उनकी प्राथमिकता में शहर की मूलभूत सुविधाएं मजबूत करना, बुनियादी ढांचे का विकास, जर्जर इमारतों की समस्या का समाधान होगा। सांसद श्रीकांत शिंदे ने कहा कि केंद्र और राज्य में शिवसेना-बीजेपी की सरकार होने से कार्यकर्ताओं की यही इच्छा थी कि दोनों दल साथ रहें।

मीरा-भाईंदर मनपा में BJP की डिंपल मेहता बनेंगी महापौर

NBT की खबर पर लगी मुहर, उपमहापौर पर होंगे ध्रुवकिशोर पाटील

■ अमित तिवारी, मीरा-भाईंदर

मीरा-भाईंदर मनपा में महापौर और उपमहापौर पद की रेस से जुड़ी अटकलों पर शुक्रवार को विराम लग गया। यहां से बीजेपी ने महापौर पद के लिए डिंपल मेहता और उपमहापौर पद के लिए ध्रुवकिशोर पाटील के नाम पर आधिकारिक मुहर लगा दी है। इसके साथ ही एनबीटी की इस संदर्भ में 28 जनवरी की खबर भी सही साबित हो गई। शुक्रवार को दोनों नेताओं ने नामांकन दाखिल किए, इस दौरान बड़ी संख्या में पार्टी और प्रत्याशी समर्थक मौजूद थे।

गौरतलब है कि नवभारत टाइम्स के 28 जनवरी के अंक में संकेत दिया गया था कि महापौर पद पर डिंपल मेहता और उपमहापौर पद पर ध्रुवकिशोर पाटील का पलड़ा भारी है। महापौर पद महिलाओं के लिए आरक्षित होने के कारण इस बार भी मीरा-भाईंदर की सत्ता की कमान महिला के हाथों में जाना तय था। ऐसे में बीजेपी के भीतर कई नामों पर मंथन चला, लेकिन अंततः संगठनात्मक भरोसे, अनुभव और संतुलन के समीकरणों में डिंपल मेहता का पलड़ा भारी रहा।

डिंपल मेहता मीरा-भाईंदर की ऐसी पहली और एकमात्र महिला नेता बनने जा रही हैं, जो दूसरी बार महापौर पद संभालेंगी। इससे पहले वे 2017 में महापौर रह चुकी हैं। उनके कार्यकाल को प्रशासनिक स्थिरता और संगठन के प्रति निष्ठा के लिए जाना जाता है। पार्टी नेतृत्व का मानना है कि मौजूदा राजनीतिक परिस्थितियों में डिंपल मेहता का अनुभव और स्वीकार्यता बीजेपी के लिए सबसे सुरक्षित विकल्प है।

मीरा-भाईंदर: महापौर चयन के लिए BJP में कशमकश

3 फरवरी को महापौर, उप महापौर का होगा चयन

ध्रुवकिशोर पाटील की मजबूत दावेदारी: उपमहापौर पद के लिए ध्रुवकिशोर पाटील का नाम पहले से ही चर्चा में था। वर्ष 1999 में पहली बार नगरसेवक बने पाटील ने इस बार लगातार छठी जीत दर्ज की है। मनपा की कार्यप्रणाली, प्रशासनिक अनुभव और सभी वर्गों में उनकी पकड़ ने उन्हें इस पद का प्रबल दावेदार बना दिया है। बीजेपी के भीतर भी उनकी उम्मीदवारी पर कुछ प्रश्न थे, लेकिन उन पर शुक्रवार को विराम लग गया।

विपक्ष ने भी कसे पेंच

उधर, कांग्रेस-शिंदेसेना की मीरा-भाईंदर विकास आघाडी ने भी अपने पत्ते खोल दिए हैं। आघाडी ने रुबीना फिरोज (कांग्रेस) को महापौर और वंदना पाटील (शिंदेसेना) को उपमहापौर पद का उम्मीदवार घोषित किया है।

चुनाव मात्र औपचारिकता

नामांकन दाखिल होने के साथ ही यह लगभग तय हो गया है कि मीरा-भाईंदर मनपा में महापौर और उपमहापौर पद का चुनाव महज औपचारिकता भर रह गया है। 95 सदस्यीय सदन में बीजेपी को एक निर्दलीय के समर्थन के साथ कुल 79 नगरसेवकों का सख्यबल हासिल है, जबकि कांग्रेस-शिवसेना गठबंधन के पास केवल 16 नगरसेवक हैं। ऐसे स्पष्ट बहुमत के चलते सत्ताधारी बीजेपी की जीत लगभग सुनिश्चित मानी जा रही है और चुनाव परिणामों को लेकर किसी बड़े उलटफेर की संभावना बेहद कम नजर आ रही है।

KDMC महापौर पद के लिए शिवसेना-BJP ने संयुक्त रूप से भरा नामांकन

शिवसेना को महापौर और BJP को उपमहापौर पद

■ अरविंद त्रिपाठी, कल्याण:

कल्याण-डोंबिवली महानगर पालिका (केडीएमसी) के महापौर और उपमहापौर पद के लिए शिवसेना और BJP ने संयुक्त रूप से नामांकन दाखिल किया है। शिवसेना और भाजपा के साथ-साथ महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे), जिसने पहले केडीएमसी में शिवसेना को समर्थन दिया था, वह भी अब महायुति के साथ सत्ता में सहभागी नजर आ रही है। दोनों प्रमुख दलों ने निगम के शीर्ष नेतृत्व को लेकर सहमति बनाकर स्थिति को स्पष्ट कर दिया है।

महापौर पद के लिए शिवसेना की ओर से अधिवक्ता हर्षाली थाविल चौधरी ने नामांकन भरा है, जबकि उपमहापौर पद के लिए भाजपा ने वरिष्ठ नगरसेवक राहुल दामले को उम्मीदवार बनाया है। शुक्रवार नामांकन दाखिल करने का अंतिम दिन था और उल्लेखनीय रूप से दोनों ही पदों के लिए केवल एक-एक नामांकन दाखिल हुआ। ऐसे में 3 फरवरी को होने वाली विशेष महासभा में चुनाव प्रक्रिया केवल औपचारिकता रहने की संभावना है।

इससे पहले राजनीतिक गलियारों में उस समय चर्चाओं का दौर तेज हो गया था जब महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के पांच नगरसेवकों ने शिवसेना को समर्थन दिया और शिवसेना (उद्धव ठाकरे गुट) के चार नगरसेवक संपर्क में होने के बावजूद नजर नहीं आ रहे थे। इसके चलते यह अटकलें लगाई जा रही थीं कि कहीं शिवसेना अपने गठबंधन सहयोगी भाजपा को महापौर पद की दौड़ में दरकिनार तो नहीं कर रही है।

हालांकि, शिवसेना और भाजपा के संयुक्त नामांकन ने इन सभी अटकलों पर पूर्ण विराम लगा दिया है। शुक्रवार को नामांकन के दौरान शिवसेना के कल्याण सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे और भाजपा के स्थानीय नेता मौजूद रहे।

कल्याण-डोंबिवली में 4 सीटों पर उप चुनाव संभव

■ NBT न्यूज ,कल्याण: शिवसेना (यूबीटी) अब उन चार पार्षदों के खिलाफ आक्रामक हो गई है, जिन्होंने पार्टी का आदेश नहीं माना है। 4 लापता पार्षदों की सदस्यता रद्द करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। यह जानकारी शिवसेना (यूबीटी) के शहर प्रमुख बाला परब, ग्रुप लीडर उमेश बोरगांवकर और पार्षद मोहेर ने दी। इसलिए, केडीएमसी के उन चार वार्डों में उपचुनाव की संभावना है।

4 पार्षदों की सदस्यता रद्द करने की प्रक्रिया की गई शुरू

चुनाव के बाद से कल्याण में ठाकरे ग्रुप के मशाल सिंबल पर MNS से चुने गए कॉर्पोरेटर राहुल कोट और कॉर्पोरेटर स्वप्नाली काणे का पता नहीं चल पा रहा है। इस बीच, शिवसेना शिंदे ग्रुप में ठाकरे ग्रुप से चुने गए कॉर्पोरेटर मधुर मासे और कीर्ति ढोने भी गायब हैं। इस बारे में कल्याण की शिवसेना लोकल एक मीटिंग हुई। शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे पार्टी के शहर प्रमुख बाला परब, KDMC ग्रुप लीडर उमेश बोरगांवकर और प पर्षद मोहेर ने बताया कि जो चार पार्षद मशाल सिंबल पर चुने गए हैं, लेकिन फिर नहीं मानते है।

नाबालिग से रेप के दोषी को 20 साल की सजा

■ NBT न्यूज, भिवंडी: भिवंडी के अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायालय ने नारपोली पुलिस स्टेशन क्षेत्र में नाबालिग बच्ची के साथ बलात्कार करने वाले अब्दुल कलाम उर्फ सद्दाम पीर मोहम्मद अंसारी (36) को 20 साल के सश्रम कारावास और 5 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। जुर्माना न भरने पर 6 महीने की साधारण कैद होगी।

पुलिस के अनुसार आरोपी ने 2019 में पीड़िता के साथ बलात्कार किया था। नारपोली पुलिस ने मामला दर्ज किया और वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में सबूत अदालत में पेश किए गए।

न्यायाधीश एन.के. कारेटे की अदालत ने सभी सबूत मान्य कर आरोपी को दोषी ठहराया। पिछले 15 दिनों में भिवंडी की अदालत ने पोक्सो के तहत दो मामलों में दोषियों को कड़ी सजा सुनाई। नागरिकों का मानना है कि ऐसे फैसले अपराधियों में डर पैदा करेंगे।

स्टेट अपडेट

अजित पवार के दोनों बेटों ने एकत्र की उनकी अस्थियां

■ भाषा, पुणे : उपमुख्यमंत्री अजित पवार के गृहनगर बारामती में उनका दाह संस्कार किए जाने के एक दिन बाद शुक्रवार को उनके दोनों बेटों बेटों पार्थ और जय पवार ने अंतिम संस्कार स्थल से उनकी अस्थियां एकत्र कीं। बता दें कि बुधवार को पुणे जिले के बारामती में एक विमान दुर्घटना में अजित पवार और चार अन्य लोगों की मृत्यु हो गई थी। गुरुवार को बारामती के विद्या प्रतिष्ठान कॉलेज मैदान में प्रमुख राजनेताओं और हजारों लोगों की उपस्थिति में पूरे राजकीय सम्मान के साथ अजित पवार का अंतिम संस्कार किया गया था। इस दौरान दिवंगत नेता के चाचा और एनसीपी (SP) प्रमुख शरद पवार और परिवार के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

'अब भी संगीत गहराई से नहीं जानता'

■ भाषा, छत्रपति संभाजीनगर : दिग्गज संगीतकार इलैयाराजा का कहना है कि अब तक 1,541 फिल्मों के लिए गीत और पृष्ठभूमि संगीत रचने के बावजूद वह खुद को संगीत का गहरा जानकार नहीं मानते और यही वजह है कि वह आज भी लगातार काम कर रहे हैं। पद्म विभूषण से सम्मानित 80 वर्षीय इलैयाराजा को छत्रपति संभाजीनगर के एमजीएम परिसर में आयोजित 11वें अजंता-एलोरा अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (AIFF) के उद्घाटन समारोह के दौरान पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस मौके पर उन्होंने संगीत जगत में अपने सफर के शुरुआती दिनों को याद किया।

'अजित दादा जैसा दोबारा नहीं मिलेगा'

■ IANS, बारामती : डीसीएम अजित पवार के अचानक निधन की घटना पर भाजपा नेता नवनीत राणा ने दुख जताते हुए कहा, अजित दादा ने अपने शब्दों और कर्मों से हमेशा लोगों का भरोसा जीता। नवनीत राणा ने मीडिया से कहा, 'अजित दादा अपने कहे हुए पर चलने वाले इंसान थे। उन्होंने कहा था कि वह अंतिमी सांस तक काम करेंगे। शायद बारामती के लिए उनका प्यार इतना गहरा था कि उनकी अंतिमी सांस भी यहीं, बारामती में हो ली। मुझे लगता है कि अजित दादा जैसा नेता अब दोबारा नहीं मिलेगा।'

बीड: खाई में मिले 2 सड़े-गले शव

■ पीटीआई, बीड : बीड में गहरी खाई से 2 सड़ी-गली लाशें बरामद की गईं। पुलिस के अनुसार लाशें आष्टी तालुका के साबरगांव के पास मच्छिंद्रनाथ (मयंका) गढ़ इलाके में मिलीं। मृतकों की पहचान नीलेश नारायण घोंगरे (26) और टिनकर नाना घटशिंग (65) के रूप में हुई है। दोनों अहमदनगर जिले के रहने वाले थे। घोंगरे बेलापुर (खुर्द) का रहने वाला था और घटशिंग (65) पाथर्डी तहसील के भीलवाड़ा गांव का रहने वाला था। घोंगरे करीब एक महीने पहले मच्छिंद्रनाथ मंदिर गया था, लेकिन उसके बाद से लापता हो गया था।

कांग्रेस पार्षदों को अगवा करने की कोशिश

■ पीटीआई, चंद्रपुर : महाराष्ट्र के चंद्रपुर में कांग्रेस पार्षदों को उस बस से अगवा करने की कोशिश की, जिसमें वे नागपुर जा रहे थे। पुलिस के अनुसार छह लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। गुरुवार को कुछ लोगों ने उस बस को रोका, जिसमें चंद्रपुर नगर निगम (CMC) के नए चुने गए पार्षद यात्रा कर रहे थे और कथित तौर पर नागपुर से सटे वर्धा जिले में समृद्धि एक्सप्रेसवे के पास कांग्रेस पार्षदों को अगवा करने की कोशिश की। पार्टी सूत्रों के अनुसार, कांग्रेस विधायक दल के नेता विजय वडेट्टीवार (CLP) से मिलने 17 से 18 पार्षद नागपुर जा रहे थे।

VVMC: 1 पद, कई दावेदार

■ सुरेंद्र नेगी, विरार : वसई-विरार सिटी म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन (VVMC) में महापौर और उपमहापौर पद के चुनाव को लेकर राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। शुक्रवार को इन दोनों महत्वपूर्ण पदों के लिए नामांकन प्रक्रिया पूरी कर ली गई, जिसके साथ ही चुनावी माहौल पूरी तरह गरमा गया है। महापौर और उपमहापौर पद के लिए मतदान आगामी 3 फरवरी को आयोजित किया जाएगा।

सत्तारूढ़ बहुजन विकास आघाडी (बविआ) की ओर से महापौर पद के लिए एक से अधिक दावेदारों ने नामांकन दाखिल किया है। इनमें प्रमुख रूप से अनीष यशवंत पाटील, प्रफुल्ल साने और निषाद चोरपे के नाम शामिल हैं। वहीं, उपमहापौर पद के लिए मार्शल लोपिस और कनीश भोईर ने नामांकन भरा है। बविआ द्वारा कई नामांकन दाखिल किए जाने से यह संकेत मिल रहा है कि अंतिम उम्मीदवार का चयन पार्टी नेतृत्व रणनीतिक और संगठनात्मक संतुलन को ध्यान में रखकर करेगा।

दूसरी ओर बीजेपी ने भी चुनावी मैदान में उतरते हुए अपने उम्मीदवारों के नामांकन दाखिल किए हैं। बीजेपी की ओर से महापौर पद के लिए दर्शना जिराती और उपमहापौर पद के लिए नारायण मांगेरकर ने नामांकन प्रस्तुत किया है। विपक्ष की भूमिका में रहते हुए भाजपा इस चुनाव के माध्यम से अपनी राजनीतिक उपस्थिति दर्ज कराने और संगठनात्मक से अधिक प्रभाव छोड़ने का प्रयास कर रही है।

संगठनात्मक पर नजर डालें, तो बहुजन विकास आघाडी के पास 71 सदस्य हैं, जबकि बीजेपी के पास 44 सदस्य हैं। इस स्पष्ट बहुमत के चलते महापौर और उपमहापौर पद पर बविआ की जीत लगभग तय मानी जा रही है।

बालिका का अपहरण, दंपती गिरफ्तार

मुंब्रा पुलिस ने तीन माह की बालिका को बचाया, निःसंतान थे आरोपी दंपती

■ NBT न्यूज, ठाणे: ठाणे की मुंब्रा पुलिस ने तीन माह की बालिका के अपहरण की गुत्थी सुलझाते हुए आरोपी दंपति को अयोला से गिरफ्तार किया है। पकड़े गए मोहम्मद मुनीब गुलाब (31) और शैरुन्निशा गुलाब (30) को पुलिस हिरासत में रखा गया है। निकाह के आठ साल बाद भी दोनों को बच्चा नहीं हुआ था, इसलिए उन्होंने बच्चे की चाहत में बालिका का अपहरण किया।

मामले की गुत्थी सुलझाने के लिए पुलिस को कड़ी मेहनत करनी पड़ी। पुलिस की चार टीमें लगातार 6 दिन, 16 से 18 घंटे काम पर लगी थीं। इस दौरान मुंब्रा से मुंबई सीएसटीएम तक के सभी स्टेशन सहित वांगनी, टिटवाला, बदलापुर तक के रेलवे स्टेशन और मुंब्रा परिसर में लगे 1,600 से अधिक CCTV कैमरों के फुटेज की जांच की गई और तभी दंपति का सुराग मिला।

ठाणे पुलिस आयुक्त आशुतोष डुंबरे ने शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में जानकारी दी। इस दौरान बालिका और उसकी मां भी पुलिस अधिकारियों के साथ मौजूद थीं।

पुलिस के अनुसार बच्चा नहीं होने से दंपति निराश थे। वे पहले दो बार मुंब्रा आकर गोद लेने के लिए बच्चा ढूंढ़े पर असफल रहे।

Anil Shinde

समय पर ऐक्टिव हो गई मुंब्रा पुलिस

डीसीपी सुभाष बुरसे, एसीपी प्रिया डमाले के मार्गदर्शन में सीनियर पीआई अनिल शिंदे के नेतृत्व में पीआई नितिन पवार, पीएसआई शरद कुमार, तेजस सावंत और विनायक माने की टीम ने मामले की गुत्थी सुलझाकर बालिका को सुरक्षित रेस्क्यू किया और आरोपी दंपति को गिरफ्तार किया।

मुंब्रा निवासी 23 वर्षीय फरजाना मोहम्मद मसूरी 22 जनवरी को अपनी तीन माह की बेटी आफिया और तीन वर्षीय बेटी अनविया के साथ खेती मशीन परिसर से गुजर रही थी। सड़क पार करने के दौरान बड़ी बेटी रोने लगी। फरजाना ने तीन माह की आफिया को गोद में ले रखा था। उसी समय एक बुर्कधारी महिला ने मदद का प्रस्ताव दिया और बालिका को अपनी गोद में ले लिया। फरजाना बड़ी बेटी को थुप कर रही थी, तभी महिला मौके से गायब हो गई। मुंब्रा पुलिस स्टेशन में अपहरण का मामला दर्ज किया गया।

CCTV फुटेज के आधार पर पकड़े गए

घटनास्थल के पास बैंक के बाहर लगे CCTV फुटेज में बुर्का पहने महिला ऑटो रिक्शा में सवार होकर मुंब्रा रेलवे स्टेशन की ओर जाती दिखी। पुलिस ने मुंब्रा से बदलापुर तक लगे सभी कैमरों को जांच की, लेकिन सफलता नहीं मिली। फिर प्लेटफॉर्म नंबर 2 पर CCTV फुटेज पर ध्यान दिया गया, जहां बुर्कधारी दंपति बालिका के साथ दिखाई दी। दंपति ट्रेन में चढ़ने से पहले कपड़े बदल गए।

पुलिस ने महिला की तलाश की और नसरीन शेख नामक महिला तक पहुंची। पूछताछ में नसरीन ने बताया कि आरोपी महिला उसकी छोटी बहन है और बालिका को अयोला ले जाया गया। नसरीन के बहनोई मुंब्रा पुलिस स्टेशन में अपहरण का मामला दर्ज किया गया।

लोकल में झगड़ा, 3 लोग गिरे, एक गंभीर

शुक्रवार सुबह की घटना, वेंटीलेटर पर लड़ रहा जिंदगी और मौत की लड़ाई

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: मुंबई की लोकल ट्रेन में शुक्रवार सुबह एक हादसा हो गया। कल्याण की तरफ से मीरारामदी की तरफ जा रही स्लो लोकल से 3 लोग गिर गए और घायल हो गए, जिनमें से एक की हालत गंभीर है। उसे वेंटीलेटर पर रखा गया है। शुरुआती तौर में ऐसा कहा गया कि ट्रेन में 3 लोगों के बीच बहस हो गई थी। यह बहस इस हद तक बढ़ गई कि झगड़े में तब्दील हो गई। नतीजन सावन में 3 लोग, लोकल से गिर गए। हालांकि बाद में ऐसा कहा गया कि वे लोग ट्रेन में अधिक भीड़ होने की वजह से नीचे गिर गए थे। लेकिन इन दोनों बातों पर पुलिस का कहना है कि उन्होंने अब तक लोगों का बयान नहीं लिया है हालांकि हादसे के बाद तुरंत उन्हें पास के सावन अस्पताल ले जाया गया।

एक रेलवे अधिकारी ने बताया, हादसे के तुरंत बाद ओएचई (ओवर हेड वायर) बंद कर दिया गया था, ताकि कोई अन्य ट्रेन न आ सके। इसकी वजह पूछे जाने पर, उन्होंने बताया कि सावन नॉन ऑपरेशनल स्टेशन है, यानी यहां पर स्टेशन मास्टर नहीं होते हैं। बल्कि स्टेशन की जिम्मेदारी स्टेशन सुपरिंटेंडेंट संभालते हैं। इसलिए, ओएचई बंद करने का निर्णय लिया गया था।

पटरी के किनारे कचरे के ढेर में लगी आग

शुक्रवार शाम को मध्य रेलवे पर एक घटना और हो गई। कलवा और ठाणे के बीच 2 पटरियों के बीच कचरे के ढेर में आग लग गई। यह आग शाम 06:30 बजे लगी। इस वजह से एक बार फिर लोकल की सर्विस को रोक दिया गया था। शाम 07:00 बजे फायर ब्रिगेड की मदद से आग पर काबू पा लिया गया और स्पोर्ड रिस्ट्रिक्शन लागू कर दिया गया था। इसी के साथ ही हार्बर लाइन पर भी सुबह के सत्र में समस्या उत्पन्न हुई थी।

> सुबह शायन में लोकल से तीन लोग गिर गए थे, हालांकि अब तक उन लोगों का बयान नहीं लिया गया है। – फ्लाग झगड़े, DCP, CR,GRP

सुबह करीब 10 बजे हुआ हादसा

हादसा सुबह करीब 10 बजे हुआ था, जिसके बाद 9 मिनट के लिए ओएचई बंद कर दिया गया। इससे लोकल ट्रेनों सर्विस प्रभावित हुई और सभी लोकल ट्रेनें रोकी चलीं। हालांकि, अधिकारी ने स्पष्ट किया कि यह एक्सीडेंट लोकल ट्रेनों के ट्रेनों से चलने की एकमात्र वजह नहीं थी, बल्कि वर्तमान में चल रहे अन्य रेलवे इंफ्रास्ट्रक्चर के काम भी ट्रेनों का कारण बने। ट्रेन से निचे गिरने वाले लोगों में से पहले शख्स का नाम अफजल चौधरी है। उसकी उम्र 36 वर्ष है और वह गोवंडी का निवासी है। दूसरा व्यक्ति 21 वर्षीय सचिन विश्वकर्मा है, जो नालासोपारा का रहवासी है और तीसरा शख्स 25 वर्षीय, कुर्ला निवासी जैनिल सैयद है। जैनिल सैयद की हालत गंभीर बनी हुई है।

प्रेम संबंध में तनाव के चलते युवक ने कर ली आत्महत्या

युवती के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का केस दर्ज

NBT रिपोर्ट, मुंबई: ट्रॉम्बे पुलिस ने प्रेमी को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में युवती के खिलाफ केस दर्ज किया है। युवक के मोबाइल में वॉइसरेप पर मिले सुसाइड नोट के बाद परिजनों की शिकायत पर यह कार्रवाई की गई।

पुलिस के अनुसार, अंटोप हिल इलाके में फूल बेचने वाली महिला के बेटे के उसी परिसर में रहने वाली युवती से प्रेम संबंध थे। युवती अक्सर युवक के घर आती-जाती थी और दोनों बाहर भी मिलते थे। दिसंबर में युवक द्वारा देवी का उपवास रखने पर युवती ने आपत्ति जताई थी। इसी बात को लेकर दोनों के बीच झगड़ा हुआ, जिसके बाद विवाद बढ़ते चले गए। लगातार हो रहे झगड़ों और मानसिक तनाव के चलते युवक ट्रॉम्बे इलाके में रहने वाले एक रिश्तेदार के घर गया, जहां उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस घटना से परिवार सदमे में है। जांच के दौरान युवक के मोबाइल फोन से एक सुसाइड नोट बरामद हुआ, जो उसने अपने ही नंबर पर वॉइसरेप के जरिए लिखा था। नोट में युवक ने प्रेमिका द्वारा किए जा रहे मानसिक उत्पीड़न का उल्लेख किया है। उसने लिखा कि प्रेमिका उसे लगातार परेशान कर रही थी, गालियां देती थी और मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रही थी। सुसाइड नोट के आधार पर युवक की मां ने ट्रॉम्बे पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के बाद पुलिस ने युवती के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जुहू बीच पर मिला नवजात का शव

NBT रिपोर्ट, मुंबई: मुंबई के जुहू बीच पर शुक्रवार तड़के एक नवजात लड़के का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। शिशु की उम्र 15 दिन से भी कम बताई जा रही है। सुबह टहलने निकले एक व्यक्ति ने समुद्र किनारे शव देखा और तुरंत स्थानीय लोगों को इसकी जानकारी दी। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए कूपर अस्पताल भेज दिया गया, ताकि मौत के कारणों का पता लगाया जा सके। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। पुलिस आसपास के इलाकों में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है।

महाराष्ट्र के ITI बनेंगे हाई-टेक स्किल हब

PM-सेतु योजना से 242 करोड़ रुपये का निवेश

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: राज्य के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पीएम-सेतु योजना के तहत आधुनिक 'स्किल डिवेलपमेंट हब' में बदला जाएगा। पहले चरण में नागपुर, पुणे और छत्रपति संभाजीनगर के आईटीआई को चुना गया है। इस परियोजना पर केंद्र और राज्य सरकार मिलकर 242 करोड़ रुपये खर्च करेंगी। राज्य के कौशल, रोजगार और उद्यमिता मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा ने यह जानकारी दी। अगले चरणों में राज्य के अन्य जिलों को भी योजना से जोड़ा जाएगा। पीएम-सेतु योजना के तहत आईटीआई का विकास हब-एंड-स्पोक मॉडल पर किया जाएगा। एक हब आईटीआई के साथ चार स्पोक आईटीआई जोड़े जाएंगे। इससे प्रशिक्षण की गुणवत्ता, संसाधन और उद्योगों से जुड़ाव मजबूत होगा। इस योजना में 50% राशि केंद्र सरकार, 33% राज्य सरकार और 17% उद्योग क्षेत्र वहन करेगा। एक क्लस्टर पर पांच वर्षों में करीब 241 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। राज्य सरकार की हिस्सेदारी 98 करोड़ रुपये होगी।

युवाओं को मिलेगा रोजगार-फोकस्ड प्रशिक्षण

नागपुर, पुणे, संभाजीनगर से होगी शुरुआत: नागपुर के गवर्नमेंट आईटीआई को हब के रूप में आधुनिक बनाया जाएगा। इसके अंतर्गत गर्ल्स आईटीआई नागपुर, कामठी, हिंगना और बुटीबोरी स्थित आईटीआई को शामिल किया गया है। छत्रपति संभाजीनगर स्थित आईटीआई को भी हब के रूप में विकसित किया जाएगा। इसके साथ ही पैठण, खुलताबाद, गंगापुर और फुलंब्री के आईटीआई को आधुनिकीकरण किया जाएगा। पुणे में औंध स्थित आईटीआई को हब बनाया जाएगा। इसके अंतर्गत औंध का गर्ल्स आईटीआई, खेड़-राजगुरूनगर और मुलशी के आईटीआई को आधुनिक स्वरूप दिया जाएगा।

नए पाठ्यक्रमों के साथ मौजूदा कोर्स में भी सुधार

प्रत्येक हब आईटीआई में औसतन चार नए पाठ्यक्रम शुरू किए जाएंगे और 10 मौजूदा पाठ्यक्रमों का स्तर उन्नत किया जाएगा। वहीं, स्पोक आईटीआई में दो नए पाठ्यक्रम शुरू होंगे और आठ पाठ्यक्रमों की श्रेणी सुधार किया जाएगा। जहां उद्योगों की संख्या कम है, वहां सेवा क्षेत्र, बहु-कौशल पाठ्यक्रम और रोजगार आधारित कोर्स शुरू किए जाएंगे।

'ज्ञान परंपरा से आधुनिक कौशल की ओर'

मंत्री लोढ़ा ने कहा कि गुरुकुल परंपरा, नालंदा जैसे विश्वविद्यालयों और आर्यभट्ट जैसे महान विज्ञानी के कारण भारत ज्ञान अर्जन का वैश्विक केंद्र रहा है। उसी समृद्ध ज्ञान परंपरा को आगे बढ़ाते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आधुनिक कौशल प्रशिक्षण को जोड़कर आईटीआई के माध्यम से नए भारत के निर्माण का प्रयास कर रहे हैं।

अवैध होर्डिंग पर BMC ने कराई FIR

■ NBT, रिपोर्ट, मुंबई: BMC प्रशासन ने शुक्रवार को शिवाजी पार्क में लगाई गई अवैध होर्डिंग पर कार्रवाई करते हुए उसे हटा दिया है। इसके साथ ही पुलिस स्टेशन में कार्रवाई के लिए एफआईआर दर्ज कराई है। बीएमसी के अनुसार, यह कार्रवाई जी-उत्तर वॉर्ड द्वारा की गई है। बता दें कि शिवाजी पार्क के गेट नंबर 5 के पास दोनों तरफ बिना अनुमति के लोहे की होर्डिंग लगाई थी, जिसे वॉर्ड ऑफिसर द्वारा हटवा दिया गया है। बीएमसी ने स्पष्ट किया है कि बिना अनुमति के लगाई होर्डिंगों के खिलाफ कार्रवाई की ही जाएगी। उन पर भी कार्रवाई होगी, जिन्होंने होर्डिंग लगाई है।

उत्तर शिवाजी पार्क में लगाई गई थी होर्डिंग

पैसा नही मिला तो काजू बादाम ही सही!

कैश नही मिलने पर 57 हजार का सामान चुराया

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: कुर्ला के विनोबा भावे नगर में चोरी की एक अजीब घटना सामने आई है। चोरी के इरादे से दुकान में घुसे चोर को जब नकद नहीं मिला, तो वह करीब 57 हजार रुपये का काजू, बादाम और मसाले चुरा ले गया। इस मामले में दुकानदार मिथुन यादव की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है।

एफआईआर के अनुसार, मिथुन और उनके भाई दिलीप पिछले 10 वर्षों से रसी वाला कॉन्फ्रेंट, कुर्ला पाइप रोड पर 'ए के मसाला एंड जनरल स्टोर' चला रहे हैं। रोज की तरह रात 10.30 बजे दुकान बंद की गई थी। सुबह दुकान खोलने पहुंचे तो शटर के ताले टूटे मिले। चोरी गए सामान में काजू, बादाम, खारीक-मुनक्का, इलायची, जीरा, काली मिर्च, साबुन और 1,500 रुपये नकद शामिल हैं। पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

मुंबई हलचल

अगर हमें 9967397375 पर जानकारी/फुटेज भेज सकते हैं।

अंतरमहाविद्यालयीन आयोजन हुआ: शिक्षा के क्षेत्र में 55 वर्ष पूरे कर रहे प्रह्लादराय डालमिया लायंस कॉलेज में अंतरमहाविद्यालीन 'डालमिया लायंस ऐडमिनोत्सव-2026' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन अभिनेत्री अतिशा नाइक और आर्य सावे ने किया। इसमें गैर-शैक्षणिक और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों ने अपनी प्रतिभा दिखाई। कार्यक्रम कॉलेज के नवनियुक्त ट्रस्टी विकास सराफ और गवर्निंग काउंसिल के महामंत्री कन्हैयालाल सराफ की उपस्थिति में हुआ। प्रिंसिपल डॉ. डीएन गंगेडार ने स्वागत किया। महिमा द्विवेदी ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। कार्यक्रम का संचालन रानेश दुबे और आभार प्रदर्शन विजय चव्हाण ने किया।

भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद
(शिक्षा मंत्रालय के अधीन एक स्वायत्त निकाय)
अरुणा आसफ अली मार्ग, नई दिल्ली -110067

भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली में निम्नलिखित पदों के आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

क्र.सं.	पद का नाम	रिक्तियां
1	निदेशक (अनुसंधान)	01 (एक)
2	उपनिदेशक (अनुसंधान)	02 (दो)
3	प्रणाली विश्लेषक सह वरिष्ठ प्रोग्रामर	01 (एक)
4	लेखा सहायक	04 (चार)
5	प्रवर श्रेणी लिपिक	07 (सात)

भवन दो, विस्तृत जानकारी आईसीएसएसआर की वेबसाइट www.icssr.org पर देखी जा सकती है।

STATE COUNCIL OF EDUCATIONAL RESEARCH & TRAINING
(An Autonomous Organisation of Education Department of GNCTD)
VARUN MARG, DEFENCE COLONY, NEW DELHI-110024
Advt. No. 01/2026

Applications are invited from retired /Ex-Serviceman candidates for engagement of **Consultants in different disciplines** on contractual basis for the following posts:
1. Consultant (Section Officer (Estate/Civil Work/EPF Work/ Litigations) – **05 Posts**
2. Consultant (Asstt. Accounts Officer) – **05 Posts**
3. Consultant (ASO) - **05 Posts**
4. Consultant (Sr. Assistant) - **10 Posts**

Interested candidates may apply in the prescribed manner within the stipulated time. Detailed terms & conditions, application forms are available on the official website **www.scertdelhi.nic.in.**
Application must be submitted only in prescribed format at dedicated email ID **recttscert@gmail.com** with the subject as **"Application for Consultant _____ (Discipline) from Sh./Smt. _____."** Hard copy of the same must also be submitted to Director, SCERT, Varun Marg Defence Colony, New Delhi 110024.
The last date for receipt of applications is **20.02.2026.**
Application(s) received after due date, for whatever reason, shall not be entertained under any circumstances.
Director, SCERT
DIP/Shabdarth/Classified/0426/25-26

संख्या Admin-12011(16)/7/2025-eoffice
भारत सरकार
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय
केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन
(औषधि अनुभाग)
***

केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन पात्र उम्मीदवारों से केंद्रीय औषधि परीक्षण प्रयोगशाला, मुंबई में पदोन्नति/प्रतिनियुक्ति (अल्पावधि अनुबंध सहित) पर नीचे उल्लिखित पद को भरने के लिए आवेदन आमंत्रित करता है। आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि रोजगार समाचार में इस विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से 60 दिनों के भीतर होगी।

2. अधिक जानकारी के लिए कृपया सीडीएससीओ वेबसाइट https://cdsco.gov.in पर जाएं।

क्र. सं.	पद का नाम	वेतनमान	पद का नाम	जिस कार्यालय के लिए पद भरा गया है
1.	कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक/ सहायक नमूना वाहन	पे मैट्रिक्स में स्तर-6 रुपये (35400-112400)	1	केंद्रीय औषधि परीक्षण प्रयोगशाला, मुंबई

(पवन कुमार)
उप निदेशक प्रशासन (औषधि)
सी.डी.एस.सी.ओ. मुख्यालय, स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, नई दिल्ली
CBC 17194/11/0022/2526

आर्मर्ड व्हीकल्स निगम लिमिटेड
भारत सरकार का उद्यम
रक्षा मंत्रालय

ARMOURED VEHICLES NIGAM LIMITED
A GOVT. OF INDIA ENTERPRISE
MINISTRY OF DEFENCE

सर्वा: प्रदिशो जयेम
CIN-U35990TN2021GOI14550

विज्ञापन संख्या: AVNLCO/HR/2026/01
निश्चित अवधि संविदा नीति पर पेशेवरों की नियुक्ति

आर्मर्ड व्हीकल्स निगम लिमिटेड (अवनि) (एवीएनएल) एक नया रक्षा उपक्रम है जिसका मुख्यालय आवडी (चेन्नई) में स्थित है। एवीएनएल युद्ध टैंकों (टी-72, टी-90, एमबीटी-अर्जुन), इन्फैंट्री कॉम्बैट व्हीकल्स, सहायक वाहनों (एमपीवी एईआरवी आदि) एवं सशस्त्र बलों और होमलैंड सिक्योरिटी एजेंसियों के लिए रक्षा गतिशीलता समाधानों (स्टैलियन, एलपीटीए आदि) के विनिर्माण से जुड़ा हुआ है। यह इस क्षेत्र में में वर्तमान में बाजार में अग्रणी है। यह एक नई सरकारी कंपनी है जिसका भविष्य उज्ज्वल है। यह पेशेवरों के लिए शानदार कार्य वातावरण एवं चुनौतीपूर्ण अवसर प्रदान करता है ताकि वे अपनी क्षमताओं को साबित कर सकें। निम्नलिखित पदों के लिए संविदात्मक नियुक्ति हेतु पात्र उम्मीदवारों से ऑफलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं:

क्रम सं.	पदनाम	रिक्त पदों की सं.	कुल समेकित वेतन (प्रति माह) सभी शामिल हैं	नियुक्ति की प्रकृति
1	संयुक्त महाप्रबंधक (सुरक्षा) Jt. General Manager (Security)	01 [01-UR]	Rs.90,000/- + आईडीए	निश्चित अवधि संविदा के आधार पर नियुक्ति
2	वरिष्ठ प्रबंधक (बौद्धिक संपदा) Senior Manager (Intellectual Property)	01 [01-UR]	Rs.70,000/- + आईडीए	

अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारे एवीएनएल वेबसाइट www.avnl.co.in पर जाएँ, जहाँ नौकरी की विस्तृत जानकारी, योग्यताएँ, अनुभव, कौशल, वेतन, प्रक्रिया, आवेदन प्रारूप, और उक्त पदों के लिए आवेदन करने की शर्तें दी गई हैं।
ध्यान दें:
इस विज्ञापन में कोई भी संशोधन/सुधार सिर्फ एवीएनएल वेबसाइट पर प्रकाशित/अपलोड किया जाएगा।
उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे नवीनतम अपडेट/संशोधन के लिए नियमित रूप से वेबसाइट पर जाएँ।
आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि : 07.02.2026.

एचआर डिविजन, एवीएनएल निगम कार्यालय, चेन्नई
ईमेल: hr@avnl.co.in
तारीख: 31.01.2026
फोन: 044-26844808/26844810

समाहरणालय, सीतामढ़ी
(मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम)
-: वाहन नीलामी हेतु अति अल्प कालीन आम सूचना :-
(प्रेस विज्ञप्ति)

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि बिहार राज्य में पूर्ण शराबबंदी के उपरान्त शराब के परिवहन में प्रयुक्त वाहन को समाहर्ता-सह-जिला दण्डाधिकारी, सीतामढ़ी के द्वारा बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम 2016 में विहित प्रावधानों के अधीन राज्यस्तरीय आदेश पारित किया गया है, जिनका सार्वजनिक नीलामी द्वारा निष्पादन किया जाना राज्यहित में आवश्यक है। तद्-आलोक में निम्नलिखित वाहनों की नीलामी **'जैसा है उसी स्वरूप में'** के आधार पर अधिकृत/प्राधिकृत पदाधिकारी के द्वारा दिनांक-18.02.2026 को 11:00 बजे पूर्वाह्न से समाहरणालय परिसर, परिषदीय भवन, दुमरा में की जायेगी। उक्त तिथि को नीलामी के पश्चात् शेष बचे वाहनों की नीलामी आवश्यकतानुसार दिनांक-25.02.2026 को 11:00 बजे पूर्वाह्न एवं द्वितीय नीलामी के उपरान्त शेष बचे वाहनों की नीलामी दिनांक-28.02.2026 को 11:00 बजे पूर्वाह्न से सम्पन्न किया जायेगा।

वाहन नीलामी की तिथि	आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि	आवेदन प्राप्त करने का स्थान
नीलामी की पहली तिथि- 18.02.2026	16.02.2026 (समय-5 बजे अपराह्न तक)	कार्यालय अधीक्षक मद्य निषेध, सीतामढ़ी।
शेष बचे वाहनों की नीलामी की दूसरी तिथि:-25.02.2026	23.03.2026 (समय-5 बजे अपराह्न तक)	
शेष बचे वाहनों की नीलामी की तीसरी तिथि-28.02.2026	26.03.2026 (समय-5 बजे अपराह्न तक)	

(नीलामी हेतु सामान्य वाहनों का विवरण)

क्र. सं.	वाहन निबंधन संख्या	चेचिस सं0	ईंजन सं0	थाना कान्ड संख्या / वाद संख्या	पुलिस थाना / मद्यनिषेध विभाग का प्रस्ताव	अधिहरण वाद संख्या	वाहन का प्रकार	मॉडल वर्ष	वाहन का निर्धारित न्यूनतम मूल्य (रू0 में)	अग्रधन की राशि (रू0 में) 25% लगभग	वाहन मालिक का नाम एवं पता
01	02	03	04	05	06	07	08	09	10	11	12
01	MH03BC-7303	MALA741DLGM158965	D3FAGM814769	173/23	KANHAULI	446/2023	HUNDAI CAR	2016	258300	64575	TANUJA TOURS AND TRAVELS BHANUDAS V GHUGE B NO 3 CHAWL NO 4, TILAK NGR SUBHASH NGR NR SAI BABA, MANDIR LAL CHOWKI KALYAN W, Thane -421301
02	MH02-4151	MAKGD852SSN122717	L15A3004292	1293/23	S/TAMARHI EXCISE	124/2024	CAR		33300	16650 (SCRAP)	
03	MH15BD-2210	MALAAS1HRM458960	G4HD4D36385	203/24	EXCISE PUPRI	153/2024	CAR		27000	13500 (SCRAP)	
04	MH06AB-7008	MA1TA2BSCS2KB7C82	B554K46416	294/24	MAJORGANJ	344/2024	SCORPIO		58500	29250 (SCRAP)	

नीलामी की विस्तृत घोषणा-पत्र/प्रपत्र की जानकारी जिला के वेबसाईट **sitamarhi.bih.nic.in** पर देखा जा सकता है। कार्यदिवस में वाहन के अवलोकन के संबंध में अथवा नीलामी से संबंधित अन्य जानकारी हेतु निरीक्षक मद्यनिषेध, सदर अनुमण्डल, सीतामढ़ी (मो0 नं0-9473400672) से सम्पर्क किया जा सकता है।
उक्त सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

समाहर्ता-सह-जिला दण्डाधिकारी,
सीतामढ़ी

PR. No. 022927 (Excise) 2025-26 सुरक्षित जीवन अपनाओ, अपनी नियमित एच.आई.वी. जाँच करवाओ।

motherson

MOTHERSON SUMI WIRING INDIA LIMITED
Regd. Office: Unit No. 705, C-Wing, ONE BKC, G Block, Bandra Kurla Complex, Bandra East, Mumbai, Maharashtra-400051, India
Tel No. 022-61354800, Fax: 022-61354801, Email: investorrelations@mswil.motherson.com, Website: www.mswil.motherson.com
CIN - L29306MH2020PLC341326

UNAUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND NINE MONTHS ENDED DECEMBER 31, 2025

INR in Crores

	Particulars	Three Months ended			Nine Months ended		Year ended
		31.12.2025 (Unaudited)	30.09.2025 (Unaudited)	31.12.2024 (Unaudited)	31.12.2025 (Unaudited)	31.12.2024 (Unaudited)	31.03.2025 (Audited)
1	Total income from operations	2,888.02	2,762.67	2,300.86	8,145.58	6,821.07	9,332.20
2	Net Profit / (Loss) for the period before tax (before exceptional items)	199.54	221.00	184.64	610.17	585.72	805.41
3	Net Profit / (Loss) for the period before tax (after exceptional items)	199.54	221.00	184.64	610.17	585.72	805.41
4	Net Profit / (Loss) for the period after tax (after exceptional items)	149.44	165.34	139.98	457.88	440.93	605.86
5	Total comprehensive Income for the period (Comprising Profit/(Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax))	152.23	165.67	138.93	451.05	433.34	596.23
6	Paid up Equity Share Capital (of INR 1/- each)	663.17	663.17	442.11	663.17	442.11	442.11
7	Reserves (excluding Revaluation Reserve)						1,256.20
8	Earnings Per Share (of INR 1/- each) - Basic and Diluted (not annualised)	0.23	0.25	0.21	0.69	0.66	0.91

Note:

a) The above is an extract of the detailed format of Quarterly/Nine months financial results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Quarterly/Nine months financial results is available on the websites of the Stock Exchange(s) and the listed entity (www.nseindia.com, www.bseindia.com and www.mswil.motherson.com).

Scan the QR Code to view the results on the website of the company

Place: Dubai
Date: January 30, 2026

By Order of the Board of Directors
For **Motherson Sumi Wiring India Limited**
-sd-
V. C. SEHGAL
Chairman
DIN No. :- 00291126

Proud to be part of samvardhana motherson

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 31-01-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMTEN User: cci Time: 01-30-2026 22:48 Color:

संवाद

नवभारत टाइम्स

नवभारत टाइम्स । मुंबई । शनिवार, 31 जनवरी 2026

ख़त्म होगा संकोच

संवैधानिक अधिकार है मेंस्ट्रुअल हाइजीन

सुप्रीम कोर्ट ने मेंस्ट्रुअल हाइजीन को संविधान में दिए गए जीवन के अधिकार और निजता के अधिकार का अभिन्न हिस्सा माना है। अदालत के आदेश और टिप्पणियों से ही स्पष्ट हो जाता है कि यह केवल कानूनी व्यवस्था से जुड़ा मामला नहीं, सामाजिक व्यवस्था में बदलाव की पहल है। शीर्ष अदालत ने इस असहज सच्चाई को स्वीकार किया है, जहां पीरियड्स पर सार्वजनिक बात करना आज भी वर्जित है।

आदेश मानना ही होगा । एक याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को स्कूलों में छात्राओं को मुफ्त बायोडिग्रेडेबल सैनिटरी नैपकिन उपलब्ध कराने का आदेश दिया है। हर स्कूल में लड़कियों के लिए अलग शौचालय होना चाहिए। सरकार और निजी - आदेश दोनों तरह के स्कूलों पर लागू होगा।

SC का फैसला

सख्ती जरूरी । इस फैसले की खास बात है कि इसमें निजी स्कूलों को जवाबदेही के दायरे में लाया गया है। अगर कोई प्राइवेट स्कूल आदेश का पालन नहीं करता, तो उसकी मान्यता रद्द की जा सकती है। इतनी सख्ती इसलिए जरूरी है, क्योंकि अगर कोई संस्थान छात्राओं की बुनियादी मानवीय जरूरतें में लापरवाही बरत रहा है, तो यह उम्मीद भी धुंधली हो जाती है कि वह शिक्षा देने के अपने कर्तव्य का सही से पालन कर पाएगा।

समान अधिकार । पिछले साल नवंबर में हरियाणा की एक यूनिवर्सिटी में 3 महिला सफाई कर्मियों से पीरियड्स के सबूत के तौर पर सैनिटरी पैड्स की तस्वीरें मांगी गई थीं। वही से यह मामला सुप्रीम कोर्ट में पहुंचा और जरूरी है कि अब बहस केवल स्कूलों तक सीमित न रहे। पीरियड्स को लेकर असहजता महिलाओं की प्रगति में हर कदम आड़े आती है। कई बार इस वजह से उन्हें आगे बढ़ने के समान मौके भी नहीं मिल पाते। हालांकि कुछ राज्यों में मेंस्ट्रुअल लीव का प्रावधान है।

झिझक टूटेगी । मासिक धर्म कोई बीमारी नहीं, सहज जैविक प्रक्रिया है। इसके बावजूद इसे शर्म, संदेह और अपमान से जोड़ा जाता है। एक लड़की से उम्मीद की जाती है कि वह पीरियड्स के दर्द को बताए नहीं, सहन करे। ऐसी परंपराएं आज भी जीवित हैं, जहां मासिक धर्म से गुजर रही महिला को अलग-थलग रहना पड़ता है। सदियों से यह बात बैठा दी गई है कि उन्हें पीरियड्स पर बात नहीं करनी। सुप्रीम कोर्ट ने मेंस्ट्रुअल हाइजीन को संवैधानिक अधिकार बनाकर इसी संकोच को तोड़ने की कोशिश की है। जब छात्राएं स्कूलों में बिना झिझक के सैनिटरी नैपकिन मांग सकेंगी, तो परिवर्तन सम्मान में भी दिखेगा।

अंतर्दृष्टि

बच्चों को स्ट्रेस मत दो, उन्हें जीवन जीना सिखाओ

बोर्ड परीक्षाओं का समय आते ही घरों का माहौल बदल जाता है। किताबों के पन्ने भारी हो जाते हैं, कमरों में सन्नाटा बढ़ जाता है। बातचीत का एक ही विषय रह जाता है - अंक, रैंक और परिणाम। माता पिता अपने-अपने ढंग से चिंतित होते हैं। उन्हें लगता है कि यह समय निर्णायक है, यहीं से बच्चे का भविष्य बनेगा या बिगड़ेगा। इसी चिंता में वे अनजाने में बच्चों पर अपेक्षाओं का बोझ डाल देते हैं। हम अपने बच्चों को भविष्य के लिए तैयार करते हैं। अच्छे अंक लाओ, अच्छी लाइन चुनो, अच्छे संस्थान में जाओ, अच्छी नौकरी पाओ। यह सब कहते हुए हमें लगता है कि हम उनका भला कर रहे हैं। पर इस प्रक्रिया में हम एक बुनियादी बात भूल जाते हैं - हम उन्हें जीवन के लिए तैयार नहीं कर रहे।

सुंदर चंद ठाकुर

जीवन केवल परीक्षाओं से नहीं बनता। जीवन में असफलताएं आती हैं, भ्रम आते हैं, रिश्तों की उलझनें आती हैं, अकेलापन आता है और ऐसे प्रश्न आते हैं, जिनका कोई पाठ्यक्रम नहीं होता। यदि बच्चा केवल अंक लाने की मशीन बनकर बड़ा हुआ है, तो वह इन क्षणों में टूट जाता है। क्योंकि हमने उसे जीतना सिखाया, जीना नहीं। अक्सर माता पिता कहते हैं कि हम दबाव इसलिए डालते हैं, ताकि बच्चा बेहतर कर सके। पर बच्चा दबाव और प्रोत्साहन के फर्क को नहीं समझ पाता। उसके लिए यह सीधा संदेश होता है कि मेरी कीमत मेरे अंकों से तय होगी। अगर अंक अच्छे आए, तो मैं स्वीकार्य हूं। नहीं आए, तो निराशा बन जाऊंगा। यही सोच धीरे धीरे उसके भीतर भय और असुरक्षा भर देती है। परीक्षा एक पड़ाव है, जीवन नहीं। परिणाम एक संख्या है, पहचान नहीं। पर जब हम हर बातचीत को परिणाम से जोड़ देते हैं, तो बच्चे का मन संकुचित हो जाता है। वह पढ़ता है, पर डर के साथ। वह मेहनत करता है, पर आनंद के बिना। और डर के साथ किया गया कोई भी प्रयास अंततः मन को कमजोर करता है। हमें बच्चों को यह भी सिखाना चाहिए कि वे केवल माता-पिता की आकांक्षाओं का किरदार नहीं हैं। इस समय माता-पिता को सबसे अधिक जिस चीज की जरूरत है, वह है धैर्य। कम बोलना, अधिक सुनना। कम तुलना करना, अधिक विश्वास दिखाना। बच्चे को यह एहसास दिलाना कि तुम जैसे हो, वैसे ही स्वीकार्य हो। अंक आएंगे, रास्ते बनेंगे, पर तुम्हारा होना हमसे अलग नहीं होगा।

यदि हम बच्चों को जीवन के लिए तैयार करें, तो भविष्य अपने आप संभल जाता है। पर यदि हम केवल भविष्य के पीछे भागें और जीवन को भूल जाएं, तो हम एक पीढ़ी को सफल तो बना सकते हैं, पर शांत नहीं। बोर्ड परीक्षाएं आएंगी और चली जाएंगी। पर इन दिनों में बच्चे के भीतर जो भाव बैठता है, वह जीवन भर साथ चलता है। सवाल यह है कि हम उसमें भय बोना चाहते हैं या भरोसा। क्योंकि भरोसे के साथ बढ़ा हुआ बच्चा ही सच्चमुच जीवन में आगे जाता है - न केवल कागजों पर, बल्कि भीतर से भी।

ऑफ़ दि ट्रैक

कृत्रिम फेफड़ों ने बचाई जान

दिलीप लाल

गंभीर संक्रमण के हालात में लंग्स ट्रांसप्लांट चिकित्सा विज्ञान की सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक माना जाता है। लेकिन वैज्ञानिकों ने कृत्रिम फेफड़े के रूप में इसका समाधान खोज निकाला है। वर्ष 2023 में सेंट लूइस के 33 वर्षीय एक मरीज को पहले इन्फ्लुएंजा-B हुआ था। बाद में तेजी से Pseudomonas aeruginosa नामक एंटीबायोटिक-प्रतिरोधी बैक्टीरिया का संक्रमण फैलने लगा। फेफड़ों के ठीक होने की कोई उम्मीद नहीं थी। लेकिन डॉक्टरों की टीम ने मरीज के दोनों खराब फेफड़े निकाल दिए और बॉडी को विशेष रूप से डिवाइस कृत्रिम फेफड़ों से जोड़ दिया। यह सिस्टम हृदय के दाहिने हिस्से से रक्त लेकर उसमें ऑक्सिजन मिलाता है, कार्बन डाइऑक्साइड निकालता है और फिर रक्त को हृदय के बाएं हिस्से में भेज देता है। इससे दिल में रक्त प्रवाह बना रहा। यह प्रक्रिया पारंपरिक जीवन रक्षक प्रणाली ECMO से अलग है। इसके सहारे मरीज को 48 घंटे तक जीवित रखा गया। संक्रमण फेफड़े हटते ही संक्रमण तेजी से नियंत्रित हुआ और साथ ही नया फेफड़ा प्रत्यारोपित कर दिया गया। दो साल बाद भी मरीज पूरी तरह स्वस्थ है। Northwestern University Feinberg School of Medicine, Chicago का यह शोध हाल ही में Med पत्रिका में प्रकाशित हुआ है।

भारत-EU डील व्यापार से बढ़कर, दोनों को एक-दूसरे की ज़रूरत

ये क्यों है मदर ऑफ़ ऑल डील्स

यूरोपीय कमिशन की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने इस सप्ताह ऐलान किया कि भारत और EU ने अब तक की सबसे बड़ी डील कर ली है। यह बिल्कुल सही हो सकती है। यह अब तक का सबसे बड़ा द्विपक्षीय मुक्त व्यापार समझौता ही नहीं, अब तक का सबसे विस्तृत और सहयोगात्मक समझौता भी है।

एन. चंद्रशेखरन

समय महत्वपूर्ण । इस डील को आकार देने में भले बरसों लगे, लेकिन यह जिस समय पूरा हुआ है, उसका महत्व खास है। यह डील आधुनिक FTA के लिए आदर्श है, जो बताती है कि नियमों और मानकों में बेहतर तालमेल व एक-दूसरे की घरेलू प्राथमिकताओं का सम्मान किए बिना कोई भी व्यापार समझौता सार्थक नहीं हो सकता।

भारत में निर्माण । लागू होने के बाद यह समझौता करीब दो अरब लोगों को कवर करेगा। इसका इकॉनमिक साइज होगा 25 ट्रिलियन डॉलर यानी वैश्विक GDP का 25% और कुल वैश्विक व्यापार का एक तिहाई। इससे मैन्युफैक्चरिंग, सर्विसेज और रिसर्च व इनोवेशन में लाखों रोजगार पैदा होंगे। व्यापारिक बाधाएं कम होने से भारत को विकसित बाजार तक पहुंच मिलेगी। इससे यूरोप के टेक सेक्टर को बढ़ावा मिलेगा। इस समझौते के होते ही एक बड़ी यूरोपीय कंपनी के प्रमुख ने मुझसे कहा कि वह भारत में निर्माण के लिए तैयार हैं। यही भावना दूसरी कंपनियों की भी है।

उद्योग को बढ़ावा । भारत और यूरोप के बीच द्विपक्षीय व्यापार अभी 136 अरब डॉलर है। 2032 तक यह बढ़कर 250 अरब डॉलर हो सकता है। जब नए बाजार तक पहुंचने की बाधाएं दूर होंगी, तो दोनों के छोटे और मध्यम उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा। भारतीय कंपोनेंट्स से टैरिफ कम होगा, तो यहां बने पार्ट्स यूरोपीय मैन्युफैक्चरिंग कंपनियों में इस्तेमाल हो सकेंगे। उदाहरण के लिए भारतीय प्लास्टिक, केमिकल्स, इंजीनियरिंग और इलेक्ट्रिकल कंपोनेंट्स अब ऑटोमोटिव मशीनरी, वैकल्पिक ऊर्जा और डिफेंस सप्लाई चेन का हिस्सा बन सकते हैं। इस समझौते में पश्चिमी यूरोप और भारत के बीच दुनिया का सबसे बड़ा इकॉनमिक कॉरिडोर बनाने की क्षमता है। मेरा व्यक्तिगत रूप से मानना है कि भारत में सैकड़ों नई फैक्ट्रियां स्थापित होंगी।

तुरंत फायदा । समझौते से होने वाला अरबों डॉलर का लाभ देश के उन उद्योगों तक पहुंचेगा, जहां सबसे ज्यादा लोगों को काम मिलता है, खासकर ग्रामीण इलाकों की छोटी फैक्ट्रियों में। इसमें टेक्सटाइल, रत्न-आभूषण, कपड़े, फुटवियर और समुद्री उत्पाद जैसे कई क्षेत्र शामिल हैं। भारतीय ग्राहकों को बाजार में और ज्यादा वैरायटी मिलेगी। कुल मिलाकर, आने वाले बरसों में ये सेक्टर एक से 1.2 करोड़ रोजगार पैदा कर सकते हैं। FTA से लगभग 75 अरब डॉलर के नए भारतीय उत्पादों के लिए रास्ता खुलेगा।

विशेषताओं का लाभ । तुरंत मिलने वाले फायदों के अलावा इस ऐतिहासिक समझौते के लंबे वक्त के फायदों को भी देखना चाहिए। दोनों पक्षों में तरक्की की साझा इच्छा है। दोनों ही साइंस, रिसर्च और डिफेंस में नजदीकी सहयोग चाहते हैं। यूरोप के पास चीजें बनाने का बरसों का अनुभव है, अब उसे कम लागत और गति चाहिए। दूसरी ओर, भारत की ताकत है बड़े पैमाने पर काम करना, टेक्निकल स्किल, समस्याएं हल करने की क्षमता और कम लागत में तेजी से चीजें बनाने का अनुभव।

रिसर्च को बढ़ावा । यह FTA बड़े बदलाव लाने वाला है, खासकर वैज्ञानिक रिसर्च और तकनीक में। भारत 'Horizon Europe' से जुड़ने पर विचार करेगा, जो दुनिया का सबसे बड़ा रिसर्च प्रोग्राम है। इससे भारतीय रिसर्चर्स को यूरोपीय रिसर्चर्स के साथ बराबरी के स्तर पर काम करने का मौका मिलेगा। इसके अलावा भारत और यूरोप AI, सेमीकंडक्टर, मटीरियल साइंस, क्लीन टेक्नोलॉजी, हेल्थ और सैनिटेशन जैसे क्षेत्रों में भी मिलकर काम करेंगे। दोनों पक्षों के डिजिटल वॉलेट को जोड़ने की कोशिश होगी।

संसाधनों तक पहुंच । भारत के पास क्वालिफाइड नहीं, संसाधनों की कमी रही है। जब भी हमें संसाधन मिले, हमने बड़े स्तर पर अच्छा करके दिखाया। कोरोना में हमने अडवांस्ड मैन्युफैक्चरिंग में तेज तरक्की की। तय है कि भारत सेमीकंडक्टर, अडवांस्ड बैटरी और जरूरी हार्डवेयर के क्षेत्र में भी क्षमता विकसित कर लेगा।

कम होगा प्रदूषण । यह डील डिफेंस में भी दोनों को साथ लाती है। भारत के लोग यूरोप में काम कर सकेंगे, स्टूडेंट्स वहां पढ़ सकेंगे। वहीं, उम्रदराज होती आबादी वाले यूरोप को स्किल्ड युवा मिलेंगे। अपने उत्पादन और उपभोक्ता मानकों को बेहतर करने व कार्बन उत्सर्जन को कम करने के लिए हमें इतना बड़ा आर्थिक प्रोत्साहन कभी नहीं मिला था। भारत ग्लोबल वैल्यू चेन का अहम हिस्सा बन सकता है। देश में कामगार ज्यादा सुरक्षित और स्वस्थ होंगे, प्रदूषण पर लगाम लगेगी।

(लेखक टाटा संस के चेयरमैन हैं)

FTA से फायदा

- यूरोपीय कंपनियां भारत में निवेश बढ़ाएंगी
- ग्लोबल सप्लाई चेन का हिस्सा बनेगा भारत
- इसी बहाने प्रदूषण कम करने पर होगा काम

5 पॉइंट

क्यों घायल हुआ रुपया

इस साल डॉलर के मुकाबले रुपया 2% तक नीचे जा चुका है। भारतीय मुद्रा एक डॉलर की तुलना में 92 के करीब पहुंच गई है। इस गिरावट की वजह क्या है, अमेरिका किस तरह असर डाल रहा, समझते हैं :

1 FII की निकासी
विदेशी संस्थागत निवेशक (FII) शेयर और बॉन्ड बेचकर भारत से लगातार अपनी रकम निकाल रहे हैं। इससे रुपये को डॉलर में बदलना पड़ रहा है। लिहाजा, रुपये के मुकाबले डॉलर मजबूत हो रहा है।

2 ब्याज का खेल
अमेरिका में ब्याज दरों में कमी की गुंजाइश फिलहाल नहीं दिख रही है। अमेरिकी केंद्रीय बैंक अभी रेट घटाने के मूड में नहीं है, यानी अमेरिका ज्यादा ब्याज का लालच देकर ज्यादा निवेश आकर्षित कर रहा।

3 ट्रंप का टैरिफ
डॉनल्ड ट्रंप की टैरिफ पॉलिसी से सबसे ज्यादा असर भारत पर पड़ा है। हिंदुस्तान से जाने वाले सामान पर 50% टैरिफ है अमेरिका में। इससे चिंता बढ़ी है कि निर्यात प्रभावित होगा और डॉलर कम आएगा।

4 कच्चे तेल में उबाल
US लगातार ईरान को धमकी दे रहा है। टकराव हुआ तो ग्लोबल ऑयल सप्लाई प्रभावित होगी। पिछले हफ्ते कच्चा तेल 4% महंगा हो गया। चूंकि भारत ज्यादातर तेल आयात करता है, इसलिए उस पर दबाव है।

5 RBI का दखल
रिजर्व बैंक रुपये की गिरावट को थामने की कोशिश में है। RBI डॉलर बेचकर रुपये को संभाल रहा है, लेकिन किसी तय लेवल को बचाने की गारंटी नहीं है। तेज गिरावट को थामना मकसद है।

प्रस्तुति: अभिषेक मिश्र

www.nbt.in

कहीं सौ रुपये तो कहीं बीस डॉलर

हवाई अड्डों पर खूब चलना पड़ता है। भारत में तो फिर भी ठीक, लेकिन विदेश में एक टर्मिनल से दूसरे पर जाने में थकान ही आ जाती है। इस बार बच्चों ने हमारे लिए हर जगह वील चेयर बुक करा दी थी। दिल्ली में जो लड़के हमें ले गए थे, वे उड़ान से पहले वहां छोड़ गए, जहां कुछ खा-पी सकते थे। आराम से बैठ सकते थे। जहाज के दरवाजे पर उतरकर उन्हें सौ-सौ रुपये दिए। ज्यूरिख, स्विट्जरलैंड से दूसरी उड़ान थी, जिनेवा के लिए। जिनेवा में कुछ दिन रुककर, हमें अमेरिका जाना था। चलते हुए बेटे ने कहा था कि वहां वील चेयर वालों को बीस-बीस डॉलर दे दें। पूछने पर बोला, 'वहां वे लोग इसकी उम्मीद करते हैं। वे बहुत कम पैसे में काम करते हैं।'

जिनेवा में वील चेयर वाले ने हमसे पूछा कि क्या हम भारत से हैं? फिर बताया कि उसके माता-पिता अक्सर भारत जाते रहते थे। 'कहां' पूछने पर कहा, 'स्पिरिचुअल कारणों से।' यहां उसने पैसे लेने से भी इनकार कर दिया। खैर, अमेरिका में पहले वॉशिंगटन पहुंचे, वहां से हमें न्यू यार्क स्टेट के शहर इथका जाना था। दूसरे टर्मिनल से ही उड़ान थी।

खुद अपनी आंख से

क्षमा शर्मा

लेकिन यहां वील चेयर वाले आ गए। एक गोरा, एक अश्वेत। गोरे व्यक्ति ने कहा कि आपको बहुत दूर ले जाना है। मैंने कहा, कोई बात नहीं मैं आपको कुछ पैसे दे दूंगी। वह सुनते ही उसके चेहरे से चिढ़ और तनाव का भाव गायब हो गया। उसने कहा, अगर हमें कॉफी पीनी हो या बाथरूम जाना हो तो वे रुक सकते हैं। पहुंचकर जब दोनों को बीस-बीस डॉलर दिए, तो वे खुश हो गए। तीन हफ्ते बाद हमने न्यू यॉर्क से जिनेवा के लिए ही उड़ान ली।

लौटकर जब दिल्ली के टर्मिनल तीन पर उतरे तो एक लड़का वील चेयर लेकर खड़ा था। उससे पूछा, 'दूसरा साथी कहां है? हम तो दो हैं'। वह बोला, 'मैं अकेला ही हूं, लेकिन आपको ले चलूंगा।' मैंने पति की ओर इशारा करते हुए कहा, 'कोई बात नहीं, तुम इन्हें ले चलो, मैं पैदल ही चलूंगी', लेकिन उसने मुझे जबर्दस्ती बिठाया। कहा- आंटी जी आपको कोई दिक्कत नहीं होगी। वह अकेला लड़का दो वील चेयर खींच रहा था। उससे पूछा कि इतनी रात में काम करते दिक्कत नहीं होती? वह बोला, 'क्या करें, एअरलाइन ऐसी ही ड्यूटी लगाती है। अंतरराष्ट्रीय उड़ानें रात में ही आती हैं।' तो क्या वह एअरलाइन का कर्मचारी है? वह बोला- नहीं। हमें तो ठेकेदार रखवाता है।

एक अजीब सा दुःख घेरने लगा। जब वह नौजवान उम्रदराज हो जाएगा, तब क्या करेगा? इनके लिए तो किसी के पास कोई सामाजिक सुरक्षा तक नहीं। बाहर आकर एक हजार रुपये दिए। लगा कि अमेरिका के मुकाबले कितने कम दिए हैं। मगर वह कहने लगा, 'ये तो बहुत ज्यादा हैं।' घरे से इतना ही कह पाई, 'रख लो।' उसने अपनत्व भरी मुस्कान बिखेरी और पैसे जेब में रख लिए।

चलते-चलते...

ब्राजील के दक्षिणी तट पर 5,000 वर्ष पुराने ह्वेल की हड्डी के अवशेष मिले हैं। Nature Communications में प्रकाशित इस अध्ययन से खुलासा हुआ है कि वहां के आदिवासी इसका शिकार करते थे। शोध से यह भी संकेत मिला है कि इस क्षेत्र से विलुप्त हंपबैक ह्वेल फिर से यहां अस्तित्व में आ सकती है।

शास्त्रीय संगीत की शुद्धता से खिलवाड़ न हो

*उनकी उम्र 83 पार है लेकिन दिल्ली की ठंड में पिछले दिनों स्वामी हरिदास तानसेन संगीत नृत्य महोत्सव का संयोजन करते हुए उनकी सक्रियता देखते ही बन रही थी। पद्मभूषण, संगीत नाटक अकादमी अवार्ड और कालिदास सम्मान से सम्मानित वरिष्ठ कथक नृत्यांगना उमा शर्मा पिछले दो दशकों से अधिक समय से इसका आयोजन करती आई हैं, जिसमें दिग्गज कलाकार शिरकत करते हैं। रास और हिंदी-उर्दू की काव्य- रचनाओं पर अभिनय से वह कथक को नया विस्तार देती हैं लेकिन उमा शर्मा कथक के बदलते स्वरूप से खुश नहीं हैं। **आलोक पराड़कर** से बातचीत में उनकी यह नाराजगी स्पष्ट झलकती है, प्रमुख अंश:*

सप्ताह का इंटरव्यू

उमा शर्मा

■ एक नृत्यांगना के साथ ही स्वामी हरिदास-तानसेन संगीत नृत्य महोत्सव जैसे बड़े संगीत समारोह के संयोजक के तौर पर आप हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत की लंबी यात्रा की साक्षी है। शास्त्रीय संगीत में क्या परिवर्तन देखती है?

मुझे नहीं लगता कि हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत में परिवर्तन की बहुत जरूरत है। वास्तव में यह संभाल कर रखने की चीज है। इसके रागों, बंदिशों को विरासत की तरह बचाए रखने की जरूरत है। इसकी शुद्धता, इसकी पवित्रता से कोई समझौता नहीं होना चाहिए। महोत्सव में नई पीढ़ी के कलाकारों के कार्यक्रम भी होते हैं, मैं उन्हें प्रोत्साहित करती हूं लेकिन मेरी उनको हमेशा यही सलाह होती है कि आप अपने पहनावे में, रहन-सहन में, विचारों में चाहे जितने आधुनिक हो जाएं लेकिन संगीत में उसके स्वरूप से कोई खिलवाड़ न हो।

■ लेकिन कथक में तो लगातार प्रयोग हो रहे हैं, आप उन्हें देखती भी होगी?

अरे पूछिए मत। मैं बहुत निराश हो जाती हूं। आजकल की नृत्यांगनाएं पता नहीं क्या-क्या कर रही हैं। पंडित बिरजू महाराज से मेरी बहुत बातें होती थीं। वे भी मानते थे कि नए कलाकार कथक को बहुत आधुनिक बना रहे हैं, तरह-तरह के प्रयोग कर रहे हैं। ऐसे प्रयोगों से बात नहीं बनती है। कथक अब वह नहीं है, जो पहले था। मैं जब भी प्रस्तुति करती हूं या सिखाती हूं, मैं इसकी शुद्धता को बनाए रखने का प्रयास करती हूं।

■ स्वामी हरिदास-तानसेन संगीत नृत्य महोत्सव ने तो कई दशक की यात्रा पूरी कर ली है?

करीब 35 साल पहले वृंदावन में गोपाल गोस्वामी जी ने इसकी शुरुआत की थी, निधि वन में। फिर वहां से थोड़ा बाहर निकलकर इसका आयोजन हुआ लेकिन गोस्वामी जी की तबीयत खराब होने से इसका आयोजन बंद हो गया। मुझे इसकी जानकारी हुई तो हमने दिल्ली में इसका आयोजन शुरू करने पर विचार किया। श्रीराम सेंटर फॉर परफॉर्मिंग आर्ट्स के प्रबंध न्यासी विनय भरत राम और उद्यमी एवं समाजसेवी शिव नाडर जुड़े, हमें मार्डन स्कूल का सभागार मिल गया और शुरुआत हो गई।

■ दिल्ली में इसके आयोजन को कितने वर्ष हो चुके है, इसे दूसरे संगीत समारोहों से किस प्रकार भिन्न माना जा सकता है?

महोत्सव का यह 27 वां वर्ष था। मेरा प्रयास रहता है कि संगीत के जो भी दिग्गज कलाकार हैं, वे इसमें भाग लें और युवा पीढ़ी उन्हें सुनें। हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत के सभी प्रसिद्ध कलाकार इसमें भाग ले चुके हैं, मैं किन-किन का नाम लूं। जैसे ही समारोह समाप्त होता है, हम अगले साल उनकी उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए उनसे बातचीत शुरू कर देते हैं। शुरू के वर्षों में बहुत कम श्रोता होते थे। मुझे याद है कि तब प्रसिद्ध सितार वादक पंडित रविशंकर ने मुझसे कहा था कि देखना एक समय आएगा जब कई हजार श्रोता इसे देखने-सुनने आएंगे। उनकी बात सच साबित हुई है। अब सभागार खचाखच भरा होता है। श्रोताओं में ज्यादातर युवा होते हैं।

> **कथक में लगातार प्रयोग से मुझे काफी निराशा होती है। पंडित बिरजू महाराज से मेरी बहुत बातें होती थीं, निधन के कुछ समय पहले तक मेरी बातें होती रहीं। वे भी मानते थे कि नए कलाकार कथक को बहुत आधुनिक बना रहे हैं, तरह-तरह के प्रयोग कर रहे हैं। ऐसे प्रयोगों से बात नहीं बनती है। कथक अब वह नहीं है, जो पहले था।**

■ आप आज भी नृत्य प्रदर्शन करती है। कथक से जुड़ी दूसरी क्या गतिविधियां रहती है?

मैंने लखनऊ घराने के पंडित शंभू महाराज के साथ ही जयपुर घराने के पंडित सुंदर प्रसाद जी से कथक की तालीम ली है। मैं कथक की इस विरासत को आगे की पीढ़ी को उसी शुद्धता के साथ सौंपना चाहती हूं। अपने नृत्य विद्यालय में आज भी प्रशिक्षण देती हूं। कुछ दूसरे प्रशिक्षक भी होते हैं। कथक की जो प्राचीन परंपरा है, उसी के अनुसार नई पीढ़ी को ठोस प्रशिक्षण देने का मेरा प्रयास है।

■ आपने कथक को विस्तार दिया है, रास हो या फिर भक्ति काल से लेकर आधुनिक कवि, आप कथक में उनकी रचनाओं पर नृत्य प्रदर्शन करती रही है?

सूरदास, तुलसीदास, केशवदास सहित कई कवियों की रचनाओं को मैंने कथक में प्रस्तुत किया है। प्रसिद्ध शायर मिर्जा गालिब की गजलों पर नृत्य किया है। हरिवंश राय बच्चन जी की 'मधुशाला', गोपाल दास नीरज के 'कारवां गुजर गया..' को उन कवियों के समक्ष प्रस्तुत करने का अवसर मिला। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की कविताओं को भी कथक में प्रस्तुत किया है।

रीडर्स मेल

▶ ट्रंप और लोकप्रियता

अक्सर लोग नादानी में पैर पर कुल्हाड़ी मार लेते हैं, पर अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने अपनी हरकतों से कुल्हाड़ी पर ही अपना सर मार दिया है। उन्होंने अनेक देशों पर भारी टैरिफ लगाई, यह ध्यान दिए बिना कि अंततः उसका बोझ उन्हीं के देश के ग्राहकों को झेलना पड़ेगा। टैरिफ के कारण आपूर्ति में कमी आई है। उसकी पूर्ति के लिए वैकल्पिक विक्रेताओं की खोज हुई, जो कि स्वाभाविक रूप से महंगे साबित हुए। गुणवत्ता के लिए भी समझौता करना पड़ा। इन्हीं कारणों से अमेरिका में ट्रंप की लोकप्रियता में अप्रत्याशित कमी आई है। ट्रंप के दूसरे कार्यकाल के प्रथम वर्ष में मात्र 6 लाख लोगों को नौकरी मिली, जबकि पिछले वर्ष 22.68 लाख लोगों को नौकरी मिली थी। वेनेजुएला पर आक्रमण और ग्रीनलैंड पर कब्जे की धमकी से उनकी छवि आक्रांता की बन रही है।

धर्मेंद्र नाथ रस्तोगी, ईमेल से

▶ अदालत का 'संदेश'

नवभारत टाइम्स में 30 जनवरी को छपा संपादकीय 'सुधार का मौका' मनन योग्य है। सुप्रीम कोर्ट ने UGC के नए नियमों पर रोक लगाकर यह संकेत दिया है कि समानता के नाम पर लाए गए नियम यदि अस्पष्ट हों और दुरुपयोग की आशंका पैदा करें, तो वे सामाजिक संतुलन बिगाड़ सकते हैं। अदालत ने माना कि शैक्षणिक परिसरों में भेदभाव चिंता का विषय है, लेकिन समाधान ऐसा हो, जो सभी वर्गों को सुरक्षित महसूस कराए। एक वर्ग की सुरक्षा के लिए दूसरे में असुरक्षा पैदा करना उचित नहीं। देशभर में विरोध और नियमों की व्याख्या को लेकर उठे सवालों के बीच कोर्ट ने केंद्र और UGC से जवाब मांगा और विशेषज्ञ समिति के गठन का सुझाव दिया। यह रोक किसी की जीत-हार नहीं, बल्कि नियमों में सुधार और समावेशी, जातिविहीन शैक्षणिक वातावरण की दिशा में एक अवसर है। इस दिशा में पारदर्शिता से ही सबको संतुष्टि मिल सकती है।

अमृतलाल मारू 'रवि', ईमेल से

लेडी गागा ने कहा, 'लोग ICE के कारण डरे हुए हैं'

अपने टोक्यो कॉन्सर्ट के दौरान लेडी गागा ने अमेरिका की इमिग्रेशन एजेंसी ICE (इमिग्रेशन एंड कस्टम्स एनफोर्समेंट) के खिलाफ खुलकर आवाज उठाई। लेडी गागा ने कहा, 'अमेरिका में बच्चे, परिवार और पूरे समुदाय ICE द्वारा बेरहमी से निशाना बनाए जा रहे हैं। लोगों की जिंदगियां बर्बाद हो रही हैं।'

जिस ट्रोलिंग का शिकार हुई, वो बुलिंग थी: भूमि

महिला मुद्दों पर बनी फिल्मों की बात की जाए, तो भूमि पेडनेकर का नाम सबसे आगे आता है भक्षक जैसी अपनी पिछली फिल्म से अदाकारी का लोहा मनवा चुकी भूमि इन दिनों चर्चा में हैं, ओटीटी पर आई एक और महिला मुद्दों वाली फिल्म दलदल से। उनसे एक खास बातचीत।

Rekha.Khan@timesofindia.com

आप हमेशा से महिला प्रधान फिल्मों और मुद्दों की झंडाबरदार रही हैं। आपको महिलाओं से जुड़ी क्या बात सबसे ज्यादा परेशान करती है? इस पर भूमि कहती हैं, 'सबसे ज्यादा परेशान करने वाली चीज है, वायलेंस अगेंस्ट फीमेल। महिलाओं के साथ की जाने वाली हिंसा एक बहुत घिनौना सच है और सोचनीय बात ये है कि हमें नॉर्मलाइज कर दिया गया है। कई बार मेरा मन करता है कि ऐसे लोगों के मुंह तोड़कर बंद कर दूं।'

सोशल मीडिया एक दलदल

अपनी जिंदगी में दलदल समान स्थिति के बारे में वे कहती हैं, 'जब मेरे पिता लंबी बीमारी से जूझ रहे थे। तब दिन -रात परिवार को लगता था कि कैसे उन्हें राहत दें, कैसे वो ठीक होंगे? अब जो ये सोशल मीडिया की दुनिया है, जो मुझे किसी दलदल से कम नहीं लगती। मैं अगर कहूं कि इस मामले में मेरा घड़ा भर चुका है, तो गलत न होगा। सोशल मीडिया पर इतनी ज्यादा नेगेटिविटी, फेक न्यूज और ट्रोलिंग है कि क्या ही कहें? इस दुनिया में कुछ भी रियल नहीं है। हर चीज बनावटी है, हर चीज बनाई गई है। जो जानकारी आप तक पहुंचती है, उसमें कुछ रियल नहीं है। मैं इससे बहुत ज्यादा ऊब गई हूं। मुझे लगता है, ये एक दलदल है, जिससे निकलना बहुत मुश्किल है, खास तौर पर हमारी इंडस्ट्री के लिए।'

मैं जिस ट्रोलिंग का शिकार हुई, वो बुलिंग थी

पिछले दिनों भूमि खुद काफी ट्रोल हुईं। इस पर वे कहती हैं, 'मेरे साथ पहली बार ऐसा हो रहा था कि मुझ तक इतने सारे ओपिनियन आ रहे थे। मुझे भी नहीं पता था कि इन्हें कैसे हैंडल किया जाए। मगर मैं खुशकिस्मत हूं कि मेरा परिवार, मम्मी, बहन, मेरे दोस्त और चाहने वालों की तादाद भी बहुत बड़ी है, तो वो ऐसे समय में मेरे लिए कवच बन कर खड़े हो गए, ताकि लंबे समय में मेरी मेंटल हेल्थ पर इसका असर न पड़े। देखिए, मैं इसे ट्रोलिंग नहीं बल्कि बुलिंग कहूंगी। हम इस एक्टिविटी से जिम्मेदारी को निकाल कर उसे ट्रोलिंग का नाम देते हैं, मगर असल में ये है तो बुलिंग। मैं तो स्कूल में भी बुलिंग का शिकार रही हूं। बहरहाल पब्लिक फिगर होने के नाते मैं आपके ओपिनियन के लिए तैयार हूं, मगर आप थोड़ी सवेदंशीलता बरत कर अपनी राय रखिए। अगर आप मुझसे कहते हैं कि आइ होप यू विल डाय' तो आप मुझे बुली कर रहे हो। अगर आप मनचला व्यक्ति न हो और इन चीजों का इस पर गहरा प्रभाव पड़े, तो कौन जिम्मेदार होगा? तो मैं समझती हूं कि ये सम्मान की संयुक्त जिम्मेदारी है कि इंटरनेट पर आप किसी को बुलिंग होते देखें, तो उसे शेयर करने के बजाय नकार दें। आज तो आप देखते हैं, मजे लेते हैं और उसे आगे शेयर कर देते हैं और उनको और शह मिल जाती है। अगर आपको लगता है कि आप महज इसलिए इसका हिस्सा नहीं बनना चाहते, क्योंकि ये आपके साथ नहीं हो रहा, तो ऐसा नहीं है। आप भी इसका शिकार हो सकते हैं।'

अपनी बहन समीक्षा के साथ भूमि

मेरी बहन मेरी बेटी जैसी है

अपनी छोटी बहन समीक्षा के साथ भूमि काफी स्ट्रॉन्ग बॉन्डिंग साझा करती हैं। वे बताती हैं, 'मेरी बहन मेरी बेटी है। मैं बहुत भाग्यवान हूं कि वो मेरे पास है। मेरी बेस्ट फ्रेंड है वो और जरूरत पड़ने पर वो मेरी मां भी बन जाती है। समीक्षा मेरी सबसे बड़ी आलोचक भी है। अब जैसे हम ट्रेलिंग की बात कर रहे थे, तो अगर मैं उस दौर से निकल पाई और मुझ पर उसका महरा मानसिक प्रभाव नहीं पड़ा, मेरी मेंटल हेल्थ नहीं बिगड़ी और मैं उस दौर से उबर पाई, तो वो मेरी बहन के कारण ही।'

मिसोजनी का सामना भी किया है

महिलाओं को लेकर समाज में व्याप्त मिसोजनी (महिलाओं के प्रति घृणा) के बारे में वे कहती हैं, 'मुझे लगता है, सेक्सुअल पैट्रियार्की, वैगुअल सेक्सिस्म्, ये सब हमने पता भी नहीं होता, जब हम इसे झेल रहे होते हैं। फिल्मों सेट ही वो जगह है, जहां मुझे इस तरह के अनुभव सबसे जाना हुए हैं। जब मैंने बिजनेस के क्षेत्र में कदम रखा और हम पानी की खोज में जगह-जगह घूम रहे थे, तब मुझे कोई गंभीरता से लेता ही नहीं था, क्योंकि एक तो मैं ऐक्ट्रेस और उस पर औरत, तब मुझे बहुत मुश्किल पेश आई थी, लोगों को ये समझाने में कि यहां जेंडर मायने नहीं रखता, बल्कि हम जो काम करने आए हैं, वो महत्वपूर्ण रखता है।'

'मर्दानी' बनकर फिर छाई रानी मुखर्जी

Upma.Singh@timesofindia.com

फिल्म: मर्दानी 3
रेटिंग ★★★½☆
निर्देशक: अभिराज मीनावाला
कलाकार: रानी मुखर्जी, मल्लिका प्रसाद, जानकी बोदीवाला, प्रजेश कश्यप, हुसैनीन भड़ाचार्य आदि।
अवधि: 2 घंटे 09 मिनट
जॉनर: क्राइम थ्रिलर

साल 2014 में मर्दानी बनकर दिल्ली के गर्ल ट्राफिकिंग गैंग का सफाया और साल 2019 में फिल्म मर्दानी 2 में रानी-बन के मुंबइर ऐंपिरर का अंत करने वाली धाकड़ पुलिसवाली शिवानी शिवानी रॉय रानी रानी मुखर्जी अब मर्दानी 3 में फिर अपने उसी 'नो नॉनसेंस, ओनली ऐक्शन' अवतार में पर्दे पर लौटी है। खास बात यह है कि बच्चियों की तस्करी के जुर्म की जानी-पहचानी दुनिया होने के बावजूद फिल्म और रानी दोनों ही प्रभावी हैं।

कहानी एक बीडीआईपी की बच्ची की किडनैपिंग से शुरू होती है। साथ में उसके केयरटेकर की बेटी भी अगवा हो जाती है। इन बच्चियों को बचाने का जिम्मा मिलता है, एसएसपी शिवानी शिवानी रॉय (रानी मुखर्जी) को। शिवानी जब केस की पड़ताल में जुटती है, तो पता चलता है कि 3 महीने में 93 बच्चियां गायब हुई हैं, जिसके तार मिखाई गैंग की सरगना अम्मा (मल्लिका प्रसाद) से जुड़ते हैं। शिवानी जैसे-जैसे इस केस में घुसती है, इसकी जड़ें कहीं ज्यादा गंभीर अपराध की दलदल में धंसी होती है? क्या शिवानी इन बच्चियों को बचा पाती है? किडनैपिंग की ये वारदातें कहां तक जुड़ी होती हैं? यह जानने के लिए फिल्म देखनी होगी।

आदित्य सुहा, दीपक किंगरानी और बलनीत सिंह मरवाह की लिखी कहानी की दुनिया जानी-पहचानी है। गर्ल ट्राफिकिंग, बच्चों से भीख मंगवाना या ऑर्गन ट्रैफिकिंग की कहानियां पहले भी देखी जा चुकी हैं, पर आखिर समय का कसा हुआ स्क्रीनप्ले बांधे रखता है। इनके डायलॉग भी प्रभावी हैं। फिल्म में एक के बाद एक ट्विस्ट और टर्न भी आते हैं। हालांकि, कुछ ट्विस्ट्स का अंदाजा पहले ही लग जाता है। निर्देशन की कमान इस बार अभिराज मीनावाला ने संभाली है, जो मर्दानी की पिछली प्रेजेंटेशनों के साथ न्याय करने में सफल रहे हैं। बात करें, ऐक्टिंग की तो पूरा दारोमदार रानी मुखर्जी के कंधों पर है और वह सिंघम स्टाइल में इसे बखूबी उठाती हैं। धाकड़ अंदाज में वह जमती हैं, जो इमोशनल सीन में उनके एक्सप्रेशन देखने लायक हैं। हालांकि, कहीं-कहीं उनकी डायलॉगबाजी और लगती है। फॉरेन्सिक फाइनल के रूप में जानकी बोदीवाला ने अच्छा साथ दिया है। वहीं, अम्मा बनी मल्लिका प्रसाद का लुक और अंदाज प्रभाव छोड़ता है। जबकि, रामानुजन के रूप में प्रजेश कश्यप अपने अभिनय से चौंकाते हैं। बैकग्राउंड स्कोर टेंशन बनाए रखता है। कैमरा वर्क अच्छा है। एडिटिंग थोड़ी और कसी हो सकती थी।

क्यों देखें
सोशल मेसेज वाली थ्रिलर और रानी मुखर्जी की परफॉर्मेंस के लिए।

बिना बोले बहुत कुछ कह जाती है फिल्म

Rekha.Khan@timesofindia.com

फिल्म: गांधी टॉक्स
रेटिंग ★★★½☆
निर्देशक: किशोर पांडुरंग बेलेकर
कलाकार: विजय सेतुपति, अविनिन्द्र स्वामी, अदिति राव हैदरी, सिद्धार्थ जाधव आदि।
अवधि: 2 घंटे दस मिनट
जॉनर: साइलेंट हार्क कॉमेडी

बिना डायलॉग्स के स्टोरी टेलिंग काफी चुनौतीपूर्ण होती है और आजकल के 90 सेकेंड्स की रील वाले दौर में साइलेंट फिल्म किसी कसौटी से कम साबित नहीं होती। कुछ अरसा पहले फिल्ममेकरों ने क्रेजी और डफ्फ ये स्वाफ के जरिए मूक फिल्में बनाने का चैलेंज लिया था, मगर दर्शकों ने उसे खास तवज्जो नहीं दी थी, पर निर्देशक किशोर पांडुरंग बेलेकर की गांधी टॉक्स इस बार एक ऐसा अनोखा सिनेमाई अनुभव जरूर दे जाती है, जो खामोशी के जरिए ईमानदारी, उम्मीद और इंसानियत की बात करती है।

कहानी चॉल में रहने वाले महादेव (विजय सेतुपति) की है, जो बीमार मां, गरीबी और बेरोजगारी से जूझ रहा है। उसकी जिंदगी में सुकून है पड़ोस में रहने वाली गायत्री (अदिति राव हैदरी), लेकिन बेरोजगारी उनके प्यार में दीवार बन जाती है। दूसरी तरफ अमीर ट्यूशनपति बेसमैन (अविंद्र स्वामी) है, जिसने प्लेन क्रैश में परिवार खोया और अब आर्थिक तबाही से गुजर रहा है। किस्मत दोनों को आमने-सामने लाती है-नहीं टूटा हुआ महादेव एक खतरनाक फैसला लेने की कगार पर है और बेसमैन पहले ही जिंदगी पलटने की बड़ी चाल चल चुका है।

भारतीय सिनेमा की मूक फिल्मों की परंपरा में पुष्कर के बाद निर्देशक किशोर पांडुरंग बेलकर की यह फिल्म एक दिलचस्प अनुभव देती है। मुंबई की चॉल में शुरू होती कहानी बिना संवाद के ही माहौल रच देती है और शुरुआती क्लिक के बाद दर्शक खामोशी की इस दुनिया में डूब जाता है। फिल्म आम आदमी की परेशानियों, भ्रष्ट सिस्टम और मजबूरी में गलत रास्ता चुनने की मानसिकता को प्रभावी ढंग से दिखाती है। कुछ जगह टेक्ट और संकेतों का सहारा लिया गया है। सेकंड हाफ थोड़ा कमजोर है, लेकिन ए.आर. रहमान का बैकग्राउंड स्कोर फिल्म की आत्मा बनकर उभरता है और फीलगुड क्लाइमैक्स सुकून देता है।

अपनी सहजता और एक्टलेस परफॉर्मेंस के लिए पहचाने जाने वाले विजय सेतुपति बिना संवाद के भी भाव-भंगिमाओं से किरदार को वाजपेयर बना देते हैं। डिप्रेशन से जूझते बर्बाद बिजनेसमैन बेसमैन के रूप में अविंद्र स्वामी प्रभावशाली हैं। अदिति राव हैदरी खूबसूरती के साथ सच्चा हुआ अभिनय भी पेश करती हैं। सनकी सट्टकाइप चोर के किरदार में दिग्दर्शन नाथव मनोरंजक लगते हैं। वहीं सिद्धार्थ नमदेव, उषा नाडकर्णी और जयंत वाडकर अपनी छोटी भूमिकाओं में भी असर छोड़ते हैं।

क्यों देखें
एक्सपेरिमेंटल फिल्मों के शौकीन यह फिल्म देख सकते हैं।

मेरा गांव, मेरे पास

लखनऊ में सभी एंट्री पॉइंट पर बनाए जाएंगे भव्य प्रवेश द्वार

CM योगी ने दिए निर्देश, 7 प्रमुख मार्गों पर होगा काम

File Pic

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : यूपी की राजधानी लखनऊ में प्रवेश करते समय जल्द भव्य द्वार स्वागत करेंगे। सीएम योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में एंट्री के 7 प्रमुख मार्गों पर प्रवेश द्वार बनाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि राजधानी में प्रवेश करते ही यूपी की समृद्ध सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और ऐतिहासिक पहचान स्पष्ट रूप से दिखाई देनी चाहिए।

सीएम ने शुक्रवार शाम एक बैठक में इसकी प्रस्तावित कार्ययोजना की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि लखनऊ से प्रयागराज, वाराणसी, अयोध्या, नैमिषारण्य, हस्तिनापुर, मथुरा और झांसी की ओर जाने वाले प्रमुख मार्गों पर संबंधित सांस्कृतिक और धार्मिक गंतव्यों की पहचान को दर्शाने वाले प्रवेश द्वार बनाए जाएं।

'संगम' से 'शौर्य द्वार' तक हो स्थापित: सीएम ने कहा कि नामकरण गंतव्य की सांस्कृतिक पहचान के अनुरूप हो। मसलन राजबरेली रोड पर त्रिवेणी संगम और महाकुंभ परंपरा को दर्शाने वाला 'संगम द्वार', सुलतानपुर रोड पर श्री काशी विश्वनाथ धाम को दर्शाने वाला 'नंदी द्वार', अयोध्या मार्ग पर भगवान श्रीराम और सूर्यवंश की परंपरा पर आधारित 'सूर्य द्वार' होना चाहिए। नैमिषारण्य मार्ग (सीतापुर रोड) पर 'व्यास द्वार', हस्तिनापुर मार्ग (हरदोई रोड) पर 'धर्म द्वार', मथुरा मार्ग (आगरा रोड) पर 'कृष्ण द्वार' और झांसी मार्ग (उन्नाव रोड) पर वीरता और शौर्य का प्रतीक 'शौर्य द्वार' स्थापित किए जाएं। सभी प्रवेश द्वारों पर यूपी का राजकीय चिह्न भी हो। सीएम ने कहा कि निर्माण के खर्च के लिए कॉरपोरेट-सोशल रेस्पॉन्सिबिलिटी (CSR) फंड का उपयोग हो।

हज कमिटी सभी यात्रियों को मुहैया करवाएगी स्मार्ट वॉच

AI Image

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : हज यात्रा के लिए मक्का-मदीना जाने वाले सभी लोगों को हज कमिटी ऑफ इंडिया इस साल स्मार्ट वॉच मुहैया कराएगी। यह वॉच हज सुविधा ऐप-2.0 से कनेक्ट रहेगी। इसके जरिए कंट्रोल रूम से सभी यात्रियों की लगातार निगरानी होगी। इस साल हज यात्रा अप्रैल-मई में होनी है, जिसमें यूपी से 18,760 यात्री हज जाएंगे। यह फैसला पिछले दिनों मुंबई में हुई हज कमिटी ऑफ इंडिया की बैठक में लिया गया है। राज्य हज कमिटी के सचिव एसपी तिवारी के मुताबिक, भारी भीड़ के बीच भी इस वॉच के जरिए भारतीय यात्रियों की आसानी से पहचान हो सकेगी।

भीड़ में भी लोकेशन ट्रैकिंग से यात्री की पहचान होगी आसान

मुख्तार अंसारी गैंग के भीम सिंह की सशर्त जमानत मंजूर, कोर्ट ने दिया रिहाई का आदेश

■ NBT रिपोर्ट, प्रयागराज: इलाहाबाद हाई कोर्ट ने मुख्तार अंसारी गैंग के कथित सदस्य भीम सिंह को गैंगस्टर ऐक्ट के तहत दस साल की कैद और पांच लाख के जुर्माने की सजा के खिलाफ अपील में दाखिल जमानत अर्जी मंजूर कर ली है और सशर्त जमानत पर रिहाई का आदेश दिया है।

कोर्ट ने कहा कि वाजी का 33 आपराधिक केसों का इतिहास है। पुराने 1996-98 के पांच केसों का गैंग चार्ट का अनुमोदन निलंबिकारी गजीपुर द्वारा नहीं किया गया है। इन केसों में तीन में बरी कर दिया गया है। दो में जमानत पर है। साथ ही एक चौथाई तीन साल की सजा काट ली है। ट्रायल कोर्ट ने अधिकतम दस साल की सजा दी है। सजा के खिलाफ अपील की शीघ्र सुनवाई की संभावना नहीं है। ऐसे में जमानत पाने का हकदार है। यह आदेश न्यायमूर्ति समीर जैन ने भीम सिंह के अधिवक्ता अनय श्रीवास्तव को सुनकर दिया है। वाजी को मुख्तार अंसारी के साथ गाजीपुर की अदालत ने सजा सुनाई है। अंसारी की मौत हो चुकी है। वाजी की अपील विचाराधीन है।

कोर्ट ने कहा, वाजी के 33 आपराधिक केसों का इतिहास है

मुख्यमंत्री योगी दें अपने हिंदू होने का प्रमाण: स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद

PTI

■ NBT न्यूज, वाराणसी: ज्योतिष पीठाधीश्वर शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने शुक्रवार को वाराणसी में पत्रकारों से बातचीत में सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर तीखा हमला किया। उन्होंने कहा कि धर्म सत्ता प्रमाणपत्रों की मोहताज नहीं है, किंतु सत्ता को अपनी धार्मिक निष्ठा सिद्ध करनी होगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मुझसे शंकराचार्य होने का प्रमाण पत्र मांगा, जो सहज भाव में उनको सौंप दिया। क्योंकि सत्य को साक्ष्य से भय नहीं होता है। अब समय 'प्रमाण' लेने का नहीं, बल्कि उनको प्रमाण देने का है। मुख्यमंत्री को अपने हिंदू होने का प्रमाण देना चाहिए। हिंदू होना केवल भाषणों या मंगते तक सीमित नहीं है, इसकी कसौटी गो सेवा और धर्म रक्षा है। गोमता को राज्यमाता का दर्जा देकर वह अपने हिंदू होने का प्रमाण दे सकते हैं, अन्यथा 40 दिन बाद 11 मार्च को लखनऊ में धर्म सभा में उन्हें नकली हिंदू घोषित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जो सरकार गोवंश की रक्षा नहीं कर सकती, उसे हिंदू कहलाने का नैतिक अधिकार नहीं है।

शंकराचार्य ने कहा कि धर्म और सत्ता की निगरानी परोक्ष का अब दौर आ चुका है। स्वतंत्र भारत में गोमाता की रक्षा और गोहत्या बंदी की मांग करना ही सबसे बड़ा अपराध हो चुका है।

LUCKNOW SMART CITY LIMITED
(CIN:-U74999UP2015SGC085631)
Regd. Office:- In front of Lalbagh Girls Inter College, Lalbagh, Lucknow.-226001
e-mail: lksmartcity@gmail.com , website : www.lucknowsmartcity.com
REF/NIT.: 686/GM/P/LSCL/Health ATM/25-26 Date: 30/01/2026
REQUEST FOR PROPOSAL (RFP)
SELECTION OF SERVICE PROVIDER FOR OPERATION AND MAINTENANCE OF 90 NOS. OF THE HEALTH ATM'S INSTALLED BY LSCL
Lucknow Smart City Limited invites online proposal from reputed firms for **"Operation and Maintenance of 90 NOS. of the Health ATM'S Installed by LSCL under Smart City Mission".**
Tender document with all other details can be downloaded from www.etender.up.nic.in from **31st January 2026.**
The last date for submission of proposal is **23rd February 2026** till **1500 hrs.** Technical Proposal will be opened on **23rd February 2026** at **1630 hrs.**
For all further corrigendum/addendums in this regard, please regularly visit www.etender.up.nic.in
GENERAL MANAGER (PROJECT)

महाराष्ट्र मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लि.
(भारत सरकार और महाराष्ट्र शासन का संयुक्त उपक्रम)
पुणे मेट्रो रेल प्रकल्प
बांधकाम विभाग, कूल हेल्थ सोसायटी, डिस्ट्रिक्ट कोर्ट के नजदीक, कासारवाडी, पुणे-०५ ☎०२०-२६०५१००४
E-mail: tenders.pmrp@mahametro.org | www.mahametro.org
निविदा सूचना क्रमांक : PI-O&M-20/2026 दि. ३०/०१/२०२६
कार्य का उपशीर्षक: पुणे मेट्रो प्रोजेक्ट के २८ उपरत और भूमिगत स्थानकों के लिये, स्टील पुलों सहित २८.०४१ किलोमीटर उपरत वायाडक्ट, १२.५५ किलोमीटर सुरंग और २ डेपो का एक साल की अवधि के लिए वार्षिक निविदा मंगवाना।
इस टेंडर नोटिस (NIT) को देखने के लिए, इच्छुक बोली लगाने वाला महा-मेट्रो की www.punemetrorail.org इस वेबसाइट पर जा सकते हैं।
डॉक्यूमेंट की बिक्री, ई-प्रोक्योरमेंट प्रक्रिया, सबमिशन और अन्य डिटेल्स महाराष्ट्र सरकार के https://mahatenders.gov.in इस ई-टेंडर पोर्टल पर ३०/०१/२०२६ को १६.०० बजे से ०३/०२/२०२६ को १६.०० बजे तक उपलब्ध हैं।
कार्यकारी निदेशक (खरीद)
महा-मेट्रो, PMRP
Pune Metro : City's Transport Solution

पूर्व रेलवे
निविदा सूचना सं.: ईसीडी/डब्लयू/कॉल/टेंडर मेंटल/08/25/26, दिनांक 24.01.2026; उप मुख्य विद्युत अभियंता (पीएडी), पूर्व रेलवे, कांचरापाड़ा कर्मशाला 743145 द्वारा पूर्व रेलवे, कांचरापाड़ा कर्मशाला में नीचे उल्लेखित कार्य के निष्पादन के लिए प्रमाणित अनुभवी ठेकेदारों से खुली ई निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा सं. ईसीडी/डब्लयू/कॉल/टेंड मेंटल/08/25 26, कार्य का नाम तथा उसका स्थान: विद्युत रेल इंजनों के मोटरों निर्मित टेंड मेंटल का पुनरुद्धार, मात्रा: 30 अदद। कार्य की अनुमानित लागत: रु. 8,78,74,741; नेट बैंकिंग अथवा पेमेंट गेट वे के जरिए जमा की जाने वाली धरोहर राशि: रु. 5,89,400/ । रेलवे बोर्ड के एजेंडा 2022/सीवी I/सीटी/सीवीसी 2022/परिपत्र दिनांक 27.01.2022 (एडवांस कंसेशन लिमिट सं. 5, दिनांक 20.10.2023) के अनुसार निविदादाता कथित एकल की बोली जमानत राशि बैंक गारंटी फॉर्म के रूप में भी जमा कर सकते हैं। मूल बैंक गारंटी रेपुटेड सोर्सेज/पोर्टल्स/केवेट को बोलियां जमा करने की अंतिम तारीख से पहले (बोली खोलने तक करने की अंतिम तारीख को छोड़कर) दिनांकों की तारीख पर्यंत। बोली बांड का प्रारूप सीवीसी-आदेश 2022 में उल्लेखित है। मोनोटेलाओ से इस संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए सीवीसी आदेश 2022 (संशोधन संहिता) का अनुसरण करने का अनुरोध किया जाता है। निविदा प्रपत्र की कीमत: शून्य। सीवीसी आदेश 2022 के अनुच्छेद पार्ट-1 के अनुच्छेद सं. 3 के अनुसार सभी निविदादाताओं को ई निविदा प्रपत्र निःशुल्क जारी किए जाएंगे। कार्य समाप्त अवधि: 24 महीने। बोली जमा शुरू होने की तारीख: 07.07.2026। बोली जमा की अंतिम तारीख: 16.02.2026 को 14.45 बजे तक। निविदा खुलने की तारीख एवं समय: 16.02.2026 को अपराह्न 3.00 बजे। वेबसाइट का विवरण तथा सूचना पट्ट का स्थान जहां निविदा का परिपूर्ण विवरण देखे जा सकते हैं www.ireps.gov.in।
(MISC-578/2025-26)
विज्ञप्ति सूचना पोर्टल www.eprocurement.gov.in/ www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है
हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

दक्षिण पूर्व रेलवे – ई-निविदा
निविदा सूचना सं.: सीएमएम/जीईएस/एम/टीसी/2026/04 दिनांक: 30.01.2026
"मुख्य प्रोक्योरमेंट प्रबंधक के लिए निविदा
भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए, प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, दक्षिण पूर्व रेलवे, मुख्यालय कार्यालय (5वीं मंजिल), नया प्रशासनिक भवन, 11, गार्डन रीच रोड, कोलकाता-700043 के द्वारा खुली ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं जो वेबसाइट www.ireps.gov.in पर निम्नानुसार अपलोड कर दी गई हैं। सभी निविदाएँ 14.00 बजे बंद की जाएंगी।

क्रम सं.	निविदा सं.	अंतिम तिथि	संक्षिप्त विवरण	मात्रा	धरोहर राशि (रु. में)
1.	65255002मी	12.02.26	एक्सपीडी (हॉट एक्सल बॉक्स डिटेक्टर) डिस्टल	09 अदद	1,03,500/-
2.	25251302रे	11.02.26	कम्प्यूटर असेंबली आदि	42 अदद	3,30,070/-
3.	33253286रे	10.02.26	फिस्ट बोल्ट आदि के लिए सेकंडरी लैटरल हैंड	2570 अदद	3,18,600/-
4.	33255030	09.03.26	आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण आदि	04 सेट	6,25,400/-
5.	33261513	02.03.26	कंडेंसर विशेष एलएचबी आदि के लिए बोगी ट्रेन असेंबली	23 अदद	1,38,940/-
6.	81251804	12.02.26	औद्योगिक उपयोग के लिए लिक्विफाइड पेट्रोलियम गैस आदि	138544 किलो	2,68,690/-
7.	आईएस25242	23.02.26	मोडिफाइड इलेक्ट्रोलेटिक पेंट	3750 अदद	1,55,850/-
8.	आईसी265124	26.02.26	अन्य-इलेक्ट्रेट बैटरीयुक्त वॉल कैबिनेट बाक्स 6.5 वर्ग मिमी	5.42 एस.टी.	1,19,850/-
9.	33251471	18.03.26	एलएचबी कोचों के लिए टॉप फ्लैंज आदि	1380 अदद	1,75,870/-
10.	33255031	13.03.26	एस सिग्नल फैसिलर इंडिकेशन आदि	170 सेट	3,17,630/-
11.	जीईएस/2026/बी/7110884	05.02.26	हेलमकेस चिकन एक ड्राइटरी सर्विस आदि	02 वर्ष	7,81,096/-
12.	जीईएस/2026/बी/7117427	06.02.26	बायोमेट्रिक वेस्ट मैनेजमेंट सर्विस आदि	02 वर्ष	1,08,391/-

इच्छुक निविदाकार निविदाओं के संपूर्ण विवरण/वर्क/निविदेंट के लिए वेबसाइट www.ireps.gov.in देख सकते हैं एवं अपनी बोली ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। किसी भी परिस्थिति में इस मार्ग के लिए पेड्डाम निविदाएँ स्वीकार नहीं की जाएंगी। टिप्पणः उपरोक्त बोलीदाता सभी अन्य निविदाओं और लागूपत्रता प्रकाशित किसी भी शुद्धिपत्र में भाग लेने के लिए, www.ireps.gov.in नियमित रूप से देख सकते हैं। (PR-1123)

MUMBAI SLUM IMPROVEMENT BOARD
A REGIONAL UNIT OF
(MAHARASHTRA HOUSING AND AREA DEVELOPMENT AUTHORITY)
Tel no. - 022-66405250, E-mail - eee.east1@gmail.com
Ref no. EE/East/MSIB / etender / 95/2025-26
e-TENDER NOTICE No.95
Executive Engineer (East) Division, Mumbai Slum Improvement Board, (Unit of MHADA) Room No. 536, 4th floor, Griha Nirman Bhavan, Bandra (East), Mumbai 400 051 Phone Number (022) 66405251 is inviting Open/Regular e-Tender for the 03 number of works in the form of B1 (Percentage Rate) from the Registered contractors in the corresponding appropriate class of contractor or any Govt./Semi Govt. organization, via online e-tendering system. The detailed tender notice and Tender Documents shall be available & can be downloaded from Government of Maharashtra portal https://mahatenders.gov.in. Bidding documents can be loaded on the website. The tender Document sale start on dated 02/02/2026, 10.30 am to Document sale end date 09/02/2026, 6.15 pm. Corrigendum / Amendments if any could be published only on the https://mahatenders.gov.in website. The Competent Authority reserves the right to reject any or all the tenders without assigning any reason there of Conditional offers will not be accepted.
MHADA-Leading Housing Authority in the Nation
follow us @mhadaofficial
Sd/-
Executive Engineer (East), M. SIB Board, Mumbai
CPRO/A/49

पश्चिम मध्य रेल
खुली निविदा
निविदा कमांक: BPL-ELP-PSI-T-2026-01
दिनांक: 24.01.2026
उप मुख्य विद्युत अभियंता (प्रोजेक्ट) शाखा भोपाल, पश्चिम मध्य रेलवे भारत संघ के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्न लिखित कार्यों हेतु आवेदन निमंत्रित निविदा फार्म पर खुली निविदा आमंत्रित करता है।
निविदा सूचना कमांक : निविदा सूचना क्र. BPL-ELP-PSI-T-2026-01 दिनांक : 24.01.2026, कार्य का नाम लोकेशन सहित : पश्चिम मध्य रेलवे के भोपाल मंडल के ईटी-खंडवा (ET-KNW) खंड में 2×25 केवी ट्रैक्शन विद्युत आपूर्ति प्रणाली (स्वॉट कनेक्टेड ट्रैक्शन ट्रांसफॉर्मर सहित) हेतु 132 केवी/2×25 केवी ट्रैक्शन सब-स्टेशन तथा सेक्शनिंग पोस्ट (SP)/सब-सेक्शनिंग पोस्ट (SSP) का डिजाइन, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण एवं कमीशनिंग का कार्य। निविदा की कीमत रुपये : 1411767767.65 कार्यालय का पता जहां टेन्डर फार्म खरीदी जा सकती है : उप मुख्य विद्युत अभियंता (प्रोजेक्ट) शाखा -भोपाल, बचाना राशि रुपये : 7208600.00, समापन अवधि (माह) : 18 माह, निविदा जमा करने की तिथि एवं समय रू 11.00 बजे तक : 24/02/2026 11.00 hrs, स्थान पर जहां निविदा बॉक्स खोलने का समय : 24/02/2026 11:30 hrs, निविदा सूचना की पूर्ण जानकारी रेलवे वेब साइट "https://ireps.gov.in" उपलब्ध है। पूर्ण निविदा प्रपत्र उक्त वेब साइट से डाउन लोड की जा सकती है।
हस्ता.
उप मुख्य विद्युत अभियंता (प्रोजेक्ट)
पश्चिम मध्य रेल, भोपाल
स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

NOTE : -

[: राजस्थान पत्रिका , दैनिक जागरण delhi, नवभारत टाइम्स delhi, अमर उजाला delhi, हिन्दुस्तान delhi, Pioneer hindi delhi, जनसत्ता delhi,]

English NEWSPAPERS
[Times Of India delhi, Indian Express delhi, The Hindu delhi, Financial Express delhi, economic times delhi , the Pioneer english delhi , the tribune delhi] ETC.

We are providing all news paper pdf hindi and English want to read daily newspapers by pdf please msg me on telegram

2. आकाशवाणी (AUDIO)

whatsapp Group ka link pane ke liye Newspaper_pdf_bot par jaye.

Click here to contact:-https://t.me/Newspaper_pdf_bot
Or type in Search box of Telegram
@Newspaper_pdf_bot And you will find a channel
BACKUP GROUP LINK
https://t.me/joinchat/5P9EL1JaqoYzNTI1

Hindi-English News Paper
Website:- onlineftp.in